मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 28 | अंक : 308

जयपुर

मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

# महानगर टाइम्स

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

www.mahanagartimes.com

जयपुर, सोमवार, 29 सितंबर, 2025

जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित



12

## एशिया कप में भारत का राज 'तिलक'



**पाकिस्तान को 5 विकेट से हरा 9वीं बार जीता कप**

**तिलक वर्मा ने खेली अर्धशतकीय पारी**

**कुलदीप ने 4 विकेट लेकर तोड़ी पाक की कमर**

विशेष संवाददाता

**दुबई।** भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल मैच को जैसा होना चाहिए, ठीक वैसा ही एशिया कप-2025 का फाइनल हुआ। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में रविवार को खेले गए इस खिताबी मुकाबले में रोमांच अपने चरम पर था। अंत में भारत ने पांच विकेट से बाजी मारी और खिताब अपने नाम किया। पाकिस्तानी टीम अच्छी शुरुआत के बावजूद 19.1 ओवरों में 146 रनों पर ढेर गई। टीम इंडिया दो गेंद पहले पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया। पाकिस्तान की तरफ से साहिबजादा फरहान ने अर्धशतक जमाते हुए 57 रनों की पारी खेली। फखर जमां ने 46 रन बनाए। भारत की तरफ से तिलक वर्मा ने नाबाद 69 रनों की पारी खेली। भारत की इस एशिया कप में पाकिस्तान पर लगातार तीसरी जीत है।

### अभिषेक-गिल हुए फेल

भारत को जीत के लिए 147 रन का लक्ष्य मिला, लेकिन अभिषेक जहां जल्दी लौट गए, वहीं कप्तान सूर्यकुमार यादव भी फिर बड़े मैच में फेल हो गए। भारत का स्कोर 10 रनों पर दो विकेट था। अब सारी उम्मीदें उप-कप्तान गिल पर टिकी थीं। गिल ने भी इस मैच में निराश किया। वह भी फहीम की गेंद पर 12 रन बनाकर चलते बने। यहां से तिलक वर्मा और संजू सैमसन ने पारी को संभाला। दोनों ने सूझबूझ से भारत को मैच में वापस ला दिया था। तभी अबरार ने 13वें ओवर में फरहान के हाथों संजू को कैच कराया। संजू ने 21 गेंदों पर 24 रन बनाए। संजू के बाद आए शिवम दुबे ने हारिस रऊफ द्वारा फेंके गए 15वें ओवर में दो चौके और तिलक ने एक छक्का मार 17 रन बनाए। अगले ओवर में तिलक ने अपना अर्धशतक (41 गेंद) पूरा किया। आखिरी तीन ओवरों में भारत को जीत के लिए 30 रन चाहिए थे। 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर फहीम ने दुबे को लॉन्ग ऑन पर अफरीदी के हाथों कैच करा दिया। दुबे ने 22 गेंदों पर 33 रन बनाए। आखिरी ओवर में भारत को 10 रन चाहिए थे। तिलक ने इस ओवर में एक छक्का मारा और फिर रिंकू ने चौथी गेंद पर चौका मार भारत को जीत दिलाई।

# गो माता के कल्याण के लिए नहीं आएगी कोई कमीः शर्मा

मुख्यमंत्री भजनलाल ने श्रीकृष्ण-बलराम गो आराधन महोत्सव में स्वामी राजेन्द्र दास महाराज से लिया आशीर्वाद

- **श्रीमद् भागवत कथा में सपत्नीक हुए शामिल**
- **कामधेनु गोशाला में किया गौ-पूजन, गाय को खिलाया गुड़ व हरा चारा**

महानगर संवाददाता





**डीग।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को डीग के श्रीजड़खोर धाम में श्री कृष्ण-बलराम गो आराधन महोत्सव में पहुंचे। उन्होंने व्यासपीठ पर विराजे श्री रैवासाधाम के अग्रपीठाधीश्वर एवं मलूकपीठाधीश्वर स्वामी राजेंद्रदास महाराज का अभिवादन किया एवं आशीर्वाद लिया। इस दौरान उनकी पत्नी भी साथ रहीं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कथा में आए श्रद्धालुओं को संबोधित कर गो कल्याण के लिए स्वामी जी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और स्वामी जी को आश्वस्त किया कि गो कल्याण के लिए उनकी सरकार द्वारा हरसंभव प्रयास किया जाएगा। श्रीमद् भागवत से पूर्व मुख्यमंत्री ने सपत्नीक श्री जड़खोर गोधाम स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना की। तत्पश्चात गो धाम में उपस्थित सुरभि गोमाता का पूजन अर्चन किया और आश्रम में शिक्षा पा रहे बाल बटुकों से भी मिले।

गौरतलब है कि श्री जड़खोर गोधाम के संस्थापक राजेंद्रदास महाराज की प्रेरणा से डीग स्थित श्रीजड़खोर गोधाम में श्री कृष्ण बलराम गो आराधन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

कथा के सातवें दिन स्वामी राजेंद्रदास महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा में रविवार को कहा कि आध्यात्मिक प्रयास से ही कल्याण होगा, सिर्फ चर्चा से सद्गति नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि ब्रह्म के आगे अविद्या नहीं टिकती और संतों में गुरुत्व खोजने से गुरु वियोग मिटता है।

मुख्यमंत्री ने श्रीजड़खोर गोधाम पहुंचकर सबसे पहले शिव मंदिर में पूजा की, अखंड कीर्तन में शामिल हुए और उसके बाद पत्नी के साथ कामधेनु गोमाता सुरभि की विशेष आराधना की।

सीएम के साथ गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम और कामां विधायक नौक्षम चौधरी ने स्वामी राजेंद्रदास महाराज द्वारा श्रीमद् भागवत पाठ का श्रवण कर स्वामी जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस अवसर पर सपत्नीक श्रीमद् भागवत का पूजन भी किया।

### हमारे संत और गंगा-यमुना माता हमारी संस्कृतिः मुख्यमंत्री

महोत्सव को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बृज की रज अपने आप में निराली है। गाय माता के साथ ही हमारे संत और गंगा-यमुना माता हमारी संस्कृति है। सीएम ने कहा कि हमारी संस्कृति में वृक्ष, पहाड़, नदी पूजनीय है, क्योंकि ईश्वर का इन सभी में वास है और इसलिए हम इनकी पूजा करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने भी गौमाता की खूब सेवा की है। सीएम ने एक किस्सा बताते हुए कहा कि जब वह मुख्यमंत्री बने तो यह बात सामने आई कि गोशालाओं के लिए अनुदान कम है। संतों ने कहा कि इस अनुदान को बढ़ाकर 35 से 40 रुपए कर दिया जाए। सीएम ने कहा कि 'मैंने पूछा कि गाय का प्रतिदिन भोजन कितने में हो सकता है, तो उन्होंने बताया कि 50 रुपए प्रतिदिन में हो सकता है।' इस पर सरकार ने गाय के लिए 50 रुपए और बछड़ों के लिए 25 रुपए अनुदान की घोषणा की। भजनलाल शर्मा ने कहा कि हम गोसेवा के लिए निश्चित रूप से विशेष प्रयास कर रहे हैं।

### गौमाता हमारी आस्था और चेतना की प्रतीकः गोपाल शर्मा

**जड़खोर गोधाम पहुंचे सिविल लाइंस विधायक, राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज से लिया आशीर्वाद**



**डीग/भरतपुर।** सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा रविवार को जड़खोर गोधाम में आयोजित श्रीकृष्ण-बलराम गो-आराधन महोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने मलूकपीठाधीश्व राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया और गौ-सेवा की। विधायक शर्मा ने जड़खोर गौशाला में कामधेनु माता के दर्शन कर तुलादान किया और गायों को गुड़ व चारा खिलाया।

इस अवसर पर विधायक शर्मा ने कहा कि जड़खोर गोधाम में नवरात्र के दौरान किसी भगवान कृष्ण-बलराम गो-आराधन महोत्सव में गौसेवा का सुअवसर प्राप्त कर स्वयं को धन्य महसूस कर रहा हूं। शर्मा ने कहा कि गौमाता हमारी आस्था, सांस्कृतिक चेतना और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक हैं। पूज्य संतों का आशीर्वाद और गौसेवा जीवन को सार्थक बनाने वाला अनुपम उपहार है। यह महोत्सव हमें भारतीय संस्कृति और गौ-संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का स्मरण कराता है। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार गौमाता के कल्याण और संरक्षण के प्रति पूर्ण रूप से संवेदनशील और गंभीर है। सरकार हर संभव प्रयास करेगी कि गौसेवा और संरक्षण में कोई कमी न आए।



नवरात्र के सातवें दिन आज देवि कालरात्रि की पूजा की जाती है। ये मां दुर्गा के क्रोध से प्रकट हुआ स्वरूप है। इसलिए रोग, महामारी और हर तरह की परेशानियों से छुटकारा पाने के लिए देवी के इस स्वरूप की पूजा की जाती है। ज्योतिषाचार्य डॉ. योगेश शर्मा के अनुसार देवी कालरात्रि का स्वरूप डरावना है। देवी के इस स्वरूप की पूजा करने से दुश्मनों पर जीत मिलती है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह एकदम काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला है। इनके तीन नेत्र हैं।

**कालरात्रि पूजा मंत्र**

**एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।**
**लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥**
**वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टक भूषणा।**
**वर्धन्मूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी॥**

कालरात्रि का वाहन गर्धव अर्थात गधा है। ऐसा माना जाता है कि मां कालरात्रि ही मधु कैटभ जैसे राक्षसों का वध करने वाली देवी हैं। मां को नीला रंग प्रिय है। यह रंग दया, स्थिरता और गहराई का प्रतीक है। आज रॉयल ब्लू वस्त्र पहनने से जीवन में शांति और स्थिरता आती है।

## मिथुन मन्हास बीसीसीआई के नए 'बॉस'



महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को नया अध्यक्ष मिल गया है। जम्मू-कश्मीर क्रिकेट संघ से जुड़े पूर्व क्रिकेटर मिथुन मन्हास को बीसीसीआई का नया अध्यक्ष चुना गया है। मिथुन मन्हास, रोजर बिन्नी की जगह लेंगे। रविवार को एजीएम की मीटिंग में बीसीसीआई देवजीत सैकिया को बोर्ड का सचिव बनाया गया।

बीसीसीआई अध्यक्ष बनने को लेकर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने अपने एक्स हैंडल पर सबसे पहले जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिथुन मन्हास आधिकारिक तौर पर बीसीसीआई के नए अध्यक्ष बन गए हैं। उन्होंने अपने पोस्ट पर लिखा कि आज का दिन वाकई उत्सव जैसा है! मिथुन मन्हास को आधिकारिक तौर पर बीसीसीआई का नया अध्यक्ष चुना गया है। जम्मू-कश्मीर के दूरस्थ इलाकों में से एक, पूर्व डोडा जिले के लिए यह रविवार बहुत शुभ रहा है। यह वही जिला है, जहां से मैं खुद भी आता हूं। कुछ ही घंटों के भीतर पहले किश्तवाड़ की बेटी शीतल ने विश्व चैंपियन बनकर इतिहास रचा और तुरंत बाद भद्रवाह के बेटे मिथुन मन्हास ने बीसीसीआई के अध्यक्ष पद तक पहुंचकर नई ऊंचाई हासिल की।'

गौरतलब है कि मिथुन मन्हास बीसीसीआई के अध्यक्ष बनने वाले तीसरे क्रिकेटर हैं। उनसे पहले सौरव गांगुली और रोजर बिन्नी इस पोस्ट पर रह चुके हैं। बीसीसीआई के नए अध्यक्ष बने मिथुन मन्हास इससे पहले जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन में एडमिनिस्ट्रेटर रह चुके हैं। मिथुन मन्हास आईपीएल से भी जुड़े रहे हैं। वो आईपीएल फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस के सपोर्ट स्टाफ में भी रह चुके हैं। ऐसा पहली बार हुआ है, जब एक अनकैप्ड प्लेयर ने बीसीसीआई की कमान संभाली है।

## बाला किला वन क्षेत्र में बाघिन एसटी-2302 के साथ दिखे दो शावक



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने अलवर जिले के सरिस्का टाइगर रिजर्व के करणी माता मंदिर के पास बफर क्षेत्र में बाघिन एसटी-2302 को अपने दो शावकों के साथ कैमरा ट्रैप होने से सरिस्का टाइगर रिजर्व क्षेत्र में टाइगर की संख्या 50 होने पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। वन राज्य मंत्री ने बताया कि गत दिनों बाघ परियोजना सरिस्का के बफर रेंज में बाघिन एसटी-2302 ने शावक को जन्म दिया था। कैमरा ट्रैप में बाघिन के साथ एक शावक की तस्वीर कैद हुई थी तथा करणी माता वन क्षेत्र में अब एसटी-2302 के साथ दूसरा शावक भी देखा गया है। इससे सरिस्का टाइगर रिजर्व में टाइगर की संख्या 50 हो गई है, जो इनकी बढती संख्या के लिए शुभ संकेत है।

**मन की बात में प्रधानमंत्री ने की अपील**

# 2 अक्टूबर को खादी सामान जरूर खरीदें, गर्व से कहें स्वदेशी है : मोदी

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए देशवासियों को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने कहा, 'नवरात्र के इस समय में हम शक्ति की उपासना करते हैं। हम नारी-शक्ति का उत्सव मनाते हैं। व्यापार से लेकर खेल तक और शिक्षा से लेकर विज्ञान तक आप किसी भी क्षेत्र को लीजिए, देश की बेटियां हर जगह अपना परचम लहरा रहीं हैं। आज वे ऐसी चुनौतियों को भी पार कर रही हैं, जिनकी कल्पना तक मुश्किल है।'

पीएम मोदी ने कहा, '2 अक्टूबर को गांधी जयंती है। गांधी जी ने हमेशा स्वदेशी को अपनाने पर बल दिया और इनमें खादी सबसे प्रमुख थी।

दुर्भाग्य से आजादी के बाद खादी की रौनक कुछ फीकी पड़ती जा रही थी, लेकिन बीते 11 साल में खादी के प्रति देश के लोगों का आकर्षण बहुत बढ़ा है। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि 2 अक्टूबर को कोई ना कोई खादी सामान जरूर खरीदें और गर्व से कहें ये स्वदेशी हैं।'



### छठ पूजा का भी किया जिक्र

मन की बात कार्यक्रम में मोदी ने कहा, 'छठ पूजा ऐसा पावन पर्व है, जो दीपावली के बाद आता है। इसमें हम डूबते सूर्य को भी अर्घ्य देते हैं, उनकी आराधना करते हैं। आज ये एक वैश्विक उत्सव बन रहा है। भारत सरकार छठ पर्व को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल कराने को प्रयासरत है। जब छठ पूजा यूनेस्को की सूची में शामिल हो जाएगी, तो दुनिया भर से लोग इसकी भव्यता और दिव्यता का अनुभव कर सकेंगे।'

### लता मंगेशकर को पीएम मोदी ने किया याद

पीएम मोदी ने कहा, 'आज लता मंगेशकर की भी जयंती है। भारतीय संस्कृति और संगीत में रुचि रखने वाला कोई भी उनके गीतों को सुनकर अभिभूत हुए बिना नहीं रह सकता। उनके गीतों में वो सब कुछ है, जो मानवीय संवेदनाओं को झकझोरता है। उन्होंने देशभक्ति के जो गीत गाए, उन गीतों ने लोगों को बहुत प्रेरित किया। भारत की संस्कृति से भी उनका गहरा जुड़ाव था। मैं लता दीदी के लिए हृदय से अपनी श्रद्धांजलि प्रकट करता हूं।'

### 'अमर शहीद भगत सिंह युवाओं के लिए प्रेरणापुंज'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अमर शहीद भगत सिंह, हर भारतवासी, विशेषकर देश के युवाओं के लिए एक प्रेरणापुंज है। निर्भीकता उनके स्वभाव में कूट-कूटकर भरी थी। उन्होंने कहा, 'भगत सिंह लोगों की पीड़ा के प्रति भी बहुत संवेदनशील थे और उनकी मदद में हमेशा आगे रहते थे। मैं शहीद भगत सिंह को आदरपूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।'

वादे नहीं भूलते... तो पॉलिसी प्रीमियम क्यों भूलें?



एलआईसी ऑफ इंडिया प्रस्तुत कर रहा है स्पेशल रिवाइवल कैम्पेन लेट फ़ी में कन्सेशन के साथ.

अवधि 18/08/2025 से 17/10/2025

जल्दी! इस मौके को जाने न दें.

आपके बीमे की सुरक्षा को वापस हासिल करने और उसका लाभ लगातार लेते रहने का मौका.

| कुल देय प्रीमियम | % विलम्ब शुल्क में रियायत | रियायत की अधिकतम सीमा* |
|---|---|---|
| ₹1,00,000 तक | 30% | ₹3000 |
| 1,00,001 से 3,00,000 तक | 30% | ₹4000 |
| 3,00,001 व अधिक | 30% | ₹5000 |

*नियम व शर्तें लागू.
पॉलिसियों को अदा न किए गए पहले प्रीमियम की तिथि से 5 वर्षों के अंदर पुनर्चलित किया जा सकता है.
कृपया अपनी नज़दीकी एलआईसी शाखा या एजेंट से संपर्क करें. हमसे जुड़े रहें. एलआईसी में अपना मोबाइल नंबर, ईमेल, एनईएफटी और पैन नंबर अपडेट करें.

डाउनलोड कीजिए एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | IRDAI Regn No.: 512

अधिक जानकारी के लिए अपने एजेंट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या अपने शहर का नाम SMS करें 56767474 पर.

हमें फौलो करें: LIC India Forever | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'

धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ

LIC/MI/2025-26/15/Hin

# हेरिटेज निगम में अनुकम्पा नियुक्ति में फर्जीवाड़ा

## 35 से अधिक मामलों को लेकर निगम पहुंची शिकायत, कई और फाइलें टेबल पर

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** हेरिटेज निगम में लम्बे समय से अनुकम्पा नियुक्ति को लेकर फर्जीवाड़ा चल रहा है। अधिकारी रिमार्क लगी फाइलों को एक-एक कर निकालकर निपटाने में लगे हैं। फर्जी अनुकम्पा नियुक्ति को लेकर पूर्व में हेरिटेज कार्यालय में 35 से 40 शिकायतें आ चुकी है, जिनकी निगम जांच कर रहा है।

जानकारी के अनुसार हेरिटेज निगम में अनुकम्पा नियुक्ति को लेकर लगभग 180 फाइलों पर रिमार्क लगाकर कई सालों पूर्व ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। हेरिटेज नगर निगम के गलियारों में वर्षों से दफ्तर दाखिल कर ठंडी पड़ी फाइलों को मानों अचानक पंख लग गए हैं। सूत्रों का दावा है कि वर्तमान में अनुकम्पा नियुक्ति की 20-25 फाइलें फिर से तेजी से टेबल टू टेबल दौड़ रही हैं, जिन पर निगम के कई अफसरों और कर्मचारियों के हस्ताक्षर भी हो चुके हैं। बस आयुक्त की मेज तक पहुंचना बाकी है।

चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें से 4-5 फाइलें वही हैं, जिन्हें सालों पहले गलत दस्तावेज, फर्जी वारिस और अयोग्यता की वजह से दफ्तर दाखिल कर बंद कर दिया गया था। उन पर साफ रिमार्क था कि नियुक्ति संभव नहीं है। इसके बावजूद अब वही फाइलें नए रूप में पुराने दस्तावेजों के साथ दोबारा से नियुक्ति की कतार में खड़ी नजर आ रही हैं।

### कर्मचारी नेता और अफसरों की मिलीभगत पर सवाल

निगम सूत्रों का कहना है कि इस खेल में कुछ कर्मचारी नेता और चुनिंदा अफसरों की भूमिका संदिग्ध है। सवाल उठता है कि जिन फाइलों को बरसों पहले डंप कर दिया गया था, वे अचानक 'परिवर्तित' होकर नियुक्ति की दहलीज तक पहुंच गईं?

गौरतलब है कि हेरिटेज निगम में पहले भी अनुकम्पा नियुक्ति के कई फर्जी मामले सामने आ चुके हैं। न केवल जांचें हुईं बल्कि कई लोगों की नौकरी भी जा चुकी है। शाहुल पुत्र कमलचंद का मामला हाल ही काफी चर्चा में रहा है। फर्जीवाड़ा के चलते उसे नौकरी से हटा दिया गया। इसके बावजूद पुरानी 'डंप' फाइलें फिर से दौड़ रही हैं तो ये कहीं न कहीं सिस्टम पर सवाल खड़े करता है। हेरिटेज नगर निगम में सतर्कता शाखा सभी फाइलों के दस्तावेजों की जांच में लगी है। सूत्रों के अनुसार करीब 35 से 40 शिकायतें नगर निगम को फर्जी तरीके से अनुकम्पा नियुक्ति पाने वालों के खिलाफ प्राप्त हुई हैं, जिनकी जांच की जा रही है।

### केस नम्बर 1

रामगंज निवासी रामकिशन (बदला हुआ नाम) ने अपने बड़े भाई के स्थान पर फर्जी अनुकम्पा नौकरी प्राप्त कर ली। इसके लिए रामकिशन ने अपनी बर्थ सर्टिफिकेट में जन्मतिथि बदल डाली। जब बड़े भाई को इसका पता चला तो उसने निगम में इसकी शिकायत कर दी। पीड़ित इस मामले को लेकर थाने में भी रपट दर्ज करवाने की तैयारी में है।

### केस नम्बर- 2

पुरानी बस्ती निवासी कमला (परिवर्तित नाम) ने किसी अन्य व्यक्ति की दत्तक पुत्री बनकर निगम में नौकरी प्राप्त कर ली। यह भी जानकारी सामने आई है कि इस महिला का पति पहले सरकारी नौकरी में है। महिला ने जिस व्यक्ति के दस्तावेज लगाए हैं, उससे महिला का कोई सम्बंध नहीं है।

### केस नम्बर- 3

जवाहर नगर निवासी राधारमण (परिवर्तित नाम) पर भी फर्जी दस्तवेजों की मदद से निगम में नौकरी प्राप्त करने का आरोप है। राधारमण वर्तमान में आदर्श नगर जोन में तैनात है। निगम शिकायत के बाद राधारमण के दस्तावेज की जांच करने में जुटा है।

# शिक्षक संघ अरस्तु जयपुर के जिलाध्यक्ष बने ओमप्रकाश खटीक

## मुकेश मीणा बने कार्यकारी जिलाध्यक्ष

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अखिल राजस्थान विद्यालय शिक्षक संघ अरस्तु के जिला जयपुर के सम्पन्न वार्षिक चुनाव में ओमप्रकाश खटीक को जिलाध्यक्ष एवं मुकेश कुमार मीणा को कार्यकारी जिलाध्यक्ष जयपुर मानोनीत किया गया। संघ के प्रदेशाध्यक्ष एवं चुनाव पर्यवेक्षक रामकृष्ण अग्रवाल की देखरेख मे निर्विरोध चुनाव सम्पन्न हुआ। चुनाव का सभी उपस्थित महासमिति के सदस्यों ने एक स्वर मे समर्थन किया। जिलाध्यक्ष जयपुर को नवीन कार्यकारिणी के गठन के लिए अधिकृत किया गया है।



# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का अधिवेशन 5 से 7 अक्टूबर तक

## तीन शिक्षकों को मिलेगा शिक्षा भूषण सम्मान

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे उद्घाटन

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का त्रिवार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन 5 से 7 अक्टूबर को केशव विद्यापीठ में आयोजित किया जाएगा। अधिवेशन में देशभर के 29 राज्यों से 3200 शिक्षक और प्रतिनिधि शामिल होंगे। अधिवेशन का उद्घाटन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे। अधिवेशन की थीम 'शिक्षक राष्ट्र के लिए' होगी।

अधिवेशन के बारे में महासंघ के अध्यक्ष प्रो. नारायणलाल गुप्ता ने बताया कि अधिवेशन का उद्घाटन सत्र 5 अक्टूबर को सुबह 11 बजे होगा। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर सहित अनेक विश्वविद्यालयों के कुलपति और देश के प्रमुख शिक्षाविद भी उपस्थित होंगे।

अधिवेशन में तीन शिक्षकों को अखिल भारतीय 'शिक्षा भूषण शिक्षक सम्मान' से नवाजा जाएगा। सम्मान कार्यक्रम में जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानन्द महाराज और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व सहसरकार्यवाह सुरेश सोनी अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इस वर्ष का पुरस्कार राजस्थान से भगवती प्रकाश शर्मा को, दिल्ली से प्रो. सुषमा यादव को और केरल से वी जे श्रीकुमार को दिया जाएगा। पुरस्कार स्वरूप एक लाख रुपए नकद, प्रशस्ति पत्र और चांदी की एक प्लेट प्रदान की जाती है। इस सम्मान के बारे में बताया गया कि इसकी अपनी विशिष्टता है कि भारत भर से इस पुरस्कार की राशि शिक्षक स्वयं ही जुटाते हैं, जबकि सम्मान पाने वाले शिक्षकों का चयन भी ये शिक्षक ही करते हैं।

### नई शिक्षा नीति के पांच वर्ष पर होगा मंथन

महासंघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेन्द्र कपूर ने बताया कि अधिवेशन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पांच वर्ष पूरे होने पर समीक्षा एवं भविष्यपथ, सीमा से समाज तक राष्ट्रीय सुरक्षा तथा शिक्षकों की समस्याओं को लेकर तीन प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। इसके साथ ही अधिवेशन संयोजक रमेश चंद पुष्करणा ने बताया कि देश के 29 राज्यों के 13 लाख से अधिक शिक्षक महासंघ के सदस्य हैं। महासंघ के पूर्व प्राथमिक से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक के शिक्षकों का देश में सबसे बड़ा संगठन हैं। इसमें विद्यालय स्तर पर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय है, जबकि उच्च शिक्षा स्तर पर एबीआरएसएम उच्च शिक्षा संगठन के रूप में कार्यरत है।

### प्रदर्शनी का भी होगा आयोजन

अधिवेशन की शुरुआत से पहले 4 अक्टूबर को एक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, जयपुर सांसद मंजू शर्मा, और नगर निगम हेरिटेज की महापौर कुसुम यादव इसका उद्घाटन करेंगी। प्रदर्शनी में महासंघ की अब तक की यात्रा, राज्यों की गतिविधियां दर्शाई जाएंगी, साथ ही शैक्षिक दृष्टिकोण और राष्ट्रीय भूमिका का दस्तावेज की तरह प्रस्तुत किया जाएगा।

### पूर्ण आवासीय होगा अधिवेशन

तीन दिवसीय अधिवेशन पूरी तरह आवासीय रखा गया है। केशव विद्यापीठ परिसर में प्रतिभागियों के लिए 16 अलग-अलग परिसरों में ठहरने के व्यवस्था की जा रही है। तीनों दिन परिसर में ही रहकर शिक्षा और राष्ट्रीय जीवन से जुड़े मुददों पर विमर्श होगा। पुष्करणा ने बताया कि अधिवेशन केवल संगठनात्मक गतिविधि नहीं है, बल्कि देश की गुणवत्ता, उसकी नई चुनौतियां और राष्ट्रीय भूमिका के लिए संवाद का एक मंच भी है।

## सामूहिक रोशनी की तैयारी शुरु : सजावट में रियायती दर पर बिजली पर फैसला आज

# दीपावली पर सजावट की थीम होगी 'लोकल फॉर वोकल'

### 5 से 7 दिन तक रोशनी से जगमगाएंगे बाजार

### 17 अक्टूबर से सामूहिक सजावट का होगा स्विच ऑन

### शहर की दोनों मेयर को विज्ञापन छूट के लिए सौंपा ज्ञापन

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली पर्व पर शहर के बाजारों को रोशन करने के लिए सामूहिक सजावट की तैयारियां शुरू हो गई हैं। हालांकि अभी बाजारों को रियायती दर पर बिजली देने का फैसला नहीं हुआ है। सोमवार को व्यापारी जयपुर विद्युत वितरण निगम लि. में प्रबंध निदेशक आरती डोगरा से मिलकर रियायत दर पर बिजली देने को लेकर वार्ता करेंगे। संभवतयाः इसी दिन बाजारों में रियायती दर पर बिजली देने का फैसला हो जाएगा। इधर, बाजारों में दीपावली की सामूहिक सजावट को लेकर व्यापारियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। कुछ बाजार सजने लग गए हैं। शेष में अगले सप्ताह तक सजावट का काम शुरू हो जाएगा। इस बार बाजारों में 5 से 7 दिन तक रोशनी होगी। 17 अक्टूबर से सामूहिक सजावट से बाजार जगमग हो उठेंगे। अधिकतर बाजारों में 22 अक्टूबर तक रोशनी होगी। कुछ बाजारों में 16 अक्टूबर से रोशनी शुरू हो जाएगी। व्यापारियों ने 7 दिन दीपावली फेस्टिवल मनाने की तैयारी की है। छोटी चौपड़, बड़ी चौपड़ और पांचबत्ती पर आकर्षक स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। बाजारों में जगह-जगह विशेष झांकियां भी देखने को मिलेंगी। एमआइ रोड पर रविवार को सजावट का काम शुरू हो गया।

### डिस्कॉम प्रशासन और निगम को सौंपा ज्ञापन

बाजारों में सजावट के लिए रियायती दर पर दी जाने वाली बिजली के लिए जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल व महामंत्री सुरेश सैनी ने जयपुर डिस्कॉम व नगर निगम को ज्ञापन दिया है। व्यापारियों ने सामूहिक सजावट में 10 दिन के लिए विज्ञापनों में छूट मांगी है। इसे लेकर जयपुर व्यापार महासंघ ने हेरिटेज नगर निगम महापौर कुसुम यादव और ग्रेटर निगम महापौर सौया गुर्जर से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपे। इसके अलावा जयपुर डिस्कॉम की प्रबंध निदेशक को भी मांग पत्र सौंपा गया है, जिस पर सोमवार को अंतिम फैसला होगा।

### दीपोत्सव पर सजेंगे चौपड़-दरवाजे, बनेंगे स्वागत द्वार

दीपोत्सव पर इस बार शहर के बाजारों में की जाने वाली सजावट व रोशनी में सरकार की विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ स्वदेशी निर्मित वस्तुओं की खरीद पर जोर दिया जाएगा। लोगों को जीएसटी के फायदे भी बताए जाएंगे। बाजारों में लोकल फॉर वोकल की थीम पर विभिन्न बाजारों में सजावट की जाएगी। मुख्य मंच छोटी चौपड़ पर बनेगा, जहां लक्ष्मी पूजन होगा, जिसमें सीएम सहित कई गणमान्य लोगों के आने की संभावना है। छोटी चौपड़, बड़ी चौपड़ और पांचबत्ती पर आकर्षक स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। बाजारों में जगह-जगह विशेष झांकियां भी देखने को मिलेंगी। इसके अलावा एमआई रोड, चांदपोल बाजार, त्रिपोलिया बाजार, चौड़ा रास्ता के अलावा किशनपोल व सूरजपोल बाजार में भी आकर्षक सजावट होगी।

### पिछले वर्ष अघरेलू श्रेणी की सामान्य दर पर मिली थी बिजली

पिछले साल 2024 में जयपुर डिस्कॉम ने बाजारों में सामूहिक सजावट के लिए व्यापारियों को अघरेलू श्रेणी की सामान्य दर पर बिजली दी थी। इन्हें 25 किलोवाट से ज्यादा लोड पर अघरेलू दर पर बिजली मिली थी। तब यह छूट पांच की बजाय सात दिन के लिए दी गई थी।

### इनका कहना है.....



दीपोत्सव को लेकर बाजारों में तैयारी शुरू हो चुकी है। सजावट में रियायती दर पर बिजली देने के लिए डिस्कॉम प्रशासन और विज्ञापन में छूट के लिए ज्ञापन सौंपे हैं।

**सुभाष गोयल,** अध्यक्ष जयपुर व्यापार महासंघ



अगले सप्ताह से बाजारों में सजावट का काम शुरू हो जाएगा। बाजारों को स्वदेशी थीम पर सजाया जाएगा। विज्ञापन के लिए 10 दिन की छूट मांगी गई है।

**सुरेश सैनी,** महामंत्री, जयपुर व्यापार महासंघ

# जयपुर-अजमेर में 1014 पदों के लिए एईएन भर्ती परीक्षा शुरू

## तीन दिनों तक चलेगी, पहले दिन 40 फीसदी रही उपस्थिति



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) की ओर से सहायक अभियंता परीक्षा 2024 की शुरुआत अजमेर व जयपुर के सेंटर पर रविवार से शुरू हो गई है। पहले दिन पहली पारी में सामान्य ज्ञान का पेपर हुआ। इसमें 57 हजार 284 में से 23 हजार 378 कैंडिडेट्स शामिल हुए।

यह परीक्षा तीन दिन चलेगी। चेकिंग कर कैंडिडेट्स को सेंटर पर एक घंटे पहले सुबह 9 बजे तक एंट्री दी गई। एईएन के 1014 पदों पर भर्ती होनी है। सामान्य ज्ञान के पहले पेपर में 40.81 प्रतिशत उपस्थिति रही। अजमेर में 44 केंद्रों पर 14 हजार 108 कैंडिडेट्स रजिस्टर्ड हैं। अभ्यर्थियों को मूल आधार कार्ड रंगीन प्रिंट नहीं होने या फोटो पुरानी या अस्पष्ट होने पर मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट या ड्राइविंग लाइसेंस जैसे अन्य पहचान पत्र से प्रवेश दिया गया।

### परीक्षा का शेड्यूल

सोमवार को इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग का पेपर सुबह 10 से 12 बजे तक होगा, जबकि दूसरी पारी में मैकेनिकल इंजीनियरिंग का पेपर दूसरी पारी में दोपहर 3 से सायं 5 बजे तक लिया जाएगा। मंगलवार को पहली पारी में एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग का पेपर लिया जाएगा। इस दिन एक ही पेपर होगा।

# खांसी की दवा पीने से बेहोश हुए बच्चों की तबीयत में सुधार

## चिकित्सकों की निगरानी में हैं जेके लोन में भर्ती दोनों मासूम

महानगर संवाददाता




**जयपुर।** सीकर जिले के श्रीमाधोपुर अजीतगढ़ स्थित मंडा हाथी देह गांव के प्राइमरी हेल्थ सेंटर (पीएचसी) में तीन दिन पूर्व खांसी की दवा पीने के बाद बेहोश हुए दो बच्चों को जयपुर के जेके लोन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खांसी की सीरप डेक्सट्रोमेथॉरफन हाइड्रोब्रोमाइड, पीने के बाद बच्चे बेहोश हो गए थे। जेके लोन हॉस्पिटल में बच्चों को दो दिन आईसीयू में रखा गया है। डॉक्टरों ने बताया कि बच्चों की हालत अब स्थिर है। सोमवार सुबह तक दोनों बच्चों को छुट्टी दी जा सकती है।

उल्लेखनीय है कि तीन दिन पहले यानी 25 सितंबर को सीकर निवासी एक परिजन ने अपने दो बच्चों को बुखार होने पर सीएचसी में डॉक्टर को दिखाया था। डॉक्टर ने डेक्सट्रोमेथॉरफन हाइड्रोब्रोमाइड सीरप लिखी थी। इस दवा को पीने के बाद दोनों बच्चे बेहोश हो गए थे। मंडा हाथी देह गांव निवासी अनिल सिंह ने बताया कि भतीजों किट्टू (3) और टिंकू (डेढ़ साल) को सर्दी जुकाम हुआ था। 25 सितंबर को बच्चों की मां सोनम ने दोनों को गांव के डॉक्टर को दिखाया। यहां डॉक्टर ने बच्चों को खांसी की सीरप डेक्सट्रोमेथॉरफन हाइड्रोब्रोमाइड और कुछ दवाएं दी। दवा पीते ही दोनों बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। किट्टू और टिंकू अचानक बेहोश हो गए। इसके बाद दोनों बच्चों को शाहपुरा के प्राइवेट हॉस्पिटल में लेकर गए, तबीयत में सुधार नहीं होने पर डॉक्टरों ने दोनों बच्चों को जयपुर के जेके लोन हॉस्पिटल रेफर कर दिया। जहां अब दोनों बच्चों की हालात में सुधार बताया जा रहा है।

### दवा के लिए सैंपल, सप्लाई पर रोक

ड्रग कंट्रोलर अजय फाटक ने बताया कि मामला सामने आने के बाद डेक्सट्रोमेथॉरफन हाइड्रोब्रोमाइड सीरप की सप्लाई पर रोक लगा दी गई है। साथ ही इसके अलग-अलग बैच के सैंपल लिए हैं, जिसको जांच के लिए लैब भिजवाया गया है। इससे पूर्व भरतपुर के बयाना में भी 27 सितंबर को इसी तरह का मामला सामने आया था। यहां भी सरकारी हॉस्पिटल से मिली खांसी की दवा पीने से दो बच्चों और एक डॉक्टर की तबीयत बिगड़ गई थी।

# जयपुर सहित चार शहरों में हल्की बारिश

## 3 अक्टूबर तक चलेगा हल्की बारिश का दौर

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में बंगाल की खाड़ी में बने एक मजबूत सिस्टम के चलते जयपुर सहित कई शहरों में मौसम बदला नजर आया। जयपुर, उदयपुर, चित्तौड़गढ़ सहित कुछ अन्य शहरों में हल्की बारिश दर्ज की गई। 39.8 डिग्री के साथ जैसलमेर का दिन और 27.5 डिग्री के साथ बीकानेर की रात सबसे गर्म रही।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पश्चिम विदर्भ पर बना अवदाब कमजोर होकर वेल मार्क लो प्रेशर में परिवर्तित हो चुका है। इसके आगामी 2-3 दिनों में पश्चिम की ओर आगे बढ़ने, दक्षिण गुजरात एवं सौराष्ट्र के ऊपर से गुजरते हुए 1 अक्टूबर तक गुजरात तट से सटे उत्तर-पूर्व अरब सागर पर निम्न दाब क्षेत्र के रूप में उभरने की संभावना है।

इसके प्रभाव से राज्य के पूर्वी व दक्षिणी भागों में आगामी 4-5 दिन मेघगर्जन के साथ बारिश होने व दक्षिणी भागों में कहीं-कहीं मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना है। तीन अक्टूबर तक कोटा, उदयपुर, भरतपुर, जयपुर, अजमेर व जोधपुर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ बारिश की गतिविधियां दर्ज होने की संभावना है। इस दौरान उदयपुर संभाग में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है।

### जयपुर में दोपहर बाद बदला मौसम, हल्की बारिश

जयपुर में दोपहर बाद मौसम बदला और काले घने बादल नजर आने लगे। हालांकि इस बीच धूप भी नजर आई। दोपहर करीब 3.30 बजे बाद अचानक कई इलाकों में बारिश हुई। मालवीय नगर, गांधी नगर और जेएलएन मार्ग एरिया में करीब 10 मिनट तक बरसात हुई। इसके बाद एक बार फिर धूप निकल आई। इससे जयपुर के दिन के तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की गई। जयपुर का अधिकतम तापमान 35.2 और न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री दर्ज किया गया।

# क्योटो में राजस्थान के घूमर ने किया आकर्षित

## मधु राजस्थानी ने जापान में प्रभावशाली लोगों को सिखाया नृत्य

## 'जापान पर्यटन एक्सपो' का हुआ समापन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दीया कुमारी की पहल पर, पर्यटन आयुक्त रुक्मणी रियाड़ की उपस्थिति और एफएचटीआर के सहयोग से विश्व पर्यटन दिवस के दिन क्योटो में जापान के ब्लॉगर्स और इंफ्लुएंसर्स के साथ ब्लॉगर मीट एवं रोड शो किया गया। इस मीट में राजस्थान के वैश्विक जुड़ाव को बढ़ाने के लिए रचनाकारों को एक साथ लाया गय।

प्रधानमंत्री की हाल ही में हुई जापान यात्रा में मधु राजस्थानी जो उनसे मिली थीं, उन्हें भी इस रोड शो में आमंत्रित किया गया। मधु राजस्थानी द्वारा शो में जापानी और अन्य ब्लॉगर्स को घूमर नृत्य सिखाना विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। ब्लॉगर्स को राजस्थान के हस्तशिल्प ब्लॉक प्रिंटिंग और ब्लू पॉटरी की कला से अवगत कराया गया और ब्लॉक प्रिंटिंग का लाइव डेमो भी दिया गया। इस अवसर पर राजस्थान पर एक क्विज शो का आयोजन भी किया गया और राजस्थान पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देने पर पुरस्कार वितरित किए गए।

### 'जापान पर्यटन एक्सपो' का हुआ समापन

जापान के नगोया आइची में आयोजित 'जापान पर्यटन एक्सपो आइची' का रविवार को समापन हो गया। जापान ट्रैवल एक्सपो में पब्लिक डे होने के कारण जापानी परिवारों का राजस्थान के स्टैंड पर अभूतपूर्व उत्साह और उपस्थिति देखने को मिली। राजस्थान की पर्यटन गतिविधियों को पूरे आयोजन के दौरान खूब सराहना मिली।

### पैलेस ऑन व्हील्स: विशेष आकर्षण

हाई स्पीड बुलेट ट्रेनों के देश में जापान के ट्रैवल एजेंट्स के मध्य पैलेस ऑन व्हील्स लक्जरी ट्रेन और हेरिटेज होटल्स के प्रति विशेष आकर्षण देखा गया।

### राजस्थान स्टैंड की सराहना

आयोजन के दौरान राजस्थान स्टैंड पर राजस्थान को पसंद करने वाले और कई जापानी ब्लॉगर और इंडोफाइल्स ने खूब विजिट किया और इसकी सराहना की। राजस्थान पवेलियन में राजस्थान के पर्यटन आकर्षणों और उत्पादों के जीवंत प्रदर्शन किया गया और लाइव हस्तशिल्प प्रदर्शन को बड़ी संख्या में देखा और सराहा गया।

### राजस्थान में जापानी पर्यटकों के आगमन में वृद्धि की उम्मीद बढ़ी

इस आयोजन के दौरान राजस्थान के वैविध्यपूर्ण स्थापत्य एयर लैंडस्केप और समृद्ध कला और संस्कृति विरासत को लेकर जापानी ट्रैवल एजेंट में उत्सुकता दिखी, जिसका लाभ आगे चलकर पर्यटकों के आगमन में वृद्धि के रूप में दिखेगा। राजस्थान पर्यटन आयुक्त रुक्मणी रियाड़ सहित उक्त एक्सपो में अतिरिक्त निदेशक आनंद त्रिपाठी और एफएचटीआर के सदस्य तरुण बंसल और हेमंत मित्तल तथा सह-प्रदर्शक दीपक धायल भी उपस्थित रहें। इस दौरान जापान पर्यटन बोर्ड के जेटीबी सदस्यों (अध्यक्ष और शीर्ष ट्रैवल एजेंट) और जापान राष्ट्रीय पर्यटन संगठन (जेएनटीओ) के अध्यक्ष और अधिकारियों के साथ व्यक्तिगत चर्चा में भाग लिया गया और राजस्थान के आकर्षक पर्यटन स्थलों और उत्पादों के संबंध में जानकारी दी और फिल्म के माध्यम से एक प्रस्तुति भी दी गई।

# जयपुर मंडल ने तय समय में 1 करोड़ का लक्ष्य किया हासिल

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** डाक विभाग के जयपुर देहात मण्डल ने दिए गए लक्ष्य का हासिल कर लिया। इस संबंध में एक मेगा मेला आयोजित किया गया, जिसमें टीम को सम्मानित किया गया। जयपुर देहात मंडल को पीएलआई और आरपीएलआई प्रथम प्रीमियम राशि रुपए 1 करोड़ का लक्ष्य आवंटित किया गया था। इस लक्ष्य प्राप्ति के लिए जयपुर देहात मण्डल में अगस्त में आरपीएलआई मेगा मेला आयोजित किया गया। उक्त लक्ष्य प्राप्ति के लिए मंडल के कर्मचारियों ने एकजुट प्रयास कर एक करोड़ 38 लाख रुपए का प्रथम प्रीमियम अर्जित करके पूरे राजस्थान परिमंडल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अभियान में जिन कर्मचारियों की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया, उनको सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जयपुर देहात मण्डल के अधीक्षक भूपेंद्र पाराशर और सीपीएमजी ऑफिस के एडीएम पीएलआई सीपी प्रजापति मुख्य अतिथि रहे।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



# बिना आरएनडी चल रही थी बायोसीड्स कृषि मंत्री ने बीज विक्रय पर लगाई रोक





महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा की ओर से नकली खाद बीज भण्डारण व बेचान पर कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रही। दूसरे दिन दल के साथ कृषि मंत्री घड़साना और रावला पहुंचे। यहां भी कई भण्डारण और विक्रय केन्द्रों पर टीम ने छापा मारा। निरीक्षण में विक्रय दुकानों पर बीज और खाद रखे थे।

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने रविवार को घड़साना में दीपक बायोसीड्स के गोदाम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कंपनी के गोदाम में ग्वार, मूंग, गेहूं और सरसों के बीज की पैकिंग होती मिली। जब मंत्री ने कंपनी से बीज उत्पादन, किसानों की सूची और रिसर्च एंड डवलपमेंट से जुड़े दस्तावेज मांगे, तो संतोषजनक जवाब नहीं मिला। निरीक्षण में कंपनी के पास बीज उत्पादन से जुड़े रजिस्टर और रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं थे। न ही ब्रीडर के विजिट से जुड़े दस्तावेज मिले। इसके अलावा फाउंडेशन सीड के सोर्स पर भी कंपनी कोई जवाब नहीं दे सकी। लॉट अनुसार बीज की लैब रिपोर्ट भी नहीं मिली। वहीं प्रमाणित और टीएल बीज एक ही गोदाम में पैक किए जा रहे थे, जो नियमों का उल्लंघन है। इन गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए कृषि मंत्री ने अधिकारियों को दीपक बायोसीड्स के बीज विक्रय पर रोक लगाने के निर्देश दिए। कृषि अधिकारियों की टीम फिलहाल कंपनी के पिछले वर्षों के बीज उत्पादन, बीज के सोर्स और किसानों की सूची की जांच कर रही है। कंपनी को सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। गहन जांच के बाद नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### पहले दिन स्टार एग्री सीड्स का घोटाला भी उजागर

पहले दिन कृषि मंत्री डॉ. मीणा ने स्टार एग्री सीड्स में भी बड़ा घोटाला पकड़ा था। ऐसे में रविवार को श्रीगंगानगर जिले के रावला तहसील के 17 केएनडी गांव में मौके पर निरीक्षण करने पर पता चला कि कंपनी ने कागजों में किसान के खेत में मूंग बीज उत्पादन दिखाया था, जबकि मौके पर नरमा की फसल लगी हुई थी। किसान को यह भी जानकारी नहीं थी कि उसकी जमीन को मूंग बीज उत्पादन के लिए दिखाया गया है। मंत्री ने कहा कि यह मामला साफ तौर पर बीज उत्पादन में गड़बड़ी का संकेत देता है और ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने मनाया विजयादशमी उत्सव

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ग्रीनपार्क बस्ती करधनी नगर के तत्वावधान में विजयादशमी उत्सव का आयोजन रविवार को नांगल जैसा बोहरा स्थित बोहरा जी की बावड़ी परिसर में किया गया।

कार्यक्रम के दौरान गायत्री परिवार के सान्निध्य में वैदिक यज्ञ हुआ, जिसमें आगंतुक नागरिक एवं मातृ शक्ति ने आहुतियां समर्पण की। न्यू लोहामंडी रोड स्थित झुग्गी कॉलोनी में उत्थान सेवा संस्थान की ओर से निशुल्क संचालित अपनी बाल संस्कार पाठशाला के बालक-बालिकाओं एवं स्थानीय बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। पारंपरिक परिधानों से सज्जित बालक-बालिकाओं को मुख्य अतिथि कर्नल जगदीश चंद्र एवं नगर कार्यवाह ने पारितोषिक प्रदान किया। उत्सव का प्रारंभ घोषवादन एवं शस्त्र पूजन से हुआ। दंड संचालन एवं योग का प्रदर्शन भी किया गया।

# मुख्यमंत्री ने पूंछरी स्थित श्रीनाथ जी मंदिर में की पूजा-अर्चना

### गिरिराज विकास परियोजना का कार्य प्रगति पर, श्रद्धालुओं के लिए विकसित हो रहीं सुविधाएंः शर्मा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को डीग जिले के पूंछरी स्थित श्रीनाथ जी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर दर्शन किए।

उन्होंने मुकुट मुखारविंद मंदिर की तलहटी पर दुग्ध एवं जलाभिषेक कर गिरिराज जी की आरती की तथा प्रदेश की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। इस दौरान शर्मा ने वहां उपस्थित श्रद्धालुओं से आत्मीयतापूर्वक संवाद भी किया।

शर्मा ने इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक प्रदेशभर में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में श्री जड़खोर गौशाला में गो-सेवा का आयोजन किया गया है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि गिरिराज विकास परियोजना का कार्य प्रगति पर है। ब्रज चौरासी कोस एवं गिरिराज जी परिक्रमा मार्ग सहित समस्त धार्मिक स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए योजनाबद्ध रूप से कार्य किए जा रहे हैं। इससे निकट भविष्य में गिरिराज जी परिक्रमा मार्ग भक्तों के लिए और भी आकर्षक एवं सुविधाजनक होगा। इस अवसर पर राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकारसिंह लखावत एवं विधायक डॉ. शैलेश सिंह भी उपस्थित रहे।

### ग्लोबल हैप्पीनेस फोरम जयपुर 2025

## विज्ञान, अध्यात्म और मानवीय जुड़ाव के साथ खुशहाली की प्रेरणा



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जीवन के तनावों का मनोविज्ञान और आत्मा पर भी असर होता है, जबकि खुश मन और मस्तिष्क से सृजन और वैचारिक नवीनता आती है। ग्लोबल हैप्पीनेस फोरम जयपुर 2025 में यह निष्कर्ष निकलकर सामने आया। इस आयोजन में विशिष्ट वक्ताओं, लेखकों और विचारकों ने खुशी के विभिन्न आयामों मनोविज्ञान, शिक्षा, अध्यात्म और सामुदायिक कल्याण पर चर्चा की।

फोरम के दूसरे दिन तीन पुस्तकों का हुआ विमोचन

'एसबीओपी लिविंग' डॉ. संजय रनवाल, सलाहकार, सीडब्ल्यूसी फाउंडेशन इंडिया की ओर से इसमें व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन के संतुलन का टिकाऊ मॉडल प्रस्तुत किया गया, जबकि दूसरी पुस्तक 'हाउ टू बी ऑन ए डाइट फॉर 45 इयर्स एंड नेवर बी थिन' टैमी मुलर, सर्टिफाइड हैप्पीनेस एवं पॉजिटिव साइकोलॉजी कोच की पुस्तक में आत्म-स्वीकृ ति और दृढ़ता पर हल्के-फुल्के अंदाज में गहन दृष्टिकोण दर्शाया गया। इसी प्रकार तीसरी पुस्तक 'द बॉयलिंग फ्रॉग' रही, जिसके लेखक डॉ. आशीष हैं। इसमें आधुनिक जीवन की तेज रफ्तार में सजगता और अनुकूलन क्षमता पर चर्चा की गई है।

## जिलें में विशेष टीकाकरण अभियान आज

### पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में होगा डाटा ऑनलाइन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जिले में टीकाकरण से वंचित बच्चों को सुरक्षित करने के लिए सोमवार को विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किया जाएगा। इससे पूर्व 17 और 24 सितम्बर को भी ऐसे बच्चों का टीकाकरण कराया जा चुका है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि बच्चों का सम्पूर्ण टीकाकरण उन्हें आजीवन कई गंभीर बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है। सोमवार को जिले के सभी छूटे बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा तथा पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में उनका डाटा ऑनलाइन दर्ज किया जाएगा। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. आशा मीणा ने बताया कि 17 एवं 24 सितम्बर को टीकाकरण से वंचित बच्चों का सत्र आयोजित किया गया था और अब 29 सितम्बर को शेष छूटे बच्चों को कवर किया जाएगा। यह टीकाकरण बच्चों को कुल 11 बीमारियों पोलियो, निमोनिया, टीबी, टिटनेस, हेपेटाइटिस-बी, मेनिनजाइटिस, गलघोंटू, खसरा, रूबेला, काली खांसी और रोटा वायरस जनित दस्त से बचाव प्रदान करता है।



### मुख्यमंत्री देंगे जयपुर वासियों को 450 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात

# गोपालपुरा फ्लाईओवर से गुर्जर की थड़ी तक बनेगी एलिवेटेड सड़क

- ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को 450 करोड़ से अधिक लागत के विकास कार्यों और एक एलिवेटेड सड़क का सोमवार को शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने बताया कि शिलान्यास की जाने वाली परियोजनाओं की अनुमानित लागत लगभग 320 करोड़ रुपए है एवं पूर्ण हो चुकी तथा लोकार्पण की जाने वाली परियोजनाओं पर लगभग 130 करोड़ रुपए का व्यय हुआ है।







### मुख्यमंत्री द्वारा शिलान्यास के लिए प्रस्तावित परियोजनाएं/कार्य

**एलिवेटेड रोड**

1. गोपालपुरा बाईपास पर त्रिवेणी नगर आरओबी से गुर्जर की थड़ी के पास तक एलिवेटेड रोड का निर्माण कार्यः त्रिवेणी आरओबी को गुर्जर की थड़ी से जोड़ने वाली सड़क जयपुर में एक महत्वपूर्ण संपर्क सड़क है, जो श्याम नगर, वैशाली नगर, चित्रकूट और मानसरोवर जैसे प्रमुख आवासीय क्षेत्रों को टोंक रोड और जेएलएन मार्ग जैसे प्रमुख गलियारों से सीधा संपर्क प्रदान करती है। इस मार्ग पर प्रमुख चौराहों में त्रिवेणी जंक्शन, 10-बी जंक्शन, रिधि सिद्धि जंक्शन और सोमानी अस्पताल जंक्शन शामिल है। इन सभी पर भारी यातायात प्रवाह होता है। वाहनों की अधिकता के कारण, विशेष रूप से व्यस्त समय के दौरान, इस मार्ग पर भारी भीड़भाड़ होती है। इस गलियारे पर प्रमुख कोचिंग संस्थानों की मौजूदगी यातायात की स्थिति को और भी बदतर बना देती है। यह कार्य बजट घोषणा वर्ष 2025-26 में सम्मिलित है।

**सीवरेज कार्य**

2. पृथ्वीराज नगर (दक्षिण) क्षेत्र से लगते हुए सांगानेर क्षेत्र जोन-2 में स्वर्ण विहार एसटीपी के अन्तर्गत सीवर लाइन बिछाने का कार्य।
3. पृथ्वीराज नगर (दक्षिण) क्षेत्र से लगते हुए सांगानेर क्षेत्र जोन-3 में स्वर्ण विहार एसटीपी के अन्तर्गत सीवर लाइन बिछाने का कार्य।
4. सांगानेर के बम्बाला क्षेत्र में सीवरेज कार्य के लिए मुख्य ट्रंक लाइन (पार्ट-1) बिछाने का कार्य।

**सड़क निर्माण कार्य**

5. वन्देमातरम सड़क गोपालपुरा बाईपास से पत्रकार रोड जंक्शन तक सड़क सुदृढ़ीकरण व नवीनीकरण का कार्य
6. जविप्रा जोन-11 क्षेत्र में अजमेर रोड से जयसिंहपुरा रोड वाया 200 फीट सेक्टर रोड पर ड्रेन का निर्माण कार्य।
7. जविप्रा जोन 8 क्षेत्र में इस्कॉन रोड पर मीडियन रेलिंग तथा सड़क के दोनों और इंटरलॉकिंग टाइल लगाने का कार्य
8. जविप्रा जोन-11 क्षेत्र के सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के मदरामपुरा कच्ची बस्ती जविप्रा स्कीम में मुख्य अप्रोच रोड एवं अन्य आंतरिक रोड निर्माण कार्य

### लोकार्पण के लिए प्रस्तावित पूर्ण हुई परियोजनाएं/कार्य

**सीवरेज कार्य**

1. (अ) पैकेज-। फेज-।। के तहत
2. (ब) पैकेज-।।। फेज-।।
3. (स) पैकेज-।। फेज-।।

**सैक्टर सड़कों/आतंरिक सड़कों के नवीनीकरण एवं सुदृढ़ीकरण**

4. जविप्रा जोन-8 क्षेत्र में 200 फीट सेक्टर रोड से 160 फीट सेक्टर रोड मुहाना मण्डी रोड तक तक एवं 200 फीट सेक्टर रोड से मांग्यावास सर्किल 220 केवी एचटी लाइन तक का 200 फीट सड़कों का चौड़ाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य
5. पीआरएन साउथ जोन जेडीए जयपुर में सेक्टर एच की आन्तरिक सड़कों पर बीसलपुर पाइप लाइन के लिए पीएचईडी द्वारा किए गए सड़क कट का नवीनीकरण और मरम्मत कार्य
6. जविप्रा जोन 8 क्षेत्र में पीआरएन 200 फीट सेक्टर रोड से 200 फीट सेक्टर रोड को जोड़ने वाली 100 फीट सेक्टर सड़क, 100 फीट सेक्टर रोड से जोन 8 बाउंड्री को जोड़ने वाली 100 फीट सेक्टर सड़क एवं केसर चौराहे से 200 फीट रोड को जोड़ने वाली 80 फीट सेक्टर सड़क का चौड़ाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य।
7. पीआरएन (दक्षिण) जोन में सेक्टर-एच, आई व जे की अनुमोदित कॉलोनियों में आतंरिक सड़कों का निर्माण कार्य
8. जविप्रा जोन-8 में विभिन्न सेक्टर सड़कों का नवीनीकरण कार्य
9. न्यू सांगानेर रोड से बाबा पैराडाइस तक पीआरएन दक्षिण क्षेत्र, जेडीए, जयपुर में 100 फीट चौड़ी सेक्टर सड़क का निर्माण कार्य
10. पीआरएन (दक्षिण) जोन में छूटी/शेष सेक्टर सड़कों एफ-8, ई-12 एवं डी-16 सड़कों का निर्माण कार्य
11. जविप्रा जोन-11 क्षेत्र में गणपतपुरा में सी.सी. सड़क का निर्माण कार्य।
12. जविप्रा जोन-11 क्षेत्र में सी.सी एव बी.टी सड़क का नवीनीकरण का कार्य अजमेर रोड़ के पास ।
13. जविप्रा जोन-8 क्षेत्र में मोती नगर से रामपुरा फाटक वाया दादूदयाल नगर एवं कल्याणपुरा सरकारी स्कूल तक सड़क निर्माण एवं नवीनीकरण कार्य
14. जोन-8 सांगानेर स्टेडियम से जयपुर नगर निगम ग्रेटर सांगानेर कार्यालय तक 80 फीट सड़क का नवीनीकरण कार्य।

**रोडकट मरम्मत कार्य**

15. जविप्रा जोन-8 क्षेत्र में बीसलपुर जल आपूर्ति वितरण नेटवर्क के लिए रोडकट का मरम्मत कार्य
16. जोन-8 क्षेत्र में बीसलपुर पाइप लाइन के लिए पीएचईडी द्वारा की गई सड़क का नवीनीकरण और मरम्मत कार्य (फेज-द्वितीय) पार्ट-प्रथम
17. जविप्रा जोन-8 क्षेत्र में बीसलपुर पाइप लाइन के लिए पीएचईडी द्वारा की गई सडक का नवीनीकरण और मरम्मत बाबत (फेज-प्रथम)

**अन्य विकास कार्य**

18. जोन 8, जेडीए जयपुर में विभिन्न स्थानों पर प्रीकास्ट आरसीसी कर्ब स्टोन और इंटरलॉकिंग टाइल लगाने का कार्य।

## विधायक सराफ ने वार्ड 136 में विभिन्न कार्यों का किया लोकार्पण



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने रविवार को वार्ड नं. 136 में विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं शिलानाथ किया। विधायक कालीचरण सर्राफ, वार्ड पार्षद उषा टाटीवाल ने चंद्र कृपा गार्डन के पास महेश नगर बी ब्लॉक में सीवर लाइन डालने का शिलान्यास, बजरंग पार्क में फुटपाथ पर टाइल्स योग भवन, महेश नगर सी ब्लॉक में अंबेडकर कॉलेज के सामने महेश नगर बी ब्लॉक में ओसवाल साबुन वाली गली में सीसी रोड का लोकार्पण किया गया। इस अवसर विधायक सराफ एव पार्षद का माला, शॉल साफा पहना कर स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में वार्ड अध्यक्ष जी.एल. जोपट, मंडल महामंत्री जितेंद्र राव, सुशीला राव, नटवरलाल कुमावत समेत स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## बच्चू सिंह धाकड़ बने श्री धाकड़ समाज समिति के अध्यक्ष



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** श्री धाकड़ समाज समिति, जयपुर के चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। चुनाव में 1175 मतदाताओं ने भाग लिया।

अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में बच्चू सिंह धाकड़ ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी पदम सिंह धाकड़ को पराजित कर जीत दर्ज की। महामंत्री पद पर भूदेव सिंह धाकड़ और कोषाध्यक्ष पद पर शनिदेव धाकड़ ने सफलता हासिल की।

चुनाव परिणामों की घोषणा के साथ ही समाज में उत्सव का माहौल बन गया। समर्थकों ने विजयी प्रत्याशियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और मिठाइयों से खुशी का इजहार किया। नई कार्यकारिणी से समाज को संगठनात्मक मजबूती, युवा सशक्तिकरण और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की दिशा में ठोस पहल की उम्मीद है।

### बहरोड़, चिमनपुरा, नारेडा व आस-पास के क्षेत्रों में खान विभाग की कार्रवाई

# 1895 टन लोह अयस्क के अवैध भण्डार जब्त

- संबंधित थानों में दो एफआईआर दर्ज
- विभागीय टीम ने पांच स्थानों पर की कार्रवाई

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** खान विभाग द्वारा मेसेनरी स्टोन व रेड ऑकर के नाम पर लोह अयस्क के अवैध खनन गतिविधियों पर औचक कार्रवाई करते हुए बहरोड़, चिमनपुरा, नारेड़ा सहित आसपास के क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई है। खान विभाग द्वारा निर्देशित विभागीय टीम द्वारा कोटपूतली, चिमनपुरा, बहरोड़ व आस-पास के क्षेत्र में 5 स्थानों पर औचक कार्रवाई करते हुए करीब एक करोड़ रु. के 1895 टन खनिज लोह अयस्क आयरन ओरे के अवैध भण्डार को जब्त किया है। क्षेत्र में मेसेनरी स्टोन और खनिज रेड ऑकर के नाम पर लोह अयस्क के अवैघ खनन, उसके प्रसंस्करण और भण्डारण पाया गया है। विभाग द्वारा क्षेत्र में ड्रोन सर्वे भी करवाया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा अवैध खनन गतिविधियों पर जीरो टालरेंस की नीति पर काम करते हुए सख्त कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए जाते रहे हैं।

खान एवं भूविज्ञान विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि पिछले दिनों जयपुर के भांकरोटा में एक कार्रवाई के दौरान खनिज लोह अयस्क की अवैध गतिविधि पाए जाने पर विभाग द्वारा गोपनीय तरीके से औचक कार्रवाई करने का निर्णय किया गया और इसके लिए अधिकारियों को निर्देश देते ही संभावित क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर कार्रवाई के लिए निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा संभावित क्षेत्रों में कार्रवाई जारी होने के साथ ही अब तक करीब एक करोड़ रुपए के लोह अयस्क के अवैध भण्डार की जब्ती की कार्रवाई, दो एफआईआर दर्ज कराई गई है और कार्रवाई जारी है।



अधीक्षण खनि अभियंता एनएस शक्तावत ने बताया कि तीन दिन से जारी औचक निरीक्षण के दौरान 5 स्थानों पर अब तक 1895 टन लोह अयस्क का रॉ खनिज और फिनिश खनिज जब्त करते हुए बहरोड़ थाने और सरुण्ड थाने में दो अलग अलग एफआईआर दर्ज कराई गई है। पहली कार्रवाई बहरोड़ के रीको एरिया में गिरिश मिनरल्स एण्ड ग्राइण्डिंग कंपनी में की गई। यहां पर क्रसर से लोह अयस्क को फिनिश करना पाया गया है।

कंपनी में परिसर में 90 टन रॉ लोह अयस्क और 160 टन फिनिश लोह अयस्क का अवैध भण्डारण पाया गया। कंपनी के रिकॉर्ड में मेसेनरी स्टोन और रेड ऑकर दिखाया गया और मौके पर इनके स्थान पर लोह अयस्क की ढेरियां पाई गई। क्रसर कंपनी के मालिक मौके पर उपलब्ध नहीं मिले पर मौके पर उपलब्ध कंपनी के कार्मिक द्वारा भण्डारित लोह अयस्क के संबंध में संतोष जनक उत्तर नहीं दिया जा सका। विभाग द्वारा बहरोड़ थाने में एमएमडीआर एक्ट की धारा 4 व 21 के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गईं।

विभागीय टीम द्वारा कोटपूतली के ही नारेडा और चिमनपुरा व आस-पास के क्षेत्र में 5 स्थानों पर लोह अयस्क के भण्डार को जब्त करते हुए संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। नारेड़ा में जगदंबा धर्म कांटे के पास बांके बिहारी माइन एण्ड मिनरल्स में 295 टन फिनिश लोह अयस्क का अवैध भण्डारित ढेर जब्त कर सरुण्ड थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

इसी तरह से नीम का थाना के पास 450 टन फिनिश लोह अयस्क और अन्य 150 टन लोह अयस्क की ढेरी जब्त की गई है। चिमनपुरा में 800 टन अवैध भण्डारित लोह अयस्क जब्त किया गया है।

गौरतलब है कि सितंबर माह के पहले सप्ताह में जयपुर के भांकरोटा क्षेत्र में जयपुर माइनिंग इंजीनियर श्याम कापड़ी के निर्देशन में टीम द्वारा अवैध लोह अयस्क पकड़ा गया था। इसके बाद विभाग द्वारा गोपनीय तरीके से सूचनाएं एकत्रित कर तीन दिन से क्षेत्र में कार्रवाई जारी है। विभाग को प्राप्त इनपुट के अनुसार इसमें जयपुर, सीकर, झुन्झनूं, कोटपूतली आदि के अधिकारियों को शामिल कर संभावित क्षेत्रों में कार्रवाई जारी है।

# 'प्रतियोगिताएं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अतिआवश्यक'

## अखिल भारतीय अंतर विद्यालयी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन




महानगर संवाददाता

**नीमकाथाना।** बाईपास स्थित गुढ़ा पब्लिक स्कूल में अखिल भारतीय अंतर विद्यालयी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से 30 से अधिक विद्यालयों के 80 प्रतिभागियों ने पक्ष व विपक्ष में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का विषय 'सोशल मीडिया वास्तविक जीवन के संचार को कर रहा है नष्ट' रहा। प्रतियोगिता के आरंभ में गुढ़ा एजुकेशन हब के निदेशक के सत्येंद्र ने सभी अतिथियों, प्रतियोगिता के जजों, प्रतिभागी विद्यालयों से आए प्रधानाचार्यों, अभिभावकों व अध्यापकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह वाद-विवाद प्रतियोगिता नीमकाथाना क्षेत्र में शिक्षा जगत के लिए एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अतिआवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुढ़ा एजुकेशन हब के चेयरमैन संपत बेनीवाल ने की। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ता है और वह प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करते हैं।

इसके बाद प्रतिभागियों ने विषय के पक्ष और विपक्ष में जोरदार तर्क दिए। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर खिलेश कुमार, प्रोफेसर सुनील कुमार एसकेपी राजकीय महाविद्यालय व रोहतास डूडी निदेशक एमडीएस पब्लिक स्कूल ने निष्पक्ष रूप से प्रतियोगिता के फैसले दिए। प्रतियोगिता में विपक्ष में अमन दिल्ली पब्लिक स्कूल झुंझुनूं ने प्रथम, मेघा शर्मा श्री विद्या मंदिर पिलानी ने द्वितीय व आरजू सैनी गुढ़ा पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहींपक्ष में इशिका दाधीच श्रीजीबी मोदी पब्लिक स्कूल ने प्रथम, वंशिका गुढ़ा पब्लिक स्कूल ने द्वितीय व गीतांजलि दिल्ली पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

ओवरऑल ट्रॉफी दिल्ली पब्लिक स्कूल, प्रथम रनर अप ट्रॉफी गुढ़ा पब्लिक स्कूल व द्वितीय रनर अप ट्रॉफी श्री विद्या मंदिर पिलानी ने अर्जित की। सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट व मोमेंटो से नवाजा गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. पीके भाटी ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों के क्रियाशील विचारों, नवीनतम भावनाओं व तार्किक विचारों को व्यक्त करने के लिए जरूरी है।

# लता मंगेशकर के सुपरहिट गानों की प्रस्तुति से श्रोत्रा मंत्रमुग्ध



**श्रीमाधोपुर(मसं.)।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज की ओर से संगीत क्षेत्र की उभरती महिला प्रतिभाओं के लिए चौधरी नाथुराम भामु रोटरी भवन में भारत रत्न स्वर कोकिला लता मंगेशकर की स्मृति में गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके ग्रुप-अ में 18 वर्ष से कम और ग्रुप-ब में 18 वर्ष से अधिक दोनों वर्गों में 21-21 कुल 42 प्रविष्टियां प्राप्त हुई। प्रतिभागियों ने लता मंगेशकर के सुपरहिट गानों पर अपनी प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता के ग्रुप अ में एनी कुमावत विजेता, अलका उपविजेता व खुशी कुमावत तीसरे स्थान पर रही। इसी तरह ग्रुप-ब में ज्योति सैनी विजेता, श्रेया शर्मा उपविजेता व बबिता वर्मा तीसरे स्थान पर रही। इस निशुल्क प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी प्रतिभागियों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट दिया गया और दोनों वर्गों में पहले तीन स्थान पर रहने वाली प्रतिभागियों को क्लब द्वारा स्मृति चिन्ह व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का निर्णय चार जजों मान कंवर, मिनाक्षी पारीक, मुकेश पारीक व रोटेरियन शांति लाल सोनी ने किया। मंच का संचालन गिरिराज कयाल, अमित गिनोडिया व दिलीप सिंह शेखावत ने किया। इस दौरान प्रतियोगिता के प्रोजेक्ट चैयरमेन पूर्व सहप्रान्तपाल रोटेरियन संजीव फ्रैंकलिन, को-चैयरमेन रोटेरियन गिरिराज कयाल, रोटेरियन शांतिलाल सोनी, राजेन्द्र प्रसाद कसेरा, डॉ. माधव सिंह, दिलीप सिंह शेखावत, सुरेश चोटिया, सागर मल शर्मा सहित शहर के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# कांग्रेस अल्पसंख्यक के जिला प्रभारी ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक



महानगर संवाददाता

**नीमकाथाना।** संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के सीकर व नीमकाथाना जिला प्रभारी सुलेमान फारूकी के नीमकाथाना आगमन पर जिला व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित बैठक में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष पद के लिए आवेदकों के बायोडाटा प्राप्त किए गए। बैठक को संबोधित करते हुए फारूकी ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों से कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। इन आवेदनों पर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश चेयरमैन एमडी चोपदार व शीर्ष नेतृत्व द्वारा शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज, पंजाबी समाज, सिख समाज, जैन समाज व पारसी समाज के लोगों को कांग्रेस पार्टी में पूरा अवसर दिया जाएगा। सभी समाज मिलकर राहुल गांधी को मजबूत करेंगे और कांग्रेस संगठन को नई मजबूती प्रदान करेंगे। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष मदन लाल सैनी, मालाराम वर्मा पाटन ब्लॉक अध्यक्ष, कैप्टन बलदेव सिंह नगर अध्यक्ष, राजू खा पाटन, नवाब खान गुहाला, इधू खा, इधू छावनी, मुश्ताक खान आदि मौजूद रहे।

# अमृता हाट व शेखावाटी उद्योग मेला एक अक्टूबर से

महानगर संवाददाता

**सीकर।** महिला अधिकारिता विभाग की ओर से एक अक्टूबर से जिला स्तरीय अमृता हाट व शेखावाटी उद्योग मेले का आयोजन किया जाएगा। विभाग के उपनिदेशक राजेन्द्र कुमार चौधरी ने बताया कि मेले का आयोजन महिला अधिकारिता विभाग व जिला उद्योग केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में होगा। मेला 1 से 7 अक्टूबर तक अरबन हाट परिसर लगेगा। इसके लिए महिला उद्यमी व स्वयं सहायता समूह महिला अधिकारिता विभाग कार्यालय में पंजीकरण करवा सकते हैं। मेले में हैंडीक्राफ्ट, हैंडब्लॉक, कॉस्मेटिक, मसाला, मिट्टी के बर्तन, मिररवर्क, क्लेआइटम, खाने के आइटम, खिलौनों आदि की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

# दुर्गा पूजा महोत्सव में हुआ संगीतमय सुंदरकांड पाठ



महानगर संवाददाता

**सीकर।** रामदास बाबा की बगीची के पास धनजी मनजी गींदड़ चौक में चल रहे दुर्गा पूजा महोत्सव में रविवार को संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जग कल्याणी दुर्गा पूजा समिति की ओर से आयोजित इस महोत्सव में प्रकाश मण्डावरा एंड पार्टी के विद्वान पंडितों ने पूरे साजबाज के साथ सस्वर सुंदरकांड पाठ किया। बीच-बीच में मैया, बालाजी व श्यामबाबा के भजनों की प्रस्तुति दी गई। श्यामभक्त भजन गायक रामगोपाल गोपी ने भक्ति से सरोबार भजन सुनाए, जिन्हें सुनकर श्रद्धालु झूम उठे। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष शंकरलाल पहाड़िया, मंत्री ओमप्रकाश माथुर, कोषाध्यक्ष मुकेश शर्मा, रामस्वरूप शर्मा, श्रीकांत डस्सा, राकेश शर्मा, अमरचन्द शर्मा, कोकट जोशी, संजय शर्मा, मोतीलाल शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# स्वास्थ शिविर में जांच व उपचार से लाभान्वित हुईं महिलाएं



द्दमहानगर संवाददाता

**नीमकाथाना।** राष्ट्र के स्वास्थ्य परिदृश्य में बदलाव 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान के तहत नीमकाथाना जिला कपिल अस्पताल में मेगा कैंप और प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन किया गया। जिला कपिल अस्पताल पीएमओ डॉ. कमल सिंह शेखावत ने बताया कि शिविर में 1864 रोगियों का पंजीयन हुआ। चिकित्सकों ने सभी को उपचार के साथ उचित सावधानियां बरतने का परामर्श भी दिया। डॉ. शेखावत ने बताया कि कैंप में 98 रोगियों की ईएनटी व नेत्र पीड़ा के 50 रोगियों को उपचार दिया गया। वहीं 88 रोगियों के रक्तचाप, 88 रोगियों के मधुमेह उपचार, 98 रोगियों के ओरल कैंसर, 237 महिला रोगियों के ब्रेस्ट कैंसर की स्कैनिंग की गई। इसके अलावा 19 बच्चों का टीकाकरण, 11 मेजर व माइनर ऑपरेशन किए गए।

शिविर में 27 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी व 6 निक्षय किट वितरित किए गए। शेखावत ने बताया कि स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत शिविर में सभी महिलाओं के लिए चिकित्सा जांच व स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के साथ मातृ व सुरक्षा कार्ड, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व आयुष्मान वंदना कार्ड बनाए गए।

# विधानसभा अध्यक्ष ने किया सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ



महानगर संवाददाता

**अजमेर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के वरुण सागर रोड स्थित कीर्ति नगर में 13.20 लाख रुपए की लागत वाले सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इसका निर्माण सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा करवाया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह विकास कार्य क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधा व सुगम यातायात उपलब्ध कराएगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि सड़क कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र के निवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सड़क व भवन जैसी आधारभूत संरचनाएं आमजन के जीवन स्तर को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि निर्माण से वार्ड के निवासियों को सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध होगी और क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सड़क की गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर पर दीपक शर्मा, गोविंद राम साहू, मोनू सिंह, पंकज सिंह, महेंद्र रावत, विवेक सिंह, लाल सिंह सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष का किया स्वागत

महानगर संवाददाता

**सीकर।** अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन सीकर की ओर से रविवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता का शॉल, साफा, दुपट्टा व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। सम्मेलन के जिलाध्यक्ष पवन मोदी की अगुवाई में किए गए अभिनंदन में महामंत्री सुरेश अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, सुरेश फागलवा, राजेन्द्र अग्रवाल, अशोक जैन, सपना जैन आदि शामिल थे।

# नवरात्र पर्व पर बालाजी मंदिर में अखंड कीर्तन शुरू



महानगर संवाददाता

**नवलगढ़/मुकुंदगढ़।** शहर में स्थित ठड्डे वाले बालाजी मंदिर परिसर में नवरात्र के पावन पर्व पर अखंड कीर्तन प्रारंभ हुआ। मंदिर पुजारी सुभाष शर्मा ने बताया कि महंत त्यागी महाराज ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर कीर्तन का शुभारंभ किया। आचार्यत्व मनोज सुरोलिया व रामचंद्र सुरोलिया ने मंत्र उच्चारण कर विधिवत पूजा-अर्चना करवाई। इस मौके पर गोविंद शर्मा, नरेंद्र योगी, राजाराम सुरोलिया, महावीर कुमावत, शरद जोशी, विद्याधर सैनी, सीताराम कुमावत, कपिल शर्मा, रामस्वरूप कुमावत सहित सैकड़ों भक्तगण मौजूद थे।

# शेखावाटी की हवेलियों, बावड़ियों व छतरियों के संरक्षण पर चर्चा

## पर्यटक दिवस पर विरासत संरक्षण विषयक गोष्ठी का आयोजन

महानगर संवाददाता



**नवलगढ़।** पर्यटक दिवस के अवसर कस्बे के गायत्री मंदिर में विरासत संरक्षण विषयक गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें शेखावाटी की हवेलियों, कुओं, बावड़ियों व छतरियों के संरक्षण के बारे में विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंटेक झुंझुनूं चेप्टर के चेयरमैन कुंवर राघवेन्द्र सिंह ने की। मुख्य अतिथि नवलगढ़ क्लब अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह थे। वहीं विशिष्ट अतिथि डॉ. भास्कर बी रावल, श्रीकांत मुरारका, समाजसेवी बृजलाल मारोठिया, मोहनलाल चूड़ीवाल, एडवोकेट प्रतापसिंह झाझड़ थे। इस मौके पर कुंवर राघवेन्द्र सिंह इंटेक झुंझुनूं चेप्टर के चेयरमैन व देवेन्द्र सिंह का दुपट्टा, साफा व माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्रीकांत मुरारका ने कहा कि हम सबको मिलकर विरासत का संरक्षण करना चाहिए, यह हमारे पुरखों की पहचान है।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. दयाशंकर जांगिड़ ने कहा कि सफाई, रोशनी, सड़क सुधार आदि नगर पालिका के कार्य है। हमारा काम हवेली मालिकों से संपर्क कर उनको बचाना है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका से घूम चक्कर क्षेत्र में गोल्डन कलर करवाकर नवलगढ़ को गोल्डन सिटी बनाना है।

इस अवसर पर हिंदी दिवस पर आयोजित लेखन प्रतियोगिता व विरासत संरक्षण पर पोस्टर प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों का सम्मान किया गया।

अध्यक्षता करते हुए कुंवर राघवेन्द्र सिंह ने कहा कि हवेलियों के संरक्षण के लिए कानून बनाए जाने चाहिए, तभी इनकी सुरक्षा हो सकती है। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण कुमार दायमा ने किया। देवेन्द्र सिंह ने पुस्तकालय के लिए ऐतिहासिक पुस्तकें देने की घोषणा की। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. भास्कर बी रावल ने दिया। कार्यक्रम में मुरली मनोहर चोबदार, पंकज शाह पीरामल दायमा, मेजर डीपी शर्मा, रामकुमार सिंह राठौड़, चिरंजीलाल सैनी, हरिराम सैनी, फूलचंद सैनी, अर्जुनलाल सैनी सहित प्रज्ञा पुस्तकालय के छात्रों ने भाग लिया।

# स्वयं सेवकों ने जय घोष के साथ निकाला पथ संचलन

महानगर संवाददाता



**रामगढ़ पचवारा।** विजयदशमी उत्सव के उपलक्ष्य में उपखंड मुख्यालय पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पथ संचलन निकाला। संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने शहर के प्रमुख मार्गों से घोष वादन के साथ कदमताल की। इससे पूर्व पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में शस्त्र पूजन किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वासुदेव शर्मा रहे। शस्त्र पूजन के बाद स्वयंसेवकों ने खेल मैदान से पथ संचलन शुरू किया। यह संचलन शिव कॉलोनी, मुख्य बाजार, लखेरा मोहल्ला, कोलीयान मोहल्ला, कटारा मोहल्ला, पीएम श्री विद्यालय व खटीक मोहल्ला से होते हुए वापस खेल मैदान पर समाप्त हुआ। इस अवसर पर थाना अधिकारी मदनलाल मीणा, विभाग सेवा प्रमुख दीनदयाल, विभाग घुमंतू संयोजक रामस्वरूप, जिला बौद्धिक प्रमुख हरिराम, जिला पर्यावरण संयोजक पूरन चंद, खंड कार्यवाह झंडू राम, मोहन बेडिवाला, बाबूलाल हलवाई, गोपाल सिंह, दयाचंद हलवाई, बद्री मारवाड़ी सहित कई स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# शहीद रामनिवास की स्मृति में 30वीं फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** ग्राम कुमावास में शहीद रामनिवास की स्मृति में आयोजित 30वीं फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि नवलगढ़ पंचायत समिति के प्रधान दिनेश सुंडा रहे। उन्होंने प्रतियोगिता का उद्घाटन कर युवाओं को शहीद रामनिवास के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। इस अवसर प्रधान सुंडा ने कहा कि शहीद रामनिवास जैसे वीर सपूतों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। हमें उनके पदचिन्हों पर चलते हुए राष्ट्रसेवा और समाजसेवा को अपने जीवन का उद्देश्य बनाना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि खेलों को अपनाकर अनुशासन, समर्पण व देशभक्ति की भावना को जीवन में उतारें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुमावास सरपंच रतनलाल बोयल ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि मेजर जगदीश प्रसाद रहे, जिन्होंने भी शहीद रामनिवास को श्रद्धांजलि अर्पित की और युवाओं को खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उद्घाटन मैच में स्थानीय टीमों के बीच जोरदार मुकाबला देखने को मिला, जिसमें कुमावत व कैरू टीम ने जीत हासिल की।



# झूलेलाल साईं मंदिर में श्याम कथा महोत्सव का समापन



महानगर संवाददाता

**सीकर।** शेखपुरा मोहल्ला स्थित श्री झूलेलाल साईं मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय श्री श्याम कथा का विश्राम रविवार को हुआ। आयोजन समिति की संयोजिका गो सेविका ज्योति तनवानी ने बताया कि कथा व्यास पीठ पर पंडित भवानी शंकर महाराज, देवीपुरा बालाजी मंदिर के पुजारी पवन महाराज व पंडित अभिजीत शर्मा के सानिध्य में तीन दिवसीय श्री श्याम कथा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान बाबा श्याम का जन्मोत्सव मंगल व बधाई गीतों के साथ धूमधाम से मनाया गया। कथा में श्याम को तीन बाण कैसे मिले, शीश के दानी क्यों कहलाए, कैसे खाटू में पधारे आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। जयपुर से भजन गायिका अनामिका शर्मा ने बाबा का गुणगान किया। इसी के साथ कथा का विश्राम हुआ। कार्यक्रम में कैलाश थादानी, देवीदास केसवानी, सीकर व्यापार संघ के संरक्षक राधेश्याम पारीक, महामंत्री कैलाश स्वामी, उपाअध्यक्ष नारायण सिंह, रविन्द्र भार्गव, सुनिल कौशिक, बीडी सिंधी, सोनू भोजनानी सहित सिंधी समाज की मातृशक्ति व गणमान्य भक्त उपस्थित रहे।

# 'स्वच्छता केवल सरकार का ही नहीं, बल्कि आमजन का भी दायित्व'

## स्वच्छोत्सव, जीएसटी बचत उत्सव व फ्लैगशिप योजनाओं पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय सवाई माधोपुर की ओर से ग्राम पंचायत डूंगरी में स्थानीय ग्राम पंचायत, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से स्वच्छता ही सेवा और जीएसटी सुधार बचत उत्सव पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्यूरो के प्रभारी अधिकारी नेमीचंद मीणा ने कार्यक्रम में विभागीय गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए स्वच्छता ही सेवा अभियान, केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा कर जीएसटी बचत उत्सव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 12 व 28 प्रतिशत टैक्स स्लैब को खत्म कर अब केवल 5 व 18 प्रतिशत टैक्स स्लैब को ही रखा गया है, जिससे छोटे व्यापारियों और आम आदमी को बहुत राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आयोजित यह जागरूकता कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण है। वास्तव में




स्वच्छता केवल सरकार या प्रशासन का कार्य नहीं है, बल्कि आमजन का दायित्व है। इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छ और स्वस्थ भारत के लक्ष्य को बढ़ावा देने के लिए हमें अपनी आदतों को बदलना होगा। ग्राम पंचायत डूंगरी के सरपंच गंगासहाय मीणा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से अवश्य ही लोग स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने ने बताया कि स्वच्छता सरकार का ही नहीं, बल्कि हम सब का दायित्व हैं जिसे हमें समझना चाहिए और इसकी आदत डालनी चाहिए, ताकि हम कई बीमारियों से बच सकें और दूसरों को भी बचा सके।

स्वच्छता स्वास्थ्य का पूरक हैं। जागरूकता के साथ-साथ स्वच्छता को अपने व्यवहार में लाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमें खुद को, घर, अपने आसपास, समाज, समुदाय, शहर, उद्यान और पर्यावरण आदि को रोज स्वच्छ रखने की जरूरत है। पंचायत समिति सदस्य डूंगरी नारंगी देवी ने भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित सरकार की योजनाओं की सराहना करते हुए स्वच्छता ही सेवा व जीएसटी से संबंधित कार्यक्रम को आमजन के लिए उपयोगी बताया। उप स्वास्थ्य केंद्र डूंगरी के सीएचओ मुनेश कुमार मीना ने स्वच्छता के महत्व प्रकाश डालते हुए उपस्थित जन समुह को हाथ धोने के सही तरीके का प्रदर्शन करके दिखाया। उन्होंने सभी से अपील की कि वे बीमारियों से बचने के लिए अपनी दिनचर्या में बदलाव कर शारीरिक गतिविधियों को अधिक प्राथमिकता दे। उन्होंने बताया की स्वच्छता का सीधा संबंध हमारे स्वास्थ्य से है। उन्होंने आज की युवा पीढ़ी के मानसिक स्वास्थ्य एवं मोबाईल के उपयोग से उस पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में उपस्थित दर्शकों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने राज्य सरकार की मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, जननी शिशु सुरक्षा योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना आदि के बारे में भी उपस्थित जनसमूह को जानकारी दी।

# 'मेरी आवाज ही पहचान है' में दी लता मंगेशकर को सुरमयी श्रद्धांजलि

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भारत रत्न लता मंगेशकर के 96वें जन्मदिन पर रविवार को कृष्णा ऑडिटोरियम, सीतापुरा में संगीतमयी संध्या 'मेरी आवाज ही पहचान है' का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मशहूर गजल गायक पद्मश्री उस्ताद अहमद हुसैन और उस्ताद मोहम्मद हुसैन रहे। इस मौके पर सभागार में उपस्थित श्रोताओं ने हर गीत का आनंद लेते हुए संध्या को जीवंत बना दिया।

मरु कोकिला सीमा मिश्रा ने अपनी मधुर और दिल को छू जाने वाली आवाज में ओ पालनहारे और गुमनाम है कोई प्रस्तुत किए, युगल प्रस्तुतियों में उन्होंने यारा ओ यारा रवि जैन के साथ और थाने काजलयो बना दूं संजय रायजादा के साथ गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मधु भाट ने आपकी नजरों ने समझा और आ जाने जा गाकर संध्या का समां बांधा, युगल प्रस्तुतियों में उन्होंने तेरे लिए हम हैं जिए जावेद हुसैन के साथ और तेरे संग प्यार में नहीं तोड़ना रवि जैन के साथ प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में आईएएस अधिकारी रवि जैन ने भी अपनी संगीतिक प्रतिभा से सबका दिल जीत लिया। उन्होंने सीमा मिश्रा और मधु भाट के साथ युगल प्रस्तुतियों में अपनी मधुर और संतुलित आवाज से माहौल को और रोमांचक बना दिया।



### ये प्रस्तुतियां भी रही खास

जावेद हुसैन ने अगर मुझे महफूज है प्रस्तुत किया, किरण भाट ने दिल दीवाना बिन सजना के और तेरे बिना जिया जाए ना पेश किए, दीप शिखा जैन ने ऐसा समां ना होता मेरे हमराह और जब तक है जान से माहौल को रोमांटिक बना दिया। डॉ. गौरव जैन ने दिल जो ना कह सका और गाता रहे मेरा दिल गाकर संध्या में भावनाओं की गहराई बढ़ाई। संजय रायजादा ने वादियाँ तेरा दामन और तस्वीर तेरी दिल में गाकर संगीत का रंग और भी प्रगाढ़ कर दिया। मधु भाट और मोहन लाल ने सौ साल पहले मुझे तुमसे प्यार था पेश किया। मधु भाट और जावेद हुसैन ने तुम मेरे सामने और आया मौसम दोस्ती का से संध्या को अविस्मरणीय बना दिया।

## राधेश्याम अग्रवाल राष्ट्रीय सलाहकार मनोनीत

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन में राधेश्याम अग्रवाल को अग्रवाल समाज के प्रति सच्ची सेवा भाव को देखते हुए संगठन का राष्ट्रीय सलाहकार मनोनीत किया गया है। इनकी नियुक्ति पर समाज के राजकुमार मित्तल, राजेन्द्र मोदी, नथमल बंसल, पंकज गोयल, दामोदर अग्रवाल सहित सैकड़ों व्यापारियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

## यादव महासभा ने किया सुरेंद्र यादव का स्वागत



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** बापू नगर स्थित राजस्थान युवा यादव महासभा के कार्यालय में रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में राजस्थान युवा यादव महासभा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र यादव को माहेश्वरी समाज जयपुर की ओर से कार्यकारिणी में शामिल किए जाने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के राष्ट्रीय महासचिव दिनेश यादव, राजस्थान यादव महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र यादव, युवा प्रदेशाध्यक्ष मदन यादव, युवा शहर अध्यक्ष मुकेश यादव तथा महासचिव राहुल देव यादव ने दुपट्टा, पुष्प एवं गाय माता का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस दौरान संपूर्ण यादव समाज की ओर से माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष उमेश सोनी, उपाध्यक्ष निर्मल दर्गड़ और मंत्री आशीष, सचिव का आभार ज्ञापित किया।

## श्री परशुराम ज्ञानपीठ में कन्या छात्रावास का शुभारंभ

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** श्री परशुराम ज्ञानपीठ जयपुर में स्थापित छत्र-छायां महिला छात्रावास का शुभारंभ 1 अक्टूबर नवरात्र की पवित्र महानवमी को होगा। ज्ञानपीठ प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पूर्व डीजीपी ओमेंद्र भारद्वाज ने बताया कि विप्र फाउंडेशन की ओर से संचालित छात्रावास में समाज की प्रतिभाशाली कन्याओं को प्रवेश दिया जाएगा। प्रबंधन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष हरिप्रसाद शर्मा ने बताया कि घर से दूर घर जैसे ही परिवेश से समृद्ध छात्रावास में प्रवेश के लिए केवल रख-रखाव शुल्क ही लिया जाएगा। आवास पूरी तरह से निशुल्क रहेगा। संचालन समिति के सचिव सतीश शर्मा ने बताया कि छात्रावास के सुसज्जित आवास कक्ष में बेड, अलमारी, मेज एवं कुर्सी, बिजली एवं पंखे की सुविधा, शुद्ध एवं शीतल पेयजल, डाइनिंग हॉल, महिला वार्डन एवं सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, लाइब्रेरी, साझा शौचालय एवं स्नानगृह, नियमित साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था आदि की सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## राजकीय स्टेट कैंसर हॉस्पिटल में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सद्गुरुदेव सतपाल महाराज एवं विभु महाराज की प्रेरणा से चलाए जा रहे स्वच्छ भारत अभियान के तहत मानव उत्थान सेवा समिति शाखा जयपुर के प्रभारी महात्मा अनसूईया बाई जी एवं अलका बाई जी के सा।निध्य में रविवार को सघन स्वच्छता स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी सुनिता रमेश सैनी ने बताया कि कार्यक्रम में समिति के शाखा कार्यकर्ता, मानव सेवा दल एवं यूथविंग के सदस्यों ने राजकीय स्टेट कैंसर हॉस्पिटल, पुरुषोत्तम पार्क आदि कई जगहों पर श्रमदान किया। इस दौरान स्थानीय पार्षद रवि उपाध्याय, पार्षद शंकर दयाल शर्मा, गिर्राज गुप्ता एवं कैंसर हॉस्पिटल के चिकित्सक एवं नर्सिंग ऑफिसर्स मौजूद रहे।

## मां भगवती विशाल जागरण आयोजित



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जवाहर नगर टीला नं. 1, मुकेश नगर में श्री श्याम सखा मित्र मंडल द्वारा द्वितीय विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई आकर्षक झांकियां निकाली गईं, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। भाजपा युवा नेता युगल खोड़ा ने बताया कि इस जागरण में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, हेरिटेज महापौर कुसुम यादव, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र प्रत्याशी रवि नैयर, जयपुर चेयरमैन महेंद्र पहाड़िया, रवि कुमार शर्मा, केशव दायमा, कुलदीप टांक, शेर सिंह, शामा देवी, विकास दानका, योगेंद्र, नितिन साहनी, पंकज शर्मा, किशन और विकास खोनवाल सहित 500 से अधिक भक्त उपस्थित रहे।

# ग्रीन फिट मैराथन में जयपुराइट्स ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

### उपमुख्यमुत्री दीया कुमारी ने किया फ्लैग ऑफ

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर के विद्याधर नगर में रविवार सुबह फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का अद्भुत संगम देखा।

रोटरी क्लब ऑफ जयपुर रॉयल की ओर से आयोजित ग्रीन फिट मैराथन-द्वितीय संस्करण में बड़ी संख्या में जयपुराइट्स ने भागीदारी कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मैराथन का आयोजन मोशन ब्रेन्स प्रा. लि. द्वारा किया गया था, जिसमें खंडेलवाल हार्ट इंस्टीट्यूट, केयर हेल्थ इंश्योरेंस तथा रोटरी क्लब जयपुर रॉयल सहयोगी संस्थाएं रहीं।

मैराथन में 3,000 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया जो जयपुर शहर के साथ-साथ आसपास के गांवों और प्रदेश के विभिन्न कोनों से आए थे और सभी ने मिलकर 'रन फॉर ग्रीनर अर्थ' का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, रोटरी क्लब जयपुर रॉयल की अध्यक्ष रोटेरियन पूनम बगड़िया, प्रख्यात बॉलीवुड गायक रविन्द्र उपाध्याय, एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने प्रतिभागियों को स्वच्छ और हरित धरती के लिए आगे बढ़ने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में बॉलीवुड गायक रविन्द्र उपाध्याय के गीतों ने वातावरण को और भी ऊर्जावान बना दिया।



### स्वच्छता के लिए किया जागरुक

रोटरी क्लब के सदस्यों ने इस अवसर पर 'रिड्यूस, रीयूज, रीसायकल, प्लास्टिक का परित्याग करें, पर्यावरण बचाएं, पृथ्वी बचाएं और अपने आसपास स्वच्छता रखें' जैसे संदेशों के साथ समाज को जागरूक किया। क्लब की अध्यक्ष रोटेरियन पूनम बगड़िया ने कहा कि यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि धरती को स्वच्छ और हरित बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाएं।

### दीया कुमारी ने किया विजेताओं को सम्मानित

विजेताओं को उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने सम्मानित किया और युवाओं की भागीदारी की सराहना की। रोटरी की प्रांतपाल रोटेरियन प्रज्ञा मेहता एवं प्रांतपाल निर्वाचित रोटेरियन अरुण बगड़िया ने भी रोटरी क्लब जयपुर रॉयल को इस सराहनीय पर्यावरणीय पहल के लिए बधाई दीं। कार्यक्रम में रोटरी क्लब जयपुर रॉयल के सचिव रोटेरियन रमेश गोयल, बड़ी संख्या में रोटेरियन्स तथा युवाओं ने सक्रिय योगदान दिया। आयोजन को सफल बनाने में विशेष सहयोग वीरेन्द्र सिंह (मोशन ब्रेन्स प्रा. लि.) का रहा। मैराथन में 3 किमी फन रन, 5 किमी टाइम्ड रन और 10 किमी टाइम्ड रन जैसी श्रेणियां रखी गईं, जिनमें विजेताओं को 50,000 रुपए तक के नगद पुरस्कार प्रदान किए गए।

### 'सीखेगा भारत, तभी तो आगे बढ़ेगा भारत'

## जयपुर लर्निंग फेस्टिवल 9 व 10 नवम्बर को, वेबसाइट लॉन्च



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में विश्व इतिहास का सबसे बड़ा लर्निंग एंड मोटिवेशनल फेस्ट जयपुर लर्निंग फेस्टिवल 9 व 10 नवम्बर को आयोजित होगा। इसकी तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं। इस अवसर पर मोटिवेशनल स्पीकर सौरभ जैन 30 घंटे तक 100 से अधिक विषयों पर स्पीच देंगे, वह भी बिना बायो ब्रेक, बिना पानी-पदार्थ और बिना बैठे। इस ऐतिहासिक आयोजन की प्रगति समीक्षा के लिए जयपुर शहर की 150 से अधिक प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति में भव्य बैठक आयोजित हुई।

कार्यक्रम के चीफ डायरेक्टर प्रमोद जैन ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है 'सीखेगा भारत, तभी तो आगे बढ़ेगा भारत।' यह फेस्ट छात्रों, प्रोफेशनल्स, उद्यमियों, महिलाओं और समाज के प्रत्येक वर्ग को सेल्फ डिस्कवरी, माइंडसेट मास्टरी, अपस्किलिंग और अनस्टॉपेबल ग्रोथ की स्किल्स सिखाकर राष्ट्र निर्माण को नई गति देगा।

प्रोजेक्ट डायरेक्टर्स विवेक काला और सुधीर जैन गोधा ने बताया कि कार्यक्रम की सफलता के लिए 250 से अधिक विशेषज्ञों की टीम बनाई गई है। बैठक में कार्यक्रम की आधिकारिक वेबसाइट भी लॉन्च की गई। मीटिंग का संचालन युक्ति जैन ने किया और अंत में मीडिया प्रभारी राजकुमार बैद व विनोद जैन 'कोटखावदा' ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## जैन मंदिर में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जनकपुरी जैन मंदिर, संयम भवन में रविवार को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन राजस्थान हॉस्पिटल, ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन ट्रस्ट, दिगम्बर जैन महिला महासमिति एवं जनकपुरी जैन मंदिर प्रबंध कार्यकारिणी के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त डॉ. ऋचा बलवदा, विशिष्ट अतिथि राजस्थान विश्वविद्यालय कला संकाय की पूर्व अधिष्ठाता प्रो. कुसुम जैन रहीं। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने विभिन्न रोगों की निशुल्क जांच, परामर्श एवं स्वास्थ्य संबंधी मार्गदर्शन दिया। साथ ही उपस्थित लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए उपयोगी सुझाव भी प्रदान किए गए। राजस्थान हॉस्पिटल के सुमित शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में डॉ. राहुल तेमानी, डॉ. ममता सैनी, डॉ. कार्तिकेय सिंह, डॉ. शिल्पा गुप्ता उपस्थित रहे।



इस अवसर पर ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष प्रमोद जैन भंवर, मंत्री ऋषि जैन, संयुक्त मंत्री डॉ. राज टॉक एवं कोषाध्यक्ष मनीषा जैन, संरक्षक अजय जैन सहित दिगंबर जैन महासमिति महिला अंचल की अध्यक्ष शकुंतला बिंदायका, अनीता बिंदायका एवं उर्मिला जैन मौजूद रहीं। जनकपुरी जैन मंदिर प्रबंध कार्यकारिणी अध्यक्ष बुद्धि प्रकाश छाबड़ा व मंत्री देवेन्द्र कासलीवाल, अमित शाह, हर्ष जैन ने शिविर में सहयोग प्रदान किया।

## दरभंगा-मदार अजमेर एक तरफा चलेगी अमृत भारत उद्घाटन ट्रेन



महानगर संवाददातात

**जयपुर।** रेलवे की ओर से दरभंगा-मदार अजमेर के लिए एक तरफा अमृत भारत उद्घाटन स्पेशल रेल 29 सितम्बर को रवाना होगी। बाद में यह ट्रेन नियमित की जाएगी।

जानकारी के अनुसार दरभंगा से यह ट्रेन सुबह 11 बजे रवाना होकर अगले दिन जयपुर स्टेशन पर दोपहर 3.45 बजे आगमन व 3.55 बजे प्रस्थान कर शाम को 6.30 बजे मदार पहुंचेगी। यह रेलसेवा दरभंगा, कमतौल, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी, बैरगनियां, रक्सौल, सिकटा, नरकटियागंज, बगहा, सिसवा बाजार, कप्तानगंज, गोरखपुर, बस्ती, मनकापुर, गोंडा, बाराबंकी, गोमतीनगर, बादशाहनगर, ऐशबाग, उन्नाव, कानपुर सेट्रल, फफूं द, इटावा, टूण्डला, ईदगाह, भरतपुर, मंडावर महुवा रोड, बांदीकुई, गांधीनगर जयपुर, जयपुर व किशनगढ़ स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस अमृत भारत उद्घाटन रेलसेवा में 11 साधारण श्रेणी, 8 द्वितीय शयनयान सहित कुल 22 डिब्बे होंगे।

## रैगर समाज का सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** दुर्गापुरा स्थित 'सियाम' राज्य कृषि प्रबंध संस्थान सभागार में रैगर समाज की महिलाओं का प्रथम सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार को आयोजित किया गया। यह आयोजन अखिल भारतीय रैगर महासभा, महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में हुआ।

महासभा की प्रदेश अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक तारा बेनीवाल ने बताया कि सम्मेलन में देशभर से रैगर समाज की महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर महिलाओं की समाज और राष्ट्र निर्माण में भूमिका, संगठन की भावना, सामाजिक-आर्थिक-सांस्कृतिक एवं राजनीतिक क्षेत्रों में सक्रिय भागीदारी, सामाजिक कुरीतियों का उन्मूलन तथा पारिवारिक सुसंस्कारों के संवर्धन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

सम्मेलन की विशेष पहल दहेजमुक्त विवाह परंपरा को बढ़ावा देना रही। इस दौरान उन विवाहित जोड़ों को मंच पर सम्मानित किया गया जिन्होंने बिना दहेज लिए विवाह किया है। साथ ही उपस्थित सभी लोगों को संकल्प भी दिलाया गया कि वे अपने पुत्र-पुत्री का विवाह बिना दहेज करेंगे और इस परंपरा को समाज में आगे बढ़ाएंगे।

### प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

सम्मेलन में समाज की प्रतिभाशाली विभूतियों को भी सम्मानित किया गया। इसमें बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली 43 छात्राएं, अखिल भारतीय व राज्य सेवा में चयनित 17 युवा, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के 22 खिलाड़ी, तथा आयोजन में सहयोग करने वाले 21 दानदाता शामिल रहे।

### विशिष्ट उपस्थिति

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीका राम जूली रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त आईएएस बी.एल. नवल ने की। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एस.के. मोहनपुरिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अति विशिष्ट अतिथियों में विधायक निवाई रामसहाय वर्मा, पूर्व कैबिनेट मंत्री शकुंतला रावत एवं पूर्व विधायक गंगादेवी उपस्थित रहीं।

### रंगारंग डांडिया नाइट का आयोजन

## छात्रों ने पारंपरिक परिधानों में खनकाए डांडिया

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कपिल ज्ञानपीठ परिसर में रंगारंग डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पारंपरिक परिधानों में गरबा और डांडिया पर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा परिसर उत्सव के रंगों से जगमगा उठा।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन एन.के. मोदी, डायरेक्टर मनोज मोदी और प्राचार्या प्रीति माथुर ने दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यार्थियों ने पारंपरिक गीतों पर गरबा और डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। वहीं, विभिन्न फूड स्टॉल्स ने भी सबका ध्यान आकर्षित किया।



कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ परिधान और सबसे आकर्षक नृत्य जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विजेताओं को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। लक्की ड्रा की घोषणा के साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसमें छात्रों में भारी उत्साह देखा गया। यह आयोजन विद्यार्थियों को सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ने और आपसी सौहार्द बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है।

# हाथों में दीप लेकर महिलाओं ने गोल घूमते हुए किया नृत्य

**जयपुर।** जवाहर नगर के साईं पुरसनाराम पार्क में सिंधी सेंट्रल एसोसिएशन, जवाहर नगर के तत्वावधान में रविवार को सिंधु डांडिया नाइट का आयोजन किया गया।




अध्यक्ष रतन ऐलानी ने बताया कि भाजपा नेता अशोक परनामी ने दुर्गा माता की मूर्ति के आगे दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आयुष मंत्रालय के सचिव राजेश कोटेचा थे। संयोजिका चंचल लक्खी ने बताया कि सबसे पहले हाथों में दीप लेकर महिलाओं ने गोल घूमते हुए नृत्य किया। माता की आराधना के पवित्र नवरात्र त्योहार पर श्रद्धा और भक्ति से सभी संगीत की धुन पर झूमने लगे। बॉलीवुड के लोकप्रिय गीतों के साथ सिंधी, राजस्थानी, गुजराती, पंजाबी गीतों पर सभी थिरकने लगे। घूमर, गरबा, डांडिया आदि नृत्य प्रस्तुत किए गए। छोटे बच्चों ने भी नृत्य का आनंद लिया। गायक मनोज मामनानी ने संगीत की सरिता बहाई। सचिव विजय धनवानी ने बताया कि रंग बिरंगे परिधान धारण किए हुए महिला-पुरुषों से विभिन्न संस्कृतियां साकार हो उठी। कार्यक्रम से जुड़े संजय गेलानी ने बताया कि साईं मुकेश साध,पार्षद महेश कलवानी, महासचिव विजय धनवानी, कोषाध्यक्ष मुरली मनोहर मोरवानी, नरेंद्र लक्खी, तुलसी त्रिलोकानी, सुरेश जयचंदानी, टीटू तनवानी, मनोहर राजानी, टीकमदास खटवानी, हीरा खत्री, पुरुषोत्तम रामरख्यानी, मोहन नानकानी, प्रदीप मेठवाणी, गणेश राजपाल, राजकुमार खटवानी और बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बेस्ट डांसर कपल, बेस्ट डांस मेल, फीमेल, किड आदि के पुरस्कार दिए गए।

### जागृति प्रांगण में गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन

## गरबा की ताल पर देर रात तक थिरकीं महिलाएं

**जयपुर।** झोटवाड़ा स्थित निवारु रोड पर जागृति ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में शनिवार को गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन जागृति ग्रुप एवं अन्य सहयोगियों के संयुक्त प्रयास से किया गया। विप्र कल्याण बोर्ड की पूर्व उपाध्यक्ष मन्जू शर्मा ने बताया पूरे एक माह पहले से ही कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी गई थीं। गरबा के ड्रेस कोड का विशेष ध्यान रखते हुए कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागी पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे नजर आए। जैसे ही गरबा गीतों की थाप बजी ढोल-नगाड़ों की ताल और मां अम्बे के भजनों से पूरा प्रांगण उत्साह और भक्ति से गूंज उठा। बच्चे, युवा और महिलाएं सभी गरबा की ताल पर देर रात तक थिरकते रहे। भव्या शर्मा ने बताया कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में आपसी भाईचारा, ऊर्जा और परंपराओं से जुड़ाव को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक जागृति परिवार, खुशनुमा प्रॉपर्टी, सीके पापड़, शगुन फाइनेंस, एकता डीजे साउंड, मालाबार ज्वैलरी, सॉल्यूशन इंडिया, अन्नपूर्णा नारी संगठन, व्यास सेवा संस्थान, दाधीच ब्राह्मण संस्थान, भगवती नारी संगठन और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# अमेरिका से सतर्क रहने का समय

## अंदरूनी ताकतों से भी रहना होगा सावधान

डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद से विश्व की राजनीति में उथल-पुथल बढ़ी है। एक समय जो अमेरिका आतंकवाद को पनाह देने वाले पाकिस्तान के प्रति कड़ाई बरतता था, वही आज उसकी पीठ थपथपा रहा है। अपने पिछले कार्यकाल में ट्रंप ने पाकिस्तान को आतंकियों को शरण देने और अमेरिका को धोखा देने वाला कहा था, पर अब वे उसकी पैरवी कर रहे हैं और भारत की न केवल उपेक्षा कर रहे हैं, बल्कि उसके हितों के खिलाफ काम भी कर रहे हैं। ट्रंप ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही भारत विरोधी रवैया अपना रखा है। पहले उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की सैन्य कार्रवाई पर यह कहा कि उन्होंने दोनों देशों के बीच युद्ध रोकने का काम किया और फिर भारतीय हितों के खिलाफ काम करने में जुट गए। भारत ने पहलगाम के जिस आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की थी, उसमें 26 लोगों को उनका मजहब पूछकर मारा जाना महज एक बर्बर आतंकी हमला नहीं था। यह भारत को अशांति में झोंकने की एक बड़ी साजिश थी। इस आतंकी हमले के एक हफ्ते के अंदर ट्रंप परिवार की कंपनी ने पाकिस्तान से क्रिप्टो करेंसी का समझौता किया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद उन्होंने पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर को अमेरिका बुलाकर उनकी प्रशंसा के पुल बांधे। वे यह भूल गए कि पाकिस्तानी सेना ने ही 9/11 हमले की साजिश रचने वाले अलकायदा सरगना लादेन को शरण दे रखी थी। उन्होंने यह भी भुला दिया कि पाकिस्तान ने किस तरह अफगानिस्तान में अमेरिकी सेनाओं के खिलाफ काम किया और उससे पैसे लेकर तालिबान की मदद की। पिछले दिनों ट्रंप ने आसिम मुनीर के साथ पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की भी आवभगत की। उन्होंने दोनों को ग्रेट बताया और वह भी इन खबरों के बीच कि पाकिस्तानी सेना ने किस तरह अपने निर्दोष-निहत्थे लोगों पर बम बरसाए। ट्रंप राष्ट्रपति बनने के बाद से अमेरिका के आगे अन्य किसी देश को कुछ नहीं समझ रहे हैं। उनका रवैया यह बताता है कि वह अमेरिका के समक्ष अन्य किसी देश को सशक्त होते हुए नहीं देखना चाहते। वे चीन के प्रति इसलिए हमलावर हैं, क्योंकि वह कई देशों को अपने प्रभाव में ले चुका है और अमेरिका के खिलाफ एक धुरी बन गया है। चूंकि भारत का भी पिछले कुछ वर्षों में अंतरराष्ट्रीय कद बढ़ा है, इसलिए ट्रंप उसे भी एक चुनौती के रूप में देख रहे हैं। ऐसा लगता है कि चीन के बाद भारत का उभार और प्रधानमंत्री मोदी की वैश्विक नेता की छवि और भारत को आत्मनिर्भर बनाने की उनकी मुहिम ट्रंप के साथ अमेरिकी डीप स्टेट के लिए चिंता का विषय बन गई है। अमेरिकी डीप स्टेट के लिए यह जरूरी नहीं कि उसके राष्ट्रपति की सोच उससे मेल खाती हो। वह अपने एजेंडे के हिसाब से काम करता ही रहता है। वह जिस भी देश के उभार को अपने लिए चुनौती मानता है, उसके समक्ष परेशानियां खड़ी करता है। कई बार इसकी शुरुआत उसके पड़ोसी देशों में प्रतिकूल वातावरण बनाकर की जाती है। इसे अनदेखा न किया जाए कि भारत के पड़ोस में पहले बांग्लादेश को अस्थिर किया गया और नई दिल्ली से मित्रवत संबंध रखने वाली शेख हसीना को सत्ता से बाहर किया गया और फिर नेपाल में भी अशांति पैदा की गई। दोनों ही देशों के घटनाक्रम के पीछे विदेशी ताकतों का हाथ देखा गया। यह भी उल्लेखनीय है कि हाल की अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान बांग्लादेश के अंतरिम शासक मोहम्मद यूनुस ने भारत में भावी अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर से सार्क को सक्रिय करने की आवश्यकता जताई और भारत को चिढ़ाने वाले बयान दिए। वे तो अपने यहां के अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों की अनदेखी कर ही रहे हैं, अमेरिका भी इन अत्याचारों को रोकने के लिए कुछ नहीं कर रहा है। यूनुस उस पाकिस्तान से भी दोस्ती बढ़ा रहे हैं, जिसने एक समय बांग्लादेश में कहर ढाया था। ट्रंप का रवैया इसलिए भारत की चिंता बढ़ाने वाला है, क्योंकि उन्होंने भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत टैरिफ थोपने के बाद उस एच-1 बी वीजा फीस में अप्रत्याशित वृद्धि कर दी, जिसके सबसे अधिक लाभार्थी भारतीय पेशेवर हैं। इसके अलावा ट्रंप ने ईरान के चाबहार बंदरगाह में भारत के लिए मुसीबत खड़ी करने का भी काम किया। मौजूदा स्थितियों में भारत को तब तक ट्रंप से सतर्क रहना होगा, जब तक वे अपना रवैया नहीं बदलते। शायद प्रधानमंत्री मोदी यह समझ गए हैं कि इस उथल-पुथल भरे दौर में भारत को अपने बलबूते ही आगे बढ़ना होगा। इसीलिए वे दूसरे देशों पर निर्भरता को सबसे बड़ी समस्या कह रहे हैं और स्वदेशी एवं आत्मनिर्भरता पर लगातार जोर दे रहे हैं। इसके साथ ही इसके लिए प्रयत्न कर रहे हैं कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बने। नेपाल की घटनाओं के बाद कुछ विपक्षी दल भारत में भी वैसी स्थितियां पैदा होने की आशंका जता रहे हैं। वोट चोरी को तूल दे रहे राहुल गांधी ने हाल में कहा कि भारत के जेन-जी संविधान की रक्षा करेंगे। पिछले दिनों लेह में जो हिंसा हुई, उसने इसलिए हैरान किया, क्योंकि लद्दाख के लिए जिन मांगों को लेकर सोनम वांगचुक आंदोलन कर रहे थे, उन पर गृह मंत्रालय के साथ वार्ता होना तय हो गया था। इस हिंसा को नेपाल की जेन-जी जैसी हिंसा बताने के साथ यह भी कहा गया कि यह युवाओं के आक्रोश का नतीजा थी। ऐसी बातें भारत में अस्थिरता पैदा करने की कोशिश करने वाली ताकतों का दुस्साहस बढ़ाने और देश को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों को बाधित करने वाली हैं। यह ध्यान रहे कि भारत आज अमेरिका समेत अन्य अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों का सामना इसीलिए कर पा रहा है, क्योंकि इधर उसकी आर्थिकी सशक्त हुई है। देश के राजनीतिक वर्ग को तो इसकी कोशिश करनी चाहिए कि भारतीय अर्थव्यवस्था और अधिक मजबूत हो और देश वास्तव में आत्मनिर्भर बने। भारत को बाहरी ताकतों के साथ अंदरूनी ताकतों से भी सतर्क रहना होगा। इस सतर्कता का परिचय जनता के साथ विपक्षी दलों को भी देना होगा, क्योंकि यदि किसी उकसावे या साजिश के चलते देश में अशांति फैली, तो भारत ऐसे समय अपनी राह से भटक जाएगा, जब वह विकसित राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा है और विश्व उसकी ओर देख रहा है।



**ट्रंप का रवैया इसलिए भारत की चिंता बढ़ाने वाला है, क्योंकि उन्होंने भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत टैरिफ थोपने के बाद उस एच-1 बी वीजा फीस में अप्रत्याशित वृद्धि कर दी, जिसके सबसे अधिक लाभार्थी भारतीय पेशेवर हैं। इसके अलावा ट्रंप ने ईरान के चाबहार बंदरगाह में भारत के लिए मुसीबत खड़ी करने का भी काम किया। मौजूदा स्थितियों में भारत को तब तक ट्रंप से सतर्क रहना होगा, जब तक वे अपना रवैया नहीं बदलते। शायद प्रधानमंत्री मोदी यह समझ गए हैं कि इस उथल-पुथल भरे दौर में भारत को अपने बलबूते ही आगे बढ़ना होगा।**

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष

# 'कोई संगठन ऐसे ही सौ वर्ष का नहीं हो जाता'

**राजेंद्र मोहन शर्मा**, *वरिष्ठ साहित्यकार, शिक्षाविद् और चिंतक*

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विजयदशमी पर अपने स्थापना के सौ वर्ष पूरे कर रहा है। यह एक ऐसा अवसर है जो ना केवल ऊर्जापूर्ण संघ की यात्रा का पुनरावलोकन करने का है, बल्कि उस तपस्या, समर्पण और निस्वार्थ सेवा का मान सहित अभिवादन करने का भी है, जिसने इस संगठन को भारत की आत्मा का प्रतीक बना दिया है। कोई संगठन ऐसे ही सौ वर्ष का नहीं हो जाता। इसके पीछे करोड़ों स्वयंसेवकों की निस्वार्थ अथक मेहनत, हिंदुत्व की महान संस्कृति का उत्थान, अनवरत जन सेवा और चेतना का विस्तार है। संघ के स्वयंसेवकों ने अनदेखे और अनछूए क्षेत्रों तक अपनी पहुंच बनाई और समाज के सभी वर्गों को जोड़ा तथा राष्ट्र को मजबूत करने में अपना जीवन समर्पित किया। आज जब हम इसके इतिहास पर नजर डालते हैं, तो यह स्पष्ट होता है कि संघ की यात्रा कितनी चुनौतियों से भरी रही है, लेकिन संघ हर बार हर बाधा को अवसर में बदलकर और मजबूत हुआ। संघ के आरंभ से लेकर वर्तमान तक की यात्रा को देखें, जिसमें बैन की कठिनाइयां, पुनरुत्थान की कहानियां, राजनीतिक प्रभाव और स्वयंसेवकों की प्रतिबद्धता शामिल है। संघ भारत की उस शक्ति का प्रतीक है, जो बिना दिखावे के, बिना आकांक्षा के, राष्ट्र सेवा में जुटा है। आज भले ही संघ को सुविधाएं और स्वीकृतियां प्राप्त हैं, लेकिन पिछले सत्तर वर्षों पर नजर डालें तो पता चलता है कि इसकी डगर में कितनी मुश्किलें थीं। पग-पग पर विरोध, घृणा, तिरस्कार और अपमान के कड़वे जहर को खूब पिया है इसने। खैर आगे हम विस्तार से समझते हैं इसकी विकास यात्रा को।

संघ की स्थापना एक महान विचार का जन्म था, जो 27 सितंबर, 1925 को विजयदशमी के पवित्र दिन नागपुर में डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार द्वारा आकारित हुआ। उस समय भारत ब्रिटिश शासन की जंजीरों में जकड़ा हुआ था और हिंदू समाज अंधकार में डूबा हुआ, बिखरा हुआ था। डॉ. हेडगेवार जो एक चिकित्सक थे, ने देखा कि हिंदू समाज की कमजोरियों का मुख्य कारण उसका असंगठित स्वरूप है। वे विनायक दामोदर सावरकर के हिंदुत्व विचार से प्रभावित थे और अपने गुरु डॉ. बी.एस. मूंजे से प्रेरित होकर उन्होंने संघ की नींव रखी। संघ का उद्देश्य था हिंदू समाज को संगठित करना, उसमें अनुशासन और चरित्र निर्माण की भावना जगाना, ताकि भारत एक मजबूत हिंदू राष्ट्र बन सके। पहली शाखा में कुछ युवक एकत्र हुए, जहां शारीरिक व्यायाम, खेलकूद और बौद्धिक चर्चाएं होती थीं। संघ ने हिंदू संस्कृति के प्रतीकों को अपना आदर्श बनाया और स्वयंसेवकों को 'हिंदू अनुशासन' सिखाया। यह कोई राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक आंदोलन था, जो हिंदू समाज के सभी वर्गों को जोड़ने का प्रयास कर रहा था। डॉ. हेडगेवार ने कहा था कि संघ का कार्य समाज में चेतना जगाना है, ताकि हर हिंदू, राष्ट्र के प्रति समर्पित हो। शुरुआती वर्षों में संघ ने महाराष्ट्र से आरंभ कर पूरे भारत में फैलना शुरू किया। 1930 तक शाखाओं की संख्या बढ़ने लगी और स्वयंसेवक हिंदू समाज की रक्षा में सक्रिय हो गए।

संघ की स्थापना के पीछे डॉ. हेडगेवार की प्रमुख तपस्या थी। वे स्वयं स्वतंत्रता संग्राम में शामिल रहे, जेल गए, लेकिन उन्होंने महसूस किया कि केवल राजनीतिक आजादी पर्याप्त नहीं, हिंदू समाज को मजबूत बनाना जरूरी है। बस फिर शुरू हुआ महा शंखनाद, संघ ने हिंदुत्व की महान संस्कृति का उत्थान-पहचान कर, वेदों, उपनिषदों और रामायण-महाभारत की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया। यह वह समय था, जब हिंदू-मुस्लिम दंगे हो रहे थे, ऐसे में संघ ने हिंदुओं को आत्मरक्षा की रणनीति सिखाई, बिना किसी आक्रामकता के। संघ के मार्ग में प्रारंभ से ही बाधाओं और चुनौतियों ने कोई कसर नहीं छोड़ी थी। वस्तुतः संघ की यात्रा कभी भी आसान रही ही नहीं। स्थापना के कुछ वर्षों बाद ही ब्रिटिश सरकार ने इसे संदेह की नजर से देखना शुरू कर दिया। 1930-40 के दशक में संघ को पैरा-मिलिट्री संगठन कहकर बदनाम करने की कोशिशें हुईं।

संघ की असली परीक्षा की घड़ी थी भारत विभाजन की त्रासदी। यहीं पर संघ के कार्यकर्ताओं ने हिंदू शरणार्थियों की मदद के लिए अपने आपको न्यौछावर कर दिया था। 1940 में डॉ. हेडगेवार के निधन के बाद एम.एस. गोलवलकर (गुरुजी) सर संघचालक बने। उनके नेतृत्व में संघ ने रफ्तार हासिल कर विस्तार प्राप्त किया, लेकिन चुनौतियां भी लगातार बढ़ती रहीं। 1947 में पंजाब में संघ पर प्रतिबंध लगा, हालांकि भारी विरोध के बाद चार दिन में हटा लिया गया, लेकिन सबसे बड़ी चुनौती 1948 में आई, जब महात्मा गांधी की हत्या हुई।

पं. जवाहरलाल नेहरू सरकार ने संघ पर प्रतिबंध लगा दिया, हजारों स्वयंसेवकों को गिरफ्तार किया गया। यह संघ के लिए सबसे काला दौर था, लेकिन यही वह दौर भी था जब स्वयंसेवकों की तपस्या ने इस कठिनाई को भी पार लगा दिया। इस प्रतिबंध के दौरान संघ ने व्यापक विरोध और सत्याग्रह किया। परिणामस्वरूप 1949 में प्रतिबंध हट गया। गुरुजी ने संविधान की शपथ ली और संघ मजबूत होकर उभरा। इसी तरह 1975 में इंदिरा गांधी के आपातकाल में संघ पर दूसरा प्रतिबंध लगा। लाखों स्वयंसेवक जेल गए, लेकिन उन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए जेपी आंदोलन में हिस्सा लिया। आपातकाल हटने के बाद संघ का कद और बढ़ा। तीसरा प्रतिबंध 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद लगा, लेकिन 1993 में हट गया। हर बार संघ ने दिखाया कि बाधाएं इसे तोड़ नहीं सकतीं, बल्कि मजबूत बनाती चली जाती हैं। ये बाधाएं हमेशा संघ के लिए परीक्षा की घड़ियां रही थीं। स्वयंसेवकों ने जेलों में भी शाखाएं चलाईं, बौद्धिक चर्चाएं कीं। संघ ने कभी हिंसा का सहारा नहीं लिया, बल्कि सेवा और समर्पण से जवाब दिया। यह हिंदुत्व की ताकत है कि संघ हर संकट से उबरकर और हमेशा ओर बड़े रूप में सामने आया। संघ का पुनरुत्थान हमेशा फीनिक्स की तरह रहा है। हर प्रतिबंध के बाद संघ का अद्भुत पुनरुत्थान हुआ। 1949 में प्रतिबंध हटने के बाद संघ ने अपनी संरचना मजबूत की, शाखाओं की संख्या बढ़ाई। 1950 में भारतीय जनसंघ की स्थापना में संघ का अप्रत्यक्ष योगदान था, जो बाद में भारतीय जनता पार्टी बनी। 1977 में आपातकाल के बाद जनता पार्टी की जीत में संघ की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण थी। स्वयंसेवकों ने लोकतंत्र बचाने में जान जोखिम में डाल कर लोकतंत्र विरोधी पार्टियों को परास्त किया। 1992 के बाद संघ ने सेवा कार्यों पर फोकस किया। तब तक संघ शाखाएं 51,000 से अधिक हो गईं और उत्तर-पूर्व, केरल जैसे क्षेत्रों तक में विस्तार हुआ। संघ ने अनदेखे क्षेत्रों तक पहुंच बनाई, आदिवासी समाज को मुख्यधारा से जोड़ा। वनवासी कल्याण आश्रम के माध्यम से आदिवासियों की शिक्षा और स्वास्थ्य में योगदान दिया। संघ का पुनरुत्थान स्वयंसेवकों की निस्वार्थ भावना से हुआ, जो बिना किसी पद की आकांक्षा के राष्ट्र सेवा में जुटे रहे। आज संघ की शाखाएं 60,000 से अधिक हैं और करोड़ों स्वयंसेवक सक्रिय हैं। यह पुनरुत्थान हिंदुत्व की चेतना विस्तार का परिणाम है, जहां संघ ने समाज के हर वर्ग को जोड़ा - किसान, मजदूर, छात्र, महिलाएं। राष्ट्रीय सेवा भारती, विद्या भारती जैसे संगठनों ने सेवा का जाल बिछाया। निस्वार्थ जन सेवा और चेतना विस्तार संघ का प्रमुख ऐजेंडा रहा। संघ ने आपदाओं में हमेशा आगे रहकर मदद की। 1971 के ओडिशा चक्रवात, 1977 के आंध्र चक्रवात, 1984 के भोपाल गैस कांड, 2001 के गुजरात भूकंप, 2004 की सुनामी, 2013 की उत्तराखंड बाढ़ हर बार स्वयंसेवक पहले पहुंचे, भोजन, आश्रय और चिकित्सा प्रदान की। 2020 के कोरोना लॉकडाउन में संघ ने लाखों लोगों को राशन बांटा, मास्क बनाए और घर-घर पहुंचाए। शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती ने हजारों स्कूल चलाए, जहां मुस्लिम छात्रों की संख्या 30 फीसदी तक जा पहुंची। संघ ने जाति भेदभाव का हमेशा विरोध किया, दलितों को मंदिरों में पुजारी बनाया। स्वयं महात्मा गांधी ने 1934 में संघ शिविरों में जाति भेद नहीं होने की प्रशंसा की थी।

संघ ने हिंदुत्व की संस्कृति के उत्थान में जी जान लगा दी, प्राचीन विज्ञान को खोजकर बढ़ावा दिया। विज्ञान भारती ने वैदिक ज्ञान को आधुनिक विज्ञान से जोड़ा। महिलाओं के लिए राष्ट्रीय सेविका समिति ने सशक्तिकरण किया। संघ ने अनछुए क्षेत्रों जैसे जम्मू-कश्मीर में अनाथ बच्चों को गोद लिया, कारगिल युद्ध में सहायता की। यह सब संघ की निस्वार्थ सेवा है, जो समाज को एकजुट करती है।

संघ ने शुरू में राजनीति से दूरी बनाए रखी है। राम जन्मभूमि आंदोलन में संघ का योगदान महत्वपूर्ण था, जिसने भाजपा को मजबूत किया। यद्यपि 2014 में नरेंद्र मोदी, जो पूर्व संघ प्रचारक रहे हैं, प्रधानमंत्री बने। संघ की संगठन शक्ति ने भाजपा की जीत में हमेशा मदद की। आज भाजपा कई राज्यों में सत्ता में है और वहां संघ का वैचारिक प्रभाव स्पष्ट है, लेकिन फिर भी संघ राजनीति में नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण नीति में ही निमग्न रहता आया है। संघ की यही वह प्रतिबद्धता है, जिसने अपने राजनीतिक संगठन को सत्ता रूढ़ कराया, लेकिन संघ के पदाधिकारी हमेशा खुद सरकारी पद प्राप्ति से दूर रहा।

आज संघ 100 वर्ष पूरे कर रहा है और इसका नेटवर्क इतना मजबूत है कि भविष्य की सरकारें भी इसे हिला नहीं सकेंगी। करोड़ों स्वयंसेवक बिना दिखावे के, बिना आकांक्षा के दिन-रात जुटे रहते हैं। शाखाओं में युवा चरित्र निर्माण सीखते हैं, सेवा कार्यों में बुजुर्ग हिस्सा लेते हैं। संघ ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में व्यापक योगदान दिया और स्वदेशी विज्ञान को बढ़ावा दिया।

संघ की सौ वर्ष की यात्रा गर्व की यात्रा है, तपस्या की मिसाल है। शुरुआत से बाधाओं तक, पुनरुत्थान से सेवा तक, राजनीतिक प्रभाव से वर्तमान तक संघ में सभी कुछ सबके लिए गर्व करने लायक है। कोई संगठन ऐसे ही सौ वर्ष का नहीं हो जाता, इसके पीछे समर्पण है, अतुल्य निष्ठा है यह संघ भारत की आत्मा है, जो हिंदुत्व को जीवित रखे हुए हैं। इस प्रकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और इसके सहयोगी संगठन भारत के सामाजिक, सांस्कृतिक, और आर्थिक परिदृश्य को बदलने का एक शक्तिशाली माध्यम हैं। ये संगठन ना केवल हिंदुत्व और राष्ट्रवाद को बढ़ावा देते हैं, बल्कि सेवा, समरसता, और आत्मनिर्भरता के माध्यम से समाज को सशक्त बनाते हैं। विद्या भारती से लेकर सेवा भारती, विहिप से लेकर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच तक, प्रत्येक संगठन अपने क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रहा है। शताब्दी वर्ष में ये संगठन भारत को एक संगठित, सशक्त, और समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं।

***संधे शक्ति कलौयुगे!***



### प्रमुख सहयोगी संगठन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रभाव केवल इसकी शाखाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके सहयोगी संगठनों का विशाल तंत्र समाज के हर क्षेत्र में गहरी पैठ रखता है। ये संगठन 'संघ परिवार' कहलाता है, शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति, अर्थव्यवस्था, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता जैसे विविध क्षेत्रों में कार्य करते हैं।

संघ परिवार का आधारभूत दर्शन हिंदुत्व और राष्ट्रवाद पर टिका है, जो डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार और माधव सदाशिवराव गोलवलकर (गुरुजी) के विचारों से प्रेरित है। ये संगठन स्वायत्तता के साथ कार्य करते हैं, लेकिन संघ की विचारधारा से जुड़े रहते हैं। प्रत्येक संगठन का नेतृत्व स्वयंसेवकों द्वारा किया जाता है, जो संघ की शाखाओं में प्रशिक्षित होते हैं। इन संगठनों की संरचना ऐसी है जिसमें इसके स्वयंसेवक समाज के विशिष्ट वर्गों-जैसे छात्र, मजदूर, किसान, महिलाएं, आदिवासी और व्यापारी के बीच रह कर शांति से चुपचाप कार्य करते रहते हैं, जिससे संघ का प्रभाव व्यापक और गहन हो जाता है। संघ परिवार में 36 से अधिक प्रमुख सहयोगी संगठन हैं, जो राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय हैं और हजारों स्थानीय व क्षेत्रीय संगठन इनके सहायक के रूप में कार्य करते हैं। इन संगठनों का कार्यक्षेत्र इतना व्यापक है कि यह शिक्षा से लेकर आपदा प्रबंधन, सांस्कृतिक पुनर्जागरण से लेकर आर्थिक आत्मनिर्भरता तक फैला हुआ है। नीचे प्रमुख सहयोगी संगठनों का विश्लेषण उनके उद्देश्य, कार्य, और प्रभाव के आधार पर प्रस्तुत किया गया है।

**विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान** भारतीय संस्कृति और मूल्यों पर आधारित शिक्षा प्रणाली का प्रसार का कार्य करता है। विद्या भारती 12,000 से अधिक स्कूलों का संचालन करता है, जिनमें सरस्वती शिशु मंदिर और एकल विद्यालय शामिल हैं। ये स्कूल 30 लाख से अधिक छात्रों को शिक्षा प्रदान करते हैं, विशेषकर ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में इसके योगदान की सराहना करते हुए इनको मान्यता दी गई है। विद्या भारती ने शिक्षा के क्षेत्र में स्वदेशी दृष्टिकोण को स्थापित किया। इसके स्कूलों में 30 फीसदी से अधिक मुस्लिम और अन्य समुदायों के छात्र पढ़ते हैं, जो सामाजिक समरसता को दर्शाता है। यह संगठन युवाओं में नैतिकता, अनुशासन, और राष्ट्रप्रेम का संचार करता है।

**सेवा भारती** समाज के वंचित वर्गों का उत्थान और सेवा के लिए समर्पित है। सेवा भारती 89,706 से अधिक सेवा प्रकल्प संचालित करती है, जिनमें 40,920 शिक्षा, 17,461 चिकित्सा, और 10,779 स्वावलंबन से संबंधित हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान लाखों लोगों को भोजन, मास्क, और चिकित्सा सहायता प्रदान की। प्रयागराज महाकुंभ 2025 में सक्षम के सहयोग से 2,37,964 लोगों के लिए निशुल्क नेत्र परीक्षण और 17,069 मोतियाबिंद सर्जरी की गई। यह संगठन संघ की 'सेवा ही धर्म' की भावना का प्रतीक है। इसकी गतिविधियां न केवल हिंदुओं तक सीमित हैं, बल्कि सभी समुदायों को समेटती हैं, जिससे सांप्रदायिक सद्भाव को बल मिलता है।

**विश्व हिंदू परिषद** हिंदू समाज का संगठन और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का पुरोधा है। विहिप ने राम जन्मभूमि आंदोलन को गति दी और हिंदू समाज को एकजुट करने के लिए सम्मेलन और सभाएं आयोजित कीं। यह धार्मिक और सामाजिक समरसता पर जोर देता है। विहिप की गतिविधियां हमेशा हिंदुत्व को मजबूत करने में प्रभावी रही हैं। इसकी सामाजिक समरसता और धर्मांतरण विरोधी गतिविधियां समाज के बड़े वर्ग में स्वीकार्य हैं।

**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद** छात्रों में राष्ट्रवादी दृष्टिकोण और नेतृत्व के विकास में सहयोगी रहा है। यह विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में सांस्कृतिक और शैक्षिक गतिविधियां आयोजित करता है। यह शिक्षा में सुधार और युवाओं में अनुशासन को बढ़ावा देता है। यह भारत का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जो लाखों छात्रों को जोड़ता है। इसने राष्ट्रीय शिक्षा नीति और छात्र आंदोलनों में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। युवाओं को राजनीतिक और सामाजिक नेतृत्व प्रदान किया।इसकी संगठनात्मक शक्ति और युवा ऊर्जा इसे प्रभावी बनाती है।

**भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस)** बीएमएस विश्व का सबसे बड़ा शांतिपूर्ण मजदूर संगठन है, जो संवाद और सहयोग पर आधारित है। यह मजदूरों के लिए प्रशिक्षण और स्वरोजगार योजनाएं चलाता है। बीएमएस ने मजदूरों को संगठित कर उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति सुधारी। यह औद्योगिक शांति और स्वदेशी नीतियों को बढ़ावा देता है। यह मजदूरों को राष्ट्रीय मुख्यधारा से जोड़ता है।

**वनवासी कल्याण परिषद** ने आदिवासी समुदायों का उत्थान और उनकी सांस्कृतिक पहचान की रक्षा का अभूतपूर्व कार्य किया है। यह शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वरोजगार के माध्यम से आदिवासियों को सशक्त करता है। उत्तर-पूर्व और छत्तीसगढ़ में इसके कार्य उल्लेखनीय हैं। इसने आदिवासियों को मुख्यधारा से जोड़ा और धर्मांतरण के खिलाफ प्रभावी अभियान चलाया। एकल विद्यालय मॉडल ने सुदूर क्षेत्रों में शिक्षा की पहुंच बढ़ाई।

**राष्ट्र सेविका समिति** ने महिलाओं में नेतृत्व, अनुशासन और सांस्कृतिक जागरूकता का विकास किया है। यह महिलाओं के लिए शाखाएं, प्रशिक्षण शिविर और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करती है। समिति ने महिलाओं को सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में सशक्त बनाया। इसके स्वयं सहायता समूहों ने 60,000 से अधिक महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया। यह संगठन महिलाओं को राष्ट्रीय आंदोलन का हिस्सा बनाता है, जिससे लैंगिक समानता और सांस्कृतिक जागरण को बल मिला है। इनके अलावा स्वदेशी जागरण मंच, संस्कार भारती, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच और राष्ट्रीय सिख संगत, लघु उद्योग भारती, भारतीय किसान संघ, हिंदू स्वयंसेवक संघ, विवेकानंद केंद्र सहित इस प्रकार संघ के सहयोगी संगठनों का प्रभाव समाज के हर क्षेत्र में देखा जा सकता है। ये संगठन ना केवल सामाजिक सुधार और सेवा में योगदान देते हैं, बल्कि राजनीतिक और वैचारिक स्थिरता के लिए भी प्रभावी हैं।

## राशिफल

**आज दिनांक 29 सितंबर, 2025, सोमवार, विक्रम संवत् 2082, आश्विन माह शुक्ल पक्ष सप्तमी, मूल नक्षत्र, वणिज करण, सौभाग्य योग, राहुकाल: सुबह 7:50 से 9.19 बजे, सूर्योदय सुबह 6:21 बजे, सूर्यास्त सायं 6:12 बजे, चंद्रोदय दोपहर 12:41 बजे, चंद्रास्त रात 11:16 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11:53 बजे से 12:40 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:45 से 5:33 बजे तक, चंद्रमा धनु राशि में संचार करेगा।**


मेष

आज आप अपने आत्मविश्वास और मेहनत से बड़े अवसर प्राप्त करेंगे। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ आपके काम की सराहना करेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। प्रेम जीवन में साथी से नजदीकियां बढ़ेंगी। सेहत ठीक रहेगी, लेकिन तनाव से बचें। आज का दिन आपके लिए आर्थिक रूप से शुभ है। पैसों से जुड़ी बड़ी समस्या हल होगी।


वृषभ

आज किसी पुराने परिचित से मुलाकात उपयोगी साबित होगी। व्यापार में लाभ के अवसर मिलेंगे। खर्चों पर नियंत्रण रखें। दांपत्य जीवन में खुशहाली रहेगी। नींद पूरी न होने से थकान महसूस हो सकती है। यात्रा का योग बन रहा है, जो लाभकारी होगा।


मिथुन

आज आपकी संवाद कला और बुद्धिमत्ता का लाभ मिलेगा। नौकरी में नई जिम्मेदारियां मिलेंगी। आर्थिक रूप से दिन संतुलित रहेगा। प्रेम जीवन में मधुरता बनी रहेगी। गले या वाणी से जुड़ी समस्या परेशान कर सकती है। नौकरी में प्रयासों का फल जरूर मिलेगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई में सफलता मिलेगी।


कर्क

भावनात्मक रूप से आप संवेदनशील रहेंगे। परिवार में हल्की-फुल्की बहस हो सकती है। धन लेन-देन में सतर्क रहें। प्रेम में धैर्य बनाए रखें। मानसिक शांति के लिए ध्यान और विश्राम करें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। व्यापार में मुनाफा होगा।


सिंह

आज आप ऊर्जा से भरे रहेंगे। बिजनेस में विस्तार की योजना बनेगी। आर्थिक रूप से लाभ होगा। स्वास्थ्य में जोश रहेगा, लेकिन ब्लड प्रेशर पर ध्यान दें। परिवार में शुभ समाचार मिल सकता है। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। घर-परिवार में सुख-शांति रहेगी। दांपत्य जीवन में प्यार और सामंजस्य बढ़ेगा।


कन्या

आज तार्किक सोच से कार्य पूरे होंगे। ऑफिस में आपकी सलाह मान्य होगी। आर्थिक मामलों में नई योजनाएं सफल होंगी। प्रेम संबंधों में कुछ असहमति हो सकती है। पेट से जुड़ी परेशानी हो सकती है। कामकाज में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यवसाय में लाभ होगा और नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति के संकेत हैं।


तुला


आज संतुलन बनाकर चलना आवश्यक है। नौकरी में आपकी कूटनीतिक नीति से लाभ होगा। आर्थिक रूप से सुधार होगा। प्रेम जीवन में सामंजस्य बना रहेगा। थकान या सिरदर्द की समस्या हो सकती है।


वृश्चिक

आज शोध और गहराई वाले कार्यों में सफलता मिलेगी। निवेश लाभकारी रहेगा। किसी अधूरे काम का परिणाम आज मिल सकता है। प्रेम जीवन में गलतफहमियों से बचें। स्वास्थ्य में गुप्त रोगों की अनदेखी न करें।


धनु

नई योजनाओं को गति मिलेगी। विदेश से जुड़े कार्यों में प्रगति होगी। पैसों के मामलों में सतर्क रहें। प्रेम जीवन में नई शुरुआत हो सकती है। कमर या जोड़ों का दर्द बढ़ सकता है। आज खर्चों पर ध्यान देने की जरूरत है। किसी खास काम में अधिक धन लग सकता है।


मकर

आपकी मेहनत आज रंग लाएगी। कार्यक्षेत्र में उन्नति के अवसर मिलेंगे। पुराने विवाद सुलझ सकते हैं। प्रेम जीवन में समझदारी दिखाएं। पीठ या गर्दन में खिंचाव की समस्या हो सकती है। नौकरी में तरक्की और व्यापार में लाभ के संकेत हैं।


कुंभ

आज आपकी सोच रचनात्मक रहेगी। नए विचारों से काम में सफलता मिलेगी। पैसों की स्थिति बेहतर होगी। प्रेम में मित्रवत व्यवहार रखें। आंखों में थकान या जलन हो सकती है। रिश्तों में विश्वास बढ़ेगा। विद्यार्थी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।


मीन

आपकी संवेदनशीलता और कल्पनाशक्ति आज चरम पर होगी। कला और रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। प्रेम संबंधों में भावनात्मक जुड़ाव रहेगा। पाचन तंत्र कमजोर रह सकता है। भाग्य मजबूत रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार और मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी शुभ यात्रा का योग है।

## सूरदास जी की गुरु भक्ति

**प्रेरक प्रसंग**

**अंतिम समय...**आखिर सूर के जीवन की शाम ढल आई। सूर गोवर्धन से नीचे उतरकर घाटी मे आ गए और आखिरी सांसें लेने लगे। उधर श्री वल्लभाचार्य जी के सुपुत्र गोस्वामी विटठलनाथ जी ने अपने सभी गुरु-भाइयों और शिष्यों के बीच डुगडुगी बजवा दी: 'भगवद मार्ग का जहाज अब जाना चाहता है। जिसने आखिरी बार दर्शन करना है, कर लो।' समाचार मिलते ही जनसमूह सूर की कुटिया तक उमड़ पड़ा। जिसने अपने कंठ की वीणा को झनका-झनका कर प्रभु-मिलन के गीत सुनाए, आज उसी से बिछुड़ने की बेला थी। भक्त हृदय भावुक हो उठे थे। बहुत संभालने पर भी सैकड़ों आंखों से रुलाइयां फूट रही थी। इसी बीच गुरुभाई चतुर्भुजदास जी ने सूर से एक प्रश्न किया: देव, एक जिज्ञासा है। शमन करें।

सूरदास जी: कहो भाई। चतुर्भुजदास जी: देव, आप जीवन भर कृष्ण-माधुरी छलकाते रहे। कृष्ण प्रेम में पद रचे, कृष्ण-धुन में ही मंजीरे खनकाए। कृष्ण-कृष्ण करते-करते आप कृष्णमय हो गए। परन्तु...

सूरदास जी: परन्तु क्या, चतुर्भुज..? चतुर्भुजदास जी: ..परन्तु आपने अपने और हम सबके गुरुदेव श्री वल्लभाचार्य जी के विषय में तो कुछ कहा ही नहीं। गुरु-महिमा में तो पद ही नहीं रचे। यह सुनकर सूर सरसीली सी आवाज मे बोले: अलग पद तो मैं तब रचता, जब मै गुरुवर और कृष्ण में कोई भेद मानता। मेरी दृष्टि में तो स्वयं कृष्ण ही मुझे कृष्ण से मिलाने 'वल्लभ' बनकर आए थे। ऐसा कहते ही सूर ने आखिरी सांस भरी और जीवन का आखिरी पद गुना। उनकी आंखे वल्लभ-मूर्ति के चरणों में गड़ी थी और वे कह रहे थे...

भरोसो दृढ़ इन चरनन केरौ
श्री वल्लभ नखचन्द्र छटा बिनु-सब जग मांझ अन्धेरो।
साधन और नहीं या कलि जासो होत निबेरौ।
सूर कहा कहै द्विविध आंधरौ बिना मोल के चेरौ ।।

मुझे केवल एक आस, एक विश्वास, एक दृढ़ भरोसा रहा और वह इन (गुरु) चरणों का ही रहा। श्री वल्लभ न आते, तो सूर सूर न होता। उनके श्री नखों की चांदनी छटा के बिना मेरा सारा संसार घोर अंधेरे मे समाया रहता। मेरे भाइयो, इस कलीकाल में पूर्ण गुरु के बिना कोई साधन, कोई चारा नहीं, जिसके द्वारा जीवन-नौका पार लग सके। सूर आज अंतिम घड़ी में कहता है कि मेरे जीवन का बाहरी और भीतरी दोनो तरह का अंधेरा मेरे गुरु वल्लभ ने ही हरा। वरना मेरी क्या बिसात थी। मै तो उनका बिना मोल का चेरा भर रहा।

## सुडोकु 2045

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 3 | | | 8 | |
| 7 | | | 9 | | | | | 4 |
| 5 | | 9 | | 1 | | | | |
| 3 | 9 | 8 | | 6 | | | | 2 |
| | | | | | | | 4 | 6 |
| | | 6 | | | 3 | | | |
| | 3 | | | | 7 | | | |
| | | 4 | | | | 6 | | |
| 9 | 1 | | 5 | | | 2 | | |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

**सुडोकु 2044 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 2 | 5 |
| 4 | 5 | 7 | 8 | 2 | 3 | 6 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 3 | 5 | 9 | 4 | 2 |
| 3 | 2 | 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 2 | 3 | 7 | 8 |
| 5 | 4 | 1 | 7 | 9 | 8 | 2 | 6 | 3 |
| 8 | 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 4 | 1 | 9 |
| 9 | 6 | 2 | 3 | 1 | 4 | 5 | 8 | 7 |

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



# सरहद की हिफाजत के साथ सामाजिक सरोकार के लिए तत्पर बीएसएफ

## राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित शिविर में 66 जवानों ने किया रक्तदान

महानगर संवाददाता

**बाड़मेर।** राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में सीमा सुरक्षा बल सेक्टर मुख्यालय 28वीं वाहिनी और राजकीय चिकित्सालय बाड़मेर के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर सेक्टर मुख्यालय के कमांडेंट अनम सक्सेना ने सीमा प्रहरियों को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए सीमा सुरक्षा के साथ-साथ रक्तदान के माध्यम से समाज से जुड़कर कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर बटालियन कमांडेंट सुधीर कुमार ने कहा कि बीएसएफ न केवल सीमाओं की सुरक्षा में, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने में भी अग्रणी रहता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान के माध्यम से बीएसएफ के कार्मिकों ने समाज के जरूरतमंदो के लिए सेवा भाव से रक्तदान करके तत्परता प्रदर्शित की है। डॉ. अदिति चौधरी ने जवानों को संबोधित करते हुए रक्तदान से जुड़ी विविध भ्रांतियों को दूर किया।



उन्होंने कहा कि रक्तदान के माध्यम से आप जहां जिंदगी बचाने के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य में भी सुधार कर सकते हैं। इससे पहले सेक्टर मुख्यालय के कमांडेंट अनम सक्सेना ने बटालियन कमांडेंट सुधीर कुमार व प्रहरियों की उपस्थिति में फीता काटकर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। इस शिविर में राजकीय चिकित्सालय बाड़मेर के चिकित्साधिकारी डॉ. रवि गोयल, नर्सिंग टीम व सीमा सुरक्षा बल संयुक्त चिकित्सालय की मेडिकल टीम ने स्वैच्छिक सेवाएं प्रदान की। इस दौरान बीएसएफ सेक्टर मुख्यालय गैलेंट 28 बटालियन से 66 प्रहरियों ने स्वैच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम के अंत में गैलेंट 28 बटालियन के कमांडेंट सुधीर कुमार ने रक्तदान शिविर के सुव्यवस्थित संचालन के लिए डॉ. रवि गोयल व राजकीय चिकित्सालय के रक्तदान विभाग की नर्सिंग टीम और चिकित्सा अधिकारी डॉ. अदिति चौधरी के प्रयासों की सराहना करते हुए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## लोकेश कांग्रेस पर्यावरण संरक्षण के प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष

महानगर संवाददाता



**नवलगढ़।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ में लोकेश जांगिड़ को झुंझुनूं जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देश पर प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील पारीक ने यह आदेश जारी किए। जांगिड़ वर्तमान में नगर पालिका वार्ड नं. 24 के पार्षद व यूथ कांग्रेस के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष भी रह चुके है। लोकेश जांगिड़ ने कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद डोटासरा, पूर्व चिकित्सा राज्य मंत्री डॉ. राजकुमार शर्मा, प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष सुशील पारीक का आभार जताया। वहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जांगिड़ को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

## सीताराम बने राष्ट्रीय गौ रक्षक सेना के सक्रिय सदस्य

महानगर संवाददाता



**नवलगढ़।** राष्ट्रीय गौ रक्षक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी शैलेन्द्र पहलवान ने सीताराम सैनी पुत्र भोलाराम सैनी डूंडलोद को प्रेरणा स्त्रोत योगी आदित्यनाथ मार्गदर्शक कासली गुरु शरणानन्द महाराज की सहमति से राष्ट्रीय गौ रक्षक सेना के सक्रिय सदस्य के पद पर मनोनीत किया है। सैनी को सामाजिक कार्यों के प्रति समर्पण, देश प्रेम की भावना, कर्तव्यनिष्ठा, सक्रियता, संघर्ष शीलता व उज्ज्वल छवि को देखते हुए यह नियुक्ति दी गई है। इन आशाओं के साथ सैनी आगे भी राष्ट्रहित और समाज हित में ईमानदारी से कार्य करेंगे। इस नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों व परिजनों ने शुभकामनाएं दी।

## गौशालाओं का निरीक्षण कर चारे-पानी की व्यवस्थाओं का लिया जायजा




महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** पंचायत समिति क्षेत्र में पशुपालन विभाग और पंचायत समिति की संयुक्त टीम ने 11 गौशालाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पशुपालन विभाग के उप निदेशक मोहन लाल अग्रवाल व पंचायत समिति के विकास अधिकारी सुनील कुमार के नेतृत्व में टीमों ने कंचनपुर, हांसपुर, श्रीमाधोपुर, ब्रह्मचारी मोड़, मऊ, रतनपुरा, मूंडरू, अरनिया व लिसाडिया सहित अन्य गौशालाओं का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान गौशालाओं में चारा-पानी, टैग, मृत गायों की संख्या, कैश बुक और आय-व्यय के ब्यौरे सहित सभी आवश्यक रिकॉर्ड की गहनता से जांच की गई। उप निदेशक मोहन लाल अग्रवाल ने बताया कि श्रीमाधोपुर पंचायत समिति में राज्य सरकार ने कुल 11 गौशालाओं को अनुदान दिया जाता है। यह अनुदान साल में तीन बार तिमाही आधार पर मिलता है। निरीक्षण टीमों ने पिछले तीन महीनों के दौरान गायों को खिलाए गए चारा-पानी के बिल-वाउचर और कैशबुक की जांच की। इसके अतिरिक्त टीमों ने पिछले 90 दिनों में मृत गायों की संख्या और नई प्रवेशित गायों की प्रविष्टियों का भी सत्यापन किया। निरीक्षण के बाद गौशाला प्रबंधकों को व्यवस्थाओं में सुधार और रिकॉर्ड के उचित रखरखाव के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## महेंद्र बने राष्ट्रीय सैनी सभा के जिला संरक्षक

महानगर संवाददाता



**झुंझुनूं।** राष्ट्रीय सैनी सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. श्रवण कुमार सैनी ने संगठन का विस्तार करते हुए महेन्द्र कुमार सैनी पुत्र बद्री प्रसाद सैनी को झुंझुनूं जिला संरक्षक मनोनीत किया है। यह नियुक्ति प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट महेश सैनी की अनुशंसा पर की गई। सामाजिक कार्यों के प्रति समर्पण को देखते हुए राष्ट्रीय सैनी सभा के कार्यकाल अप्रेल 2025 से मार्च 2029 तक के लिए सैनी को यह नियुक्ति दी गई है। इस नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों व परिजनों ने सैनी को शुभकामनाएं दीं।

## शहीद भगत सिंह जयंती पर 227 लोगों ने स्वेच्छा से किया रक्तदान

महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में कस्बे के छोटा बस स्टैंड पर स्थित श्री हरि हॉस्पिट में रविवार को एक विशाल



रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 260 लोगों ने पंजीकरण करवाया, जिनमें से 227 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर सामाजिक एकता व मानवता का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस आयोजन में प्रदीप सैनी के नेतृत्व में 0001 ग्रुप ने विशेष भूमिका निभाई। श्री हरि ब्लड सेंटर डायरेक्टर राजेश लाम्बा ने रक्तदाताओं के उत्साह की सराहना की और रक्तदान को महादान बताते हुए सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। शिविर में समाजसेवी कैलाश चोटिया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बलदेव सैनी, कांग्रेस जिला महासचिव अदनान खत्री, पार्षद अनिल शर्मा, आरिफ चौहान, लोकेश जांगिड़ सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों ने रक्तदाताओं को सम्मानित किया और नियमित रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

# पशुधन के लिए आर्थिक सुरक्षा कवच बनी मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना

## ग्रामीण सेवा शिविरों के दौरान अब तक 2,536 पशु बीमा पॉलिसी वितरित

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** सवाई माधोपुर में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविरों के दौरान पशुपालन विभाग ने मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना अन्तर्गत पशुपालकों को अब तक 2,536 बीमा पॉलिसी का वितरण किया है। वहीं विभाग के कार्मिकों ने घर-घर जाकर करीब 8,200 पशुओं का टीकाकरण किया है। लाभार्थियों ने राज्य सरकार की इस योजना का निशुल्क लाभ मिलने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया है। सवाई माधोपुर की बपूई ग्राम पंचायत निवासी उगन्ति देवी परिवार की अतिरिक्त आय के लिए भैंस पालती है। अपनी छोटी सी जोत के कारण वह और उसका पति खेती पर निर्भर नहीं रह सकते। किसी भी पशु की मृत्यु उसके परिवार की आर्थिक स्थिति को परेशानी में डाल देती है, लेकिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरगामी सोच से राज्यभर में 17 सितम्बर से संचालित ग्रामीण सेवा शिविर अभियान में उगन्ति देवी को 2 भैंसों के लिए पशु बीमा कवर का लाभ दिया गया है। पशुपालन विभाग के कार्मिक बपूई के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में आयोजित शिविर से पहले ही उगन्ति देवी समेत ग्राम पंचायत के प्रत्येक घर पहुंचे और उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लिए पात्र परिवारों की अलग अलग सूचियां बनाई। पशुपालकों को समझाया कि मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में बीमित गाय, भैंस व ऊंट का 40 हजार रुपए और बकरी व भेड़ का 4 हजार रुपए का 1 वर्ष की अवधि के लिए निशुल्क बीमा किया जाता है। वर्तमान में संचालित ग्रामीण सेवा शिविर में पशुपालन विभाग ने निशुल्क बीमा पॉलिसी तैयार कर पात्र परिवारों को वितरित की। उगन्ती देवी को जिला कलेक्टर कानाराम के हाथों से बीमा पॉलिसी दी गई, जिस पर वह बेहद खुश नजर आई। बीमा पॉलिसी मिलने से उगन्ती देवी के पशु आकस्मिक मृत्यु होने पर नियमानुसार आर्थिक संबल मिल सकेगा। राजस्थान सरकार के इस कार्यक्रम के तहत पशु पालकों को आर्थिक सुरक्षा कवच व पशुधन की गारंटी प्राप्त हुई है। बुपई के शिविर में 82 और लाखनपुर में 56 पशु बीमा पॉलिसी वितरित की। गौरतलब है कि जिले में इस अवधि में पशुपालन विभाग ने कुल 7,969 रोगी पशुओं को चिकित्सा सुविधा दी है। साथ ही कुल 8,200 एफएमडी रोग प्रतिरोधक टीके लगाए गए हैं और 12,257 कृमिनाशक औषधि पिलाई गई है। कुल 9,252 पशुपालकों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। विभाग ने पशुओं को विभिन्न बीमारियों से बचाने के लिए 9,376 स्थानों पर दवा का छिड़काव भी करवाया है।



## पूर्व मंत्री गोलमा देवी पर अभद्र टिप्पणी को लेकर रोष



महानगर संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** उपखंड मुख्यालय के पुलिस थाना राहुवास में एक दर्जन किरोड़ी समर्थकों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को नामजद रिपोर्ट दर्ज करवाकर असामजिक तत्वों पर कार्रवाई की मांग की। भाजपा मीडिया प्रभारी मोतीलाल शाहजहांनपुरा ने बताया कि पिछले एक-दो दिन से सोशल मीडिया पर आपसी सौहार्द बिगाड़ने के लिए असामजिक तत्वों द्वारा वरिष्ठ नेता डॉ. किरोड़ी लाल मीणा व उनकी पत्नी पूर्व मंत्री गोलमा देवी पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर एक मां समान नारी का अपमान किया जा रहा है। इस पर रविवार को रमेश रामपुरा के नेतृत्व में एक दर्जन किरोड़ी समर्थकों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुवास पुलिस थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को एफआईआर दर्ज करवाकर तुरंत कार्रवाई की मांग की। पूर्व सरपंच राहुवास लल्लू राम मीणा ने बताया कि समाज के कद्दावर नेता डॉ. किरोड़ी लाल मीणा व पूर्व मंत्री गोलमा देवी सर्वसमाज के जननेता हैं, वे हमेशा दीन-हीन की सेवा में लगे रहते हैं, ऐसे में उनका अपमान बिल्कुल भी सहनीय नहीं है। पुलिस ऐसे असमाजिक तत्वों को तुरंत गिरफ्तार कर कड़ी सजा दें। इस दौरान रमेश रामपुरा रेवती, रमन राहुवास, भरतलाल रामपुरा, घनसी राहुवास, बबलू राहुवास, बसंती लाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## स्वयंसेवकों ने कदमताल करते हुए निकाला पथ संचलन

महानगर संवाददाता

**चाकसू।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से अम्बेडकर बस्ती में रविवार को संघ के शताब्दी वर्ष व विजयादशमी के उपलक्ष्य में उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर स्कूल से पथ संचलन निकाला गया। इससे पूर्व शस्त्र पूजन किया गया। शस्त्र पूजन मुख्य अतिथि प्रभुनारायण बैरवा व नगर के संघचालक डॉ. मुकेश दीक्षित ने किया। शस्त्र पूजन के बाद बस्ती के स्वयंसेवकों ने शारीरिक प्रदर्शन किया। इसके उपरान्त महेश जिला कार्यवाह सांगानेर ने विजयादशमी उत्सव के उपलक्ष्य में बौद्धिक प्रदान किया, जिसमें उन्होंने कहा कि संघ इस विजयादशमी पर अपने 100 वर्ष पूर्ण करके शताब्दी वर्ष मना रहा है। इस शताब्दी वर्ष का प्रथम कार्यक्रम यह विजयादशमी उत्सव हैं और हिन्दू समाज में पंच परिवर्तन से समाज परिवर्तन करने का समय है। अतः सभी स्वयंसेवक इस वर्ष में पंच परिवर्तन स्वदेशी, पर्यावरण, कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसता व नागरिक शिष्टाचार अपने व्यवहार में दिखाएं। पथ संचलन टोंक रोड से बड़े बालाजी मंदिर होते हुए देवनारायण कॉलोनी से ठिगरिया मोड़ से अम्बेडकर सर्किल कोटखवादा रोड से आईडीएसएमटी कॉलोनी, चम्पेश्वर मंदिर होते हुए पुनः उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर पहुंचा। मार्ग में स्वयंसेवकों के स्वागत के लिए अम्बेडकर बस्ती के लोगों ने पुष्प वर्षा की और संचलन में स्वयंसेवक घोष के सुंदर स्वर से कदम से कदम मिलाते हुए चले। पथ संचलन के बाद सभी स्वयंसेवकों ने अल्पाहार किया, इसके बाद प्रस्थान रहा।



## 'एक शाम भैरुजी महाराज के नाम' में बही भजनों की गंगा

महानगर संवाददाता

**नवलपुरा।** ग्राम नवलपुरा स्थित भैरुजी महाराज मंदिर में 'एक शाम भैरुजी महाराज के नाम' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। देर रात तक चले इस धार्मिक आयोजन में गायक कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें सुनकर श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गए। कार्यक्रम से पूर्व विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना कर भैरुजी महाराज को भोग अर्पित किया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की और भैरुजी महाराज के धोक लगाकर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना की।

## महाआरती के साथ खंडेलवाल समाज का डांडिया महोत्सव सम्पन्न



महानगर संवाददाता

**लालसोट।** उपखंड मुख्यालय पर खंडेलवाल समाज की ओर से खंडेलवाल धर्मशाला में आयोजित तीन दिवसीय डांडिया महोत्सव का भव्य समापन मां भगवती की महाआरती के साथ हुआ, जिसमें उपस्थित लोगों ने विश्व कल्याण व समृद्धि की कामना की। तीन दिवसीय महोत्सव में खंडेलवाल समाज की महिलाओं व युवा पीढ़ी ने धार्मिक गीतों पर डांडिया नृत्य कर मां शक्ति की आराधना की और रंग-बिरंगे परिधानों व उमंग से भरे नृत्य से कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। इस अवसर पर खंडेलवाल समाज के पदाधिकारियों ने महोत्सव की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता और सौहार्द्र की भावना को मजबूत करते हैं। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में संरक्षक व पूर्व चेयरमैन प्रेमप्रकाश चौधरी, ओमप्रकाश बड़ाया, सुरेश रावत, सुभाष भिवांल, कमलेश बड़ाया, वंदना सेठी, लाला भाई पंसारी आदि उपस्थित रहे।

## सॉफ्टबॉल में 9 छात्र-छात्राओं का राज्य स्तर पर चयन

महानगर संवाददाता

**केकड़ी।** मिश्रीलाल दुबे उच्च माध्यमिक अकादमी केकड़ी के नौ छात्र-छात्राओं ने 69वीं जिला स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य स्तर के लिए चयन हासिल किया है। यह प्रतियोगिता मिश्रीलाल दुबे उच्च माध्यमिक अकादमी के संयोजन में राजकीय महाविद्यालय केकड़ी के खेल मैदान में आयोजित की गई थी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए आराध्या दाधीच, आराध्या शर्मा, पारस मेघवंशी, अनमोल दाधीच, दक्ष वैष्णव, आशाराम जाट, पुष्पराज गुर्जर, इन्दू बाला शर्मा, अनामिका चौधरी आदि का चयन हुआ है। राज्य स्तर पर चयनित इन खिलाड़ियों का एमएलडी परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया गया। संस्थान के सचिव चंद्र प्रकाश दुबे, निदेशक डॉ. अविनाश दुबे, निदेशक अनिरुद्ध दुबे, प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार पारीक, प्रधानाचार्या संगीता कुमावत, शारीरिक शिक्षक अभिषेक शर्मा व मनोज वर्मा आदि ने खिलाड़ियों को माला पहनाकर व मुंह मीठा करवाकर उनका अभिनंदन किया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 17 व 19 वर्ष आयु वर्ग छात्रा सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता का आयोजन अग्रसेन बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय हिंडौन सिटी में होगा। वहीं, 17 व 19 वर्ष छात्र वर्ग की राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मंगलपुरा झालावाड़ में 1 से 7 अक्टूबर तक किया जाएगा।

## प्रशिक्षण शिविर में महिलाओं ने सीखा पारम्परिक हस्तशिल्प कौशल



महानगर संवाददाता

**जैसलमेर।** रैफ ग्लोबल द्वारा जैसलमेर के सीमावर्ती सम सलखा गांव में महिलाओं के लिए पारम्परिक हस्तशिल्प कौशल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। रैफइ ग्लोबल द्वारा आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं को कढ़ाई, ब्लॉक प्रिंटिंग और सिलाई जैसे कौशलों में दक्ष बनाना और उन्हें बाजार से जोड़कर आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना था।

कुशल प्रशिक्षक ने महिलाओं को सिलाई, पिनिंग, ब्लॉक प्रिंटिंग और विभिन्न तरह की कढ़ाई शैलियों का प्रशिक्षण दिया। प्रतिभागी महिलाओं ने नमूना पैटर्न तैयार किए। साथ ही उन्हें यह भी सिखाया गया कि अपने उत्पादों को कैसे बेचा जाए, बाजार में वस्तुओं को कहां और कैसे प्रदर्शित किया जाए। महिलाओं ने सिलाई का कार्य किया और उस पर कढ़ाई का प्रयोग कर आकर्षक उत्पाद बनाए।

महिलाओं ने चयनित ब्रांड और डिजाइन पर काम करते हुए अपने उत्पाद तैयार किए। प्रशिक्षण के बाद महिलाओं ने विश्वास जताया कि अब वे नए-नए डिजाइन बना सकती हैं, अपनी आवश्यकताओं के अनुसार सामग्री का चयन कर सकती हैं और बिक्री के लिए यूनिट तैयार कर सकती हैं। इस कार्यशाला से महिलाओं में न केवल कौशल का विकास हुआ, बल्कि उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ा। व्यवसाय और बाजार जुड़ाव की जानकारी मिलने से अब वे अपने उत्पादों को बड़े स्तर पर बेचने के लिए तैयार हैं।

# 'वोट चोरी रोकने का संकल्प लेकर जनता को जाकरूक करें कार्यकर्ता'

## अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के दो मंडलों में चलाया हस्ताक्षर अभियान

महानगर संवाददाता

**अजमेर।** अजमेर उत्तर विधानसभा के पश्चिम मंडल अध्यक्ष हमीद चीता व अदरकोट मंडल अध्यक्ष तौफीक खान के नेतृत्व में 'वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हस्ताक्षर अभियान समन्यवक रणजीत चंदेलिया व पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने कार्यकर्ताओं से 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान को जन जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। राठौड़ ने कहा कि लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मोदी सरकार व चुनाव आयोग की मिलीभगत से वोट चोरी का सबूतों के साथ खुलासा किया और देश में 'वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान का शुभारम्भ किया। इसके बाद देशभर में हस्ताक्षर अभियान तेजी से चल रहा है। सभी कार्यकर्ता वोट चोरी रोकने का संकल्प लेकर अहम भूमिका निभाए और जनता को जागरूक करें। राठौड़ ने कहा कि भाजपा ने वोट चोरी करके कई राज्यों में अपनी सरकार बनाई है, इससे साफ जाहिर है कि भाजपा लोकतन्त्र को खत्म करना चाहती है। हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष हमीद चीता, तौफीक खान, ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र अग्रवाल, पार्षद हमीद चीता, पार्षद नोरत गुर्जर, पूर्व पार्षद सर्वेश पारीक, मंडल अध्यक्ष पंकज छोटवानी आदि मौजूद कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं कोटड़ा स्थित शुभदा संस्था के निशक्तजनों की शक्ति पूजा कार्यक्रम में पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने शिरकत की और निशक्त बच्चों से मुलाकात कर उनके हाल जाने। संस्था के निदेशक अपूर्व सेन से संस्था से जुड़ी जानकारी दी। इस दौरान उत्तर विधानसभा हस्ताक्षर अभियान समन्यवक रणजीत चंदेलिया, ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र अग्रवाल, मंडल छोटू सिंह रावत, पूर्व पार्षद सर्वेश पारीक, हनुमान दयाल बंसल व डाक्टर लाल थदानी आदि मौजूद रहे।



देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter
www.mahanagartimes.com

# पाकिस्तान बॉर्डर से राजस्थान में हथियार आने का खतरा

**15 किलो तक का लोड उठा रहे ड्रोन, आईजी एटीएस बोले- विस्फोटक गिराए जाने लगे, तो सुरक्षा को संकट होगा**

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान में सुरक्षा एजेंसियों को एक बड़ा डर सताने लगा है। एजेंसियों को डर है कि पाकिस्तान बॉर्डर पर जिस तरह ड्रोन से नशे की अवैध तस्करी कर रहा है। उसी तरह हथियार की तस्करी होने लगी तो देश की सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा हो सकता है।

दरअसल, पाकिस्तान-राजस्थान का बॉर्डर करीब 1 हजार किलोमीटर का है। यहां पिछले कुछ साल में एंजेसियों ने 60 से ज्यादा ड्रोन पकड़े हैं या ड्रोन से गिराया गया नशे का सामान रिकवर किया गया है। दिनों-दिन ड्रोन की क्वालिटी और पावर में भी बदलाव आ रहा है।

पहले जो ड्रोन 2 किलो तक का सामान लाने में सक्षम थे। वे अब 15 किलो तक का लोड उठाकर ला रहे हैं। इन ड्रोन की टेक्नोलॉजी, पे लोड, स्पीड और बैटरी लाइफ में भी लगातार बदलाव किया जा रहा हैं। ऐसे में सुरक्षा एजेंसियों के सामने सीमा पर सुरक्षा का एक बड़ा चैलेंज खड़ा हो गया है।

आईजी एटीएस विकास कुमार ने बताया कि राजस्थान और पंजाब सूखे नशे की खपत का क्षेत्र रहा है। ईरान, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के क्षेत्र में सबसे ज्यादा अफीम पैदा होती है। अफीम को हेरोइन में बदलकर भारत भेजा जाता है। पिछले कुछ सालों में पाकिस्तान ने कश्मीर और पंजाब के बाद राजस्थान को टारगेट करते हुए ड्रोन से हेरोइन तस्करी को बढ़ाया है। पिछले तीन साल में राजस्थान इसका एक बड़ा क्षेत्र बन गया है। पिछले तीन साल में श्रीगंगानगर और बीकानेर में 60 ड्रोन से हेरोइन आने के मामले दर्ज हुए हैं।

जानकारी में आया है कि राजस्थान में जो हेरोइन ड्रोन से गिर रही है। उसे तस्कर अलग-अलग माध्यम से पंजाब और अन्य राज्यों में भेज रहे हैं।



**एंटी ड्रोन टेक्नॉलॉजी पर काम कर रही राजस्थान एटीएस**

विकास कुमार ने बताया कि राजस्थान का पाकिस्तान से जुड़ा बॉर्डर एरिया करीब 1050 किलोमीटर का है। इस इलाके में कई जगह आबादी है। कई जगह रेगिस्तान है। कुछ जगहों पर खेती होती है। ऐसे में ड्रोन के गिरने की एक निश्चित जगह का पता करना एक बड़ी चुनौती है।

एंटी ड्रोन टेक्नॉलॉजी और काउंटर ड्रोन टेक्नॉलॉजी पर काम करना बड़ी चुनौती है। इस पर केंद्रीय एजेंसियों के साथ-साथ राजस्थान एटीएस भी काम कर रही है। मादक पदार्थों के साथ-साथ अगर ड्रोन से हथियार और विस्फोटक भी गिराए जाने लगे तो यह देश की सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा हो सकता है। हमारी सभी एजेंसियां निरंतर इस पर काम कर रही है। यही कारण है कि इस साल ड्रोन से आने वाले मादक पदार्थों की घटनाओं में कमी आई है।

**ड्रोन को डिटेक्ट करना मुश्किल, दिखाई नहीं देता:** आईजी एटीएस विकास कुमार ने बताया कि हर दिन ड्रोन की टेक्नोलॉजी, पे लोड, स्पीड और बैटरी लाइफ बढ़ रही है। ड्रोन ज्यादा से ज्यादा दूरी तय कर पा रहा है। ड्रोन पहले 2 से 3 किलो तक का ही सामान ला सकते थे। पे-लोड केपिसिटी बढ़ने से अब 10 से 15 किलो तक का सामान लाने में सक्षम है। खास बात है कि ऐसे ड्रोन भी डिटेक्ट हुए हैं जो सामान्य रूप से दिखाई नहीं देते है। उनकी आवाज और स्पीड भी डिटेक्ट नहीं हो पाती है।

**राजस्थान में 2024 में सबसे ज्यादा ड्रोन से हेरोइन तस्करी:** पाकिस्तान से श्रीगंगानगर बॉर्डर पर साल 2024 में ड्रोन से तस्करी के सबसे ज्यादा मामले आए थे। साल 2022 पहला केस के सामने आते ही सुरक्षा एजेंसियां एक्टिव हो गई थी। इसके बाद बीएसएफ को चौकसी बढ़ाने के लिए कहा गया था। सितंबर 2025 में ड्रोन से 150 किलो से ज्यादा हेरोइन सीमावर्ती इलाकों में गिरी थी, जिसे पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने जब्त किया था।

## नहाते समय विवाहिता के अश्लील वीडियो बनाकर किया देहशोषण

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** बस्सी थाना इलाके में ब्लैकमेल कर एक विवाहिता से रेप करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने नहाते समय उसके अश्लील वीडियो बना लिए और अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर देहशोषण किया। इस पर पीड़ित विवाहिता ने बस्सी थाने में आरोपी परिचित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच एसएचओ बस्सी धर्मेंद्र कुमार कर रहे हैं।

पुलिस ने बताया कि आंधी की रहने वाली 33 साल की विवाहिता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। बस्सी इलाके में एक प्रोग्राम में उसकी मुलाकात आरोपी से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने उसके मोबाइल नंबर ले लिए। मोबाइल पर कॉल कर आरोपी बातचीत करने लगा। आरोप है कि जून-2025 में वृंदावन घुमाने के लिए लेकर गया और अपने फ्लैट पर धोखे से ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती रेप किया। नहाते हुए का



चुपचाप अश्लील वीडियो अपने मोबाइल में बना लिया। अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देने लगा। अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल कर धमकी देकर उसका देहशोषण करने लगा। ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर पीड़िता ने आरोपी परिचित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने रेप और आईटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मौज-मस्ती के लिए साइकिल चुराने वाला शातिर बदमाश धरा

ओएलएक्स पर 2 से 3 हजार में बेच देता, पांच साइकिल बरामद

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** श्याम नगर थाना पुलिस ने एक शातिर साइकिल चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की 5 साइकिल भी रिकवर की है। आरोपी इन चोरी की साइकिलों को ओएलएक्स पर 2 से 3 हजार रुपए में बेच दिया करता था और जो पैसा मिलता उस पैसे से अपने शौक और मौज-मस्ती किया करता था। श्याम नगर थाना सीआई दलबीर सिंह ने बताया कि राजेश जोशी पुत्र श्यामसुन्दर जोशी निवासी संतोष नगर ने एक रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई, जिसमें बताया कि उसके घर से कोई व्यक्ति उसकी साइकिल चोरी कर ले गया। आसपास कई जगह सर्च किया, लेकिन साइकिल नहीं मिली। इस पर पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज पर एक टीम ने काम करना शुरू किया तो वहीं दूसरी टीम



साइकिल चोरी करने वाले संदिग्धों से पूछताछ करने लगी। इस पर पुलिस ने आरोपी की पहचान कर उसे डिटेन किया। पूछताछ में आरोपी ने साइकिल चोरी करना स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने साइकिल चोर विश्वेंद्र सिंह पुत्र श्रीमसिंह निवासी गोकुलपुरा पुलिस थाना करधनी को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से पुलिस ने महंगी 5 अन्य साइकिल भी रिकवर की हैं। उसने बताया कि वह साइकिल चोरी करने के बाद उसे ओएलएक्स पर डाल दिया करता था। वह चुराई हुई साइकिलों को 2 से 3 हजार रुपए में बेच दिया करता था और जो पैसा मिलता उससे मौज-मस्ती किया करता था।

## खाना बनाते समय दादी की चिमटे से पीट-पीटकर हत्या

सिर पर ताबड़तोड़ किए वार, लहूलुहान हालत में हॉस्पिटल में तोड़ा दम



महानगर संवाददाता

**भीलवाड़ा।** जिले के पारोली थाना क्षेत्र के बागड़ा गांव में रविवार सुबह एक बुजुर्ग महिला की पोते ने चिमटे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। हमले में महिला के सिर पर चोट लगी और वो बेहोश होकर गिर पड़ी। लहूलुहान हालत में उसे हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को बागड़ा गांव निवासी कान्हा पिता सोमनाथ माली ने बताया कि उसकी मां एजी देवी घर में चूल्हे पर खाना बना रही थी। इसी दौरान उसके बड़े पिता रामलाल माली का बेटा लालाराम आया। उसने धार्मिक कार्यों में उपयोग होने वाले लोहे के बड़े चिमटे से मां के सिर पर कई वार किए। इससे मां का सिर फट गया और वह लहूलुहान हालत में वही गिर पड़ी। लाला राम को रोकने की भी कोशिश की, लेकिन वह मारता रहा। गंभीर हालत में मां को गांव के ही सरकारी हॉस्पिटल में लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी लालाराम गांव में स्थित सगसजी के स्थान पर नवरात्रि के चलते भोपा के रूप में सेवा पूजा करता था। रविवार की सुबह भी वह सेवा पूजा कर रहा था, इस बीच अचानक दादी के घर में घुसा और पूजा में उपयोग होने वाले चिमटे से बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी। घटना में उपयोग लिए गए चिमटे को भी बरामद कर लिया है। थाना प्रभारी प्रभाती लाल मीणा ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर कोटड़ी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मृतका के बेटे की शिकायत पर शव का पोस्टमॉर्टम करवाया गया है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया और गांव में मक्के के खेतों में जाकर छिप गया। हालांकि करीब 4 घंटे की तलाश के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

# पैसों का लालच देकर बैंक अकाउंट खरीदने वाले बदमाश दबोचे

**साइबर क्रिमिनल्स को बेचकर कमाते मुनाफा, ऑपरेशन शील्ड के तहत कार्रवाई**

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** वैशाली नगर थाना पुलिस ने रविवार को साइबर धोखाधड़ी करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तीनों बदमाशों के कब्जे से कई बैंकों की चेकबुक, पासबुक, एटीएम कार्ड जब्त कर सीज किया गया है। साथ ही इन बदमाशों के पास से कई मोबाइल फोन भी रिकवर हुए, जो इन बैंक खातों से जुड़े हुए थे। यह कार्रवाई ऑपरेशन शील्ड के तहत की गई है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि बदमाश लोगों को बहला-फुसला कर और लालच देकर उनका बैंक खाता खरीद लेते थे और साइबर अपराधियों को बेचकर अच्छा मुनाफा कमाते थे। पुलिस पूछताछ में और भी कई बड़े खुलासे हो सकते हैं। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुट गई है। डीसीपी वेस्ट हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी आर्यन मीना पुत्र छीतरमल मीना निवासी मीणों की ढाणी सांदरसर कालाडेरा चौमूं, शाहरुख खान उर्फ अविनाश पुत्र धीसू खान निवासी धुस्सीवाड़ा पाली व रिषभ रोका पुत्र अजमेर सिंह निवासी गांव धनोला देहरादून है। डीसीपी वेस्ट आलोक सिंघल व वैशाली नगर एसीपी आलोक गौतम की ओर से शहर में ऑपरेशन साइबर शील्ड चलाया जा रहा है। इस ऑपरेशन में साइबर सेल प्रभारी हरिराम जाखड़ और उनकी साइबर सेल टीम व तकनीकी शाखा भी शामिल है। इस ऑपरेशन के तहत वैशाली नगर इलाके से तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया और उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की गई। डीजी पुलिस साइबर क्राइम एससीआरबी और तकनीकी राजस्थान जयपुर की ओर से साइबर अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए ये अभियान चलाया जा रहा है।



**लोगों का माइंड वॉश कर खरीद लेतो थे बैंक खाता**

पुलिस ने इन बदमाशों के पास से कई बैंक की चेक बुक, पास बुक, एटीएम सहित कई दस्तावेज सीज किए। आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि जो लोग उनसे संपर्क करते हैं वह उनका माइंड वॉश कर उनका बैंक खाता कुछ पैसा देकर खरीद लेते हैं। इसके बाद इन खातों में साइबर फ्रॉड का पैसा डाल देते हैं, जिसे बाद में ये लोग एटीएम से निकाल लेते हैं। आर्यन मीणा और शाहरुख खान लोगों को पैसे का लालच देकर उनके बैंक खाते खरीद लेते हैं, इसके बाद बैंक खाते साइबर क्रिमिनल को किराए पर दे देते हैं।

### सोशल मीडिया पर एड देखकर आया लालच

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि एक आरोपी रिषभ ने फेसबुक-इंस्टाग्राम पर एड देखा कि अपने अकाउंट से 5 से 7 हजार रुपए कमाए। इसके बाद उसने शाहरुख खान नाम के युवक से बातचीत की तो शाहरुख ने उसे 5 हजार रुपए का लालच दिया, साथ ही महंगे होटल में रेव पार्टी कराने की बात कही। पुलिस के मुताबिक इसके बाद रिषभ की मुलाकात जयपुर के वैशाली नगर स्थित एक होटल में शाहरुख खान और आर्यन मीणा से हुई, जहां पर रिषभ अपने बैंक अकाउंट का सौदा कर रहा था। इस दौरान होटल में पहले से मौजूद पुलिस की टीम ने रिषभ को डिटेन कर गिरफ्तार किया, साथ ही शाहरुख खान उर्फ अविनाश और आर्यन मीणा को भी दबोच लिया।

## जेल में बंद बदमाशों का पिस्टल के साथ वीडियो वायरल

सिगरेट व गुटखा दिखाने के साथ फोन पर भी बात करते आ रहे नजर

महानगर संवाददाता

**टोंक।** जेल में बंद बदमाशों का पिस्टल के साथ वीडियो सामने आया है, जिसमें हत्या और पुलिस पर फायरिंग के मामले में बंद 2 बदमाश हाथ में पिस्टल लिए नजर आ रहे हैं।

दोनों आरोपी सिगरेट व गुटखा दिखाते हुए वीडियो शूट करवाते और फोन पर भी बात करते नजर आ रहे हैं। वहीं पीछे दीवार पर जिला कारागृह टोंक आपका हार्दिक अभिनंदन करता है लिखा हुआ दिखाई दे रहा। वीडियो एक साल पुराना बताया जा रहा है, जो अब सामने आया है। एसपी के आदेश पर कोतवाली में देशवाली पुरानी टोंक थाना क्षेत्र के रहने वाले शादाब व उदयपुर निवासी दीपक मेनारिया के खिलाफ अवैध हथियार रखने का मामला दर्ज किया गया है। तत्कालीन जेल




अधीक्षक वैभव भारद्वाज ने बताया कि वीडियो में नजर आ रहा एक आरोपी शादाब देशवाली है। यह मर्डर केस में टोंक जेल में बंद था, जिसे जेल में बदमाशी करने के चलते करीब 11 महीने पहले धौलपुर जेल में शिफ्ट कर दिया था। वहीं दूसरा बंदी दीपक मेनारिया पुलिस पर फायरिंग करने के मामले में जेल में बंद था, इसको भी करीब 11 महीने पहले गंगानगर की जेल में भेज दिया गया था। पुलिस को किसी मोबाइल में इनके हथियार दिखाते हुए के वीडियो-फोटो मिले थे। इसी आधार परइनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। कोतवाली सीआई भंवर लाल वैष्णव ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच टोंक सदर थाना प्रभारी जयमल सिंह को सौंपी है। वीडियो को लेकर जांच की जा रही है। वहीं वीडियो सामने आने के बाद नरेश मीणा ने कहा कि मुझे अभी भी जान का खतरा है। मैं जिन बड़े भ्रष्ट नेताओं के खिलाफ जनहित में लड़ रहा हूं, वे मुझे मरवाना चाहते हैं। मुझे मरवाने का प्रयास टोंक जेल में भी किया था। तब भी टोंक जेल में हथियार थे। इसका खुलासा मैंने पेशी के दौरान मीडिया के सामने किया था। अब टोंक जेल में हथियारों के साथ बंदियों का वीडियो भी सामने आया है। मुझे अभी भी जान का खतरा है। कोतवाली में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच में सामने आया है कि ये वीडियो करीब साल भर पुराना है। फिलहाल जांच जारी है।

## लंच में रूम पर खाना खाने आए युवक ने फंदा लगाकर दी जान

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भांकरोटा थाना इलाके में एक युवक के सुसाइड का मामला सामने आया है। दोस्त के पहुंचने पर रूम अंदर से लॉक मिला। वह कमरे के अंदर रस्सी के फंदे से लटका मिला। पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए और एसएमएस हॉस्पिटल की मोर्चरी में पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। एसएचओ भांकरोटा श्रीनिवास जांगिड़ ने बताया कि सवाई माधोपुर के तलवाड़ा निवासी शुभम सिंह पुत्र सीताराम ने सुसाइड किया है। वह अजमेर रोड स्थित पिंक पर्ल वाटर पार्क के पास स्थित पेट्रोल पम्प पर काम करता था। वह पेट्रोल पम्प के पीछे बने बंगले में रहता था, जहां दोपहर को खाना खाने गया था। वहां जाने के बाद उसने रस्सी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। देर शाम को वापस नहीं लौटने पर दोस्त उसे बुलाने पहुंचा। रूम अंदर से लॉक मिलने पर दोस्त ने काफी आवाज लगाई। गेट खटखटाने के बाद भी शुभम ने जबाव नहीं दिया। अनहोनी की आंशका के चलते भांकरोटा थाना पुलिस को सूचना दी। भांकरोटा थाना पुलिस ने गेट को धक्का मारकर तोड़ा। कमरे के अंदर जाने पर शुभम रस्सी के फंदे से लटका मिला।

## फ्लैट में आग से घुटा दम, टीवी एक्टर सहित दो बच्चों की मौत

महानगर संवाददाता

**कोटा।** अनंतपुरा थाना क्षेत्र की दीपश्री मल्टी स्टोरी बिल्डिंग में देर रात एक फ्लैट में आग लगने से एक टीवी एक्टर सहित दो नाबालिग भाइयों की मौत हो गई। पड़ोसियों ने फ्लैट से धुआं उठते देखा तो तुरंत दरवाजा तोड़कर बच्चों को बाहर निकाला और बेहोशी की हालत में उन्हें हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां दोनों को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जिन 2 बच्चों की मौत हुई है, उनमें से एक वीर टीवी एक्टर था।

वहीं, दूसरा नाबालिग आईआईटी की तैयारी कर रहा था। बच्चों की मां रीता शर्मा भी एक्ट्रेस हैं। थानाधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि हादसा बिल्डिंग के फोर्थ फ्लोर पर फ्लैट नंबर 403 में हुआ। हादसे के दौरान वीर और उसका भाई शौर्य घर में अकेले सो रहे थे। आशंका है कि शॉर्ट सर्किट के कारण फ्लैट में धुआं फैला



गया था। इस कारण उनका दम घुट गया। बच्चों के पिता जितेंद्र शर्मा कोटा में कोचिंग टीचर है। उनकी मां रीता शर्मा मुंबई में है। वो पॉपुलर एक्ट्रेस हैं।

हादसे के समय पिता भजन संध्या में गए हुए थे। कोटा शहर एसपी तेजस्विनी गौतम ने बताया कि फ्लैट का ड्राइंग रूम पूरी तरह से जला हुआ था। घर के और भी हिस्सों में आग के निशान थे। बच्चों की मां मुंबई से आ रही हैं। उसके बाद ही दोनों बच्चों का पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा। पिता की इच्छा है कि दोनों बच्चों की आई डोनेट करवाई जाए।

## दशहरे मेले में धक्का लगने पर बदमाशों ने युवक को घोंपा चाकू

महानगर संवाददाता

**बांसवाड़ा।** राजतालाब के कॉलेज ग्राउंड पर चल रहे दशहरे मेले में चल रहे दशहरे मेले में धक्का लगने पर विवाद बढ़ गया। इसके बाद 6-7 बदमाशों ने 2 युवकों को घेर लिया और मेला स्थल के बाहर ले जाकर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू युवक की रीढ़ की हड्डी के पास लगा, जिससे करीब 3 इंच गहरा घाव हो गया। गंभीर हालत में घायल का निजी हॉस्पिटल में इलाज जारी है। घायल सिंगपुरा निवासी अनिल के पिता बहादुर सिंह ने राजतालाब थाने में रिपोर्ट सौंपी, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजतालाब थानाधिकारी देवीलाल मीणा ने बताया कि अनिल अपने दोस्त दूदू मईडा के साथ दशहरा मेला देखने आया था। दोनों मेले में घूम रहे थे। इस दौरान किसी युवक को धक्का लग गया, इसके बाद 6-7 बदमाशों ने मिलकर उन्हें घेर लिया और मेले के बाहर ले गए। बदमाशों में से एक ने अनिल की पीठ में



चाकू घोंप दिया, जो रीढ़ की हड्डी के पास लगा। इससे वह लहूलुहान होकर वहीं झाड़ियों में गिर पड़ा। जबकि दोस्त नशे में था, जो घटना के बाद भागकर वापस मेले में चला गया। स्थानीय लोगों से मिली सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर घायल युवक को राजतालाब के हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां से उसे जिला हॉस्पिटल, फिर उदयपुर के हॉस्पिटल रैफर किया गया। हालांकि परिजन उसे बांसवाड़ा के ही निजी हॉस्पिटल ले गए। पिता से मिली रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## घर में घुसकर महिला से दरिंदगी करने वाला फरार इनामी पकड़ा

महानगर संवाददाता



**बाड़मेर।** जिले की धनाऊ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ढाई महीने से फरारी काट रहा था। आरोपी ने महिला के साथ डरा धमकाकर रेप किया था। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार बाखासर थाने में पीड़िता ने रिपोर्ट देकर बताया कि युवक गोरखाराम पुत्र हनुमानराम ने घर में घुसकर उसके साथ डरा धमकाकर रेप किया। पुलिस ने रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया। वहीं पीड़िता का मेडिकल करवाया। साथ ही बयान दर्ज किए। आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहा था। एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए स्पेशल टीम बनाई गई। उसके ठिकानों पर दबिश दी गई, लेकिन आरोपी पकड़ में नहीं आया। आरोपी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित कर थाने के टॉप-10 आरोपियों की सूची में शामिल किया। जांच धनाऊ थानाधिकारी गोविंदराम को दी गई। टीम ने तकनीकी और सूचना के आधार पर आरोपी के घर समेत अन्य ठिकानों पर निगरानी रखी। पुलिस को तकनीकी और सूचना मिली कि आरोपी जैसलमेर जिले के कोहरा गांव में है। टीम ने कोहरा गांव में दबिश दी। वहां से उसे गिरफ्तार किया गया है।

# खाली चेक दे विश्वास जीतकर हड़पा लाखों रुपए का माल

**दो बार सामान मंगवाकर जल्द भुगतान का देता रहा आश्वासन, फिर फोन बंद कर हुआ फरार**

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** करधनी थाना पुलिस ने 47 लाख 50 हजार रुपए का माल हड़पने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पीड़ित से पहले 25 लाख रुपए का माल मंगवाया। इसके लिए उसने मात्र 8 लाख 50 हजार रुपए दिए और बाकी का जल्द भुगतान का आश्वासन देता रहा। इसके बाद पीड़ित को विश्वास में लेते हुए आरोपी ने दोबारा 31 लाख का माल मंगवा लिया, लेकिन राशि नहीं दी। इसके बाद फोन बंद कर लिया। आरोपी के रकम नहीं देने पर पीड़ित ने करधनी थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी की तलाश कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से माल भी रिकवर कर लिया है। डीसीपी वेस्ट हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि गत 25 अगस्त को परिवादी किशन पडलिया ने करधनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़ित ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसकी डीएन पॉलीपेक के नाम से रजिस्टर्ड फर्म है। यह फर्म प्लास्टिक की स्ट्रेप बनाकर सप्लाई करती है। यह स्ट्रेप इंडस्ट्रीयल पैकिंग में काम आती है। करीब 3 महीने पहले उसके



पास फोन आया। फोन करने वाले ने अपना नाम सूर्य मोनी मिश्रा बताया। उसने कहा था कि उसकी फर्म को स्ट्रेप की रिक्वायरमेन्ट रहती है। हम आपकी कम्पनी से स्ट्रेप लेना चाहते हैं। इस पर पीड़ित और उसका पार्टनर जयपुर आए।

### पहले 25 फिर 31 लाख का मंगवाया माल

पीड़ित ने आरोपी से जयपुर में मीटिंग कर 5 लाख रुपए का चेक लिया। साथ ही आगे काम करने के लिए 4 खाली चेक दिए और विश्वास दिलाया कि आप हमें माल भेजते रहो। आपको पूरा भुगतान मिल जाएगा। पीड़ित ने आरोपी को पहले 25 लाख रुपए का माल भिजवाया, जिसमें से उसे मात्र 8 लाख 50 हजार रुपए मिले। इस पर आरोपी विश्वास दिलाता रहा कि जल्द ही आपको भुगतान कर दिया जाएगा। पीड़ित को विश्वास में लेते हुए आरोपी ने 31 लाख का माल जून 2025 में फिर मंगवा लिया। इसके बाद से उसने फोन बंद कर लिया। इस पर पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई।

### पुलिस ने कई जगह छापे मारकर पकड़ा

पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश में कई जगह छापे मारे। पुलिस टीम ने मुख्य सरगना राहुल हरितवाल की तलाश के लिए जयपुर, दिल्ली, कोलकाता आदि स्थानों पर दबिश दी। टीम के सदस्यों ने सफलता हासिल करते हुए घटना में शामिल राहुल हरितवाल निवासी विंध्याचल अपार्टमेन्ट 3एच हथियारा रोड बागुहटी जिला उत्तर परगना कोलकाता को जयपुर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के गोदाम से पुलिस ने माल भी रिकवर कर लिया है।

# विदेशी निवेशकों ने बढ़ाया बाजार पर दबाव, बेच डाले 16000 करोड़ के शेयर

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** पिछले हफ्ते विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय इक्विटी मार्केट से कुल 16,422 करोड़ रुपए निकाल लिए, जिससे बाजार पर दबाव और बढ़ गया। यह बिकवाली बढ़ती चिंताओं और नीतिगत बदलावों के डर से हुई, खासकर अमेरिका में एच-1बी वीजा पर बढ़ी फीस और नामी दवाओं पर लगाए गए ऊंचे टैरिफ के फैसले ने निवेशकों को सतर्क कर दिया। इन आउटफ्लोज के असर से प्रमुख सूचकांकों का सप्ताह भर का प्रदर्शन कमजोर रहा और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली की वजह से भारतीय शेयरों का इस वर्ष अब तक रिटर्न डॉलर में अन्य उभरते बाजारों से पीछे रह गया।




विश्लेषकों का कहना है कि हालात अभी दबाव वाले हैं, मगर मौजूदा बिकवाली का दौर जल्द पलट सकता है।

### तीन कारण जो बेचान के पीछे दिखे

विशेषज्ञों के अनुसार तीन मुख्य कारण हैं जिनकी वजह से एफपीआई बेच रहे हैं। पहला, अमेरिका की तरफ से एच-1बी वीजा पर 100,000 की नई फीस ने आईटी सेक्टर की आय पर चिंता बढ़ा दी है और यही वजह आईटी शेयरों में भारी बिकवाली का मुख्य कारण बनी। दूसरा, ब्रांडेड दवाओं पर कठोर टैरिफ नीतियों ने फार्मा सेक्टर की कमाई के अनुमान कमजोर किए हैं। तीसरा, रुपए में गिरावट ने भी विदेशी निवेशकों की बिकवाली बढ़ा दी है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के चीफ इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजिस्ट डॉ. वीके विजयकुमार कहते हैं कि पिछले एक साल में एफपीआई ने भारत से लगभग 21 अरब डॉलर निकाले हैं, जिससे यह उभरते बाजारों में सबसे बड़ा आउटफ्लो बना है। उनका कहना है कि ऊंची वैल्यूएशन और मंदा अर्निंग ग्रोथ प्रमुख कारण रहे हैं।

### रुपए पर दबाव और सेक्टोरल बदलाव

एफपीआई की लगातार बिकवाली से रुपया भी दबाव में आया है और इसे अन्य उभरते बाजारों की मुद्राओं की मजबूती के मुकाबले कमजोर देखा गया है। हालांकि ऑटो सेक्टर और घरेलू वाइट गुड्स में बुकिंग और सस्ती क्रेडिट से रिकवरी की झलक मिल रही है, जिससे इन सेक्टरों में आय में सुधार की उम्मीद जगी है।

### कहां से आशा दिखती है और आगे क्या होगा

विश्लेषक मानते हैं कि ऑटो और घर संबंधित सेक्टरों की बेहतर कमाई से समग्र कॉर्पोरेट अर्निंग में सुधार आएगा और यही चीज मार्केट सेंटीमेंट और एफपीआई प्रवाह को पलटने में मदद करेगी।

डॉ. विजयकुमार का अनुमान है कि हम शायद एफपीआई की बिकवाली की तली के निकट हैं और क्यू3 एफवाई26 से भारतीय कंपनियों की अर्निंग ग्रोथ में तेजी आएगी, जो एफवाई 27 में और मजबूती पकड़ेगी।

ईओडब्ल्यू ने पूर्व सीएफओ का दर्ज किया बयान

## इंडसइंड बैंक: अकाउंटिंग विभाग में 10 वर्ष से चल रहा था गड़बड़ी का खेल

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** इंडसइंड बैंक में अकाउंटिंग में गड़बड़ी का खेल पिछले 10 साल से चल रहा था। यह खुलासा बैंक के पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी यानी सीएफओ और व्हिसलब्लोअर गोबिंद जैन ने किया है। जैन ने मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा के सामने दावा किया कि बैंक के डेरिवेटिव्स पोर्टफोलियो में अकाउंटिंग की गड़बड़ी 2015 से चली आ रही है। पुलिस ने इसी सप्ताह जैन और डिप्टी सीईओ अरुण खुराना का बयान दर्ज किया था।

जैन ने कहा, तत्कालीन बोर्ड, वरिष्ठ प्रबंधन और पूर्व फाइनेंस प्रमुख एसवी जरेगांवकर को अकाउंटिंग की गड़बड़ी की जानकारी थी। इस वजह से जैन ने चार बार इस्तीफा दे दिया था। जैन ने सबसे पहले जून,2024 में इस्तीफा सौंपा था लेकिन वह मंजूर नहीं हुआ। इसके बाद 3 और बार इस्तीफा दिया। आखिरकार इस साल जनवरी में इस्तीफा मंजूर हुआ। उन्होंने बार-बार उस समय के एमडी और सीईओ सुमंत कठपालिया से अपील की थी कि स्वतंत्र ऑडिटर नियुक्त कर मामले की जांच कराई जाए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो बैंक को गंभीर नुकसान हो सकता है। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने 24 सितंबर को अकाउंटिंग चूक की जांच के संबंध में बैंक के पूर्व सीईओ सुमंत कठपालिया का बयान दर्ज किया।

**यह था गड़बड़ी का मामला:** इंडसइंड बैंक को लेकर अनिश्चितता तब शुरू हुई, जब इस साल मार्च में बैंक ने डेरिवेटिव पोर्टफोलियो से जुड़ी अकाउंटिंग चूक की जानकारी दी। 10 मार्च को बैंक ने खुलासा किया कि डेरिवेटिव्स लेन-देन में गड़बड़ी के कारण उसे 1,577 करोड़ रुपए का झटका लग सकता है। कई ऑडिट के बाद बैंक ने मार्च तिमाही के नतीजों में करीब 2,000 करोड़ रुपए का एकमुश्त घाटा दर्ज किया। 27 मई को सेबी ने एक अंतरिम आदेश जारी किया। इसके मुताबिक, बैंक प्रबंधन को डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में अकाउंटिंग की गड़बड़ियों के बारे में बैंक द्वारा स्टॉक एक्सचेंजों को बताए जाने से 15 महीने पहले ही पता चल गया था।

## अक्टूबर में 21 दिन बंद रहेंगे बैंक

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** अगले महीने यानी अक्टूबर में अलग-अलग राज्यों में कुल 21 दिन बैंक बंद रहेंगे। कैलेंडर के अनुसार, 4 रविवार और दूसरे-चौथे शनिवार के अलावा 15 दिन अलग-अलग जगहों पर बैंकों में कामकाज नहीं होगा। ऐसे में अगर आपको अगले महीने बैंक से जुड़ा कोई जरूरी काम हो तो इन छुट्टियों के दिनों को छोड़कर आप बैंक जा सकते हैं।

ऑनलाइन बैंकिंग के जरिए निपटा सकेंगे काम

आप बैंकों की छुट्टी के बावजूद ऑनलाइन बैंकिंग और एटीएम के जरिए पैसे का लेनदेन या अन्य काम कर सकते हैं। इन सुविधाओं पर बैंकों की छुट्टियों का कोई असर नहीं पड़ेगा।

अब विदेश से यूरेनियम का खनन करेगा भारत?

## एनटीपीसी नियुक्त करेगी खदानों की पहचान के लिए सलाहकार

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** ऊर्जा कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड अब परमाणु ऊर्जा उत्पादन के लिए जरूरी यूरेनियम की सप्लाई सुनिश्चित करने के कदम उठा रही है। इसके तहत कंपनी विदेशों में यूरेनियम खदानों की पहचान करने के लिए एक सलाहकार नियुक्त करेगी। यह कदम यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद उठाया जाएगा।

कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह फैसला एनटीपीसी के भविष्य के स्वतंत्र परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं को कच्चा माल उपलब्ध कराने की योजना का हिस्सा है। अभी एनटीपीसी का फोकस न सिर्फ थर्मल और सोलर ऊर्जा पर है, बल्कि वह परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में भी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराना चाहती है।

**एनटीपीसी की नई दिशा- खुद की परमाणु परियोजनाएं:** एनटीपीसी के सीएमडी गुरदीप सिंह ने हाल ही में बताया कि कंपनी भविष्य में स्वतंत्र परमाणु परियोजनाएं स्थापित करने की दिशा में काम कर रही है। इसके लिए कंपनी कई न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी प्रदाताओं और राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही है।



### 42000 करोड़ का परमाणु प्रोजेक्ट

फिलहाल एनटीपीसी, न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) के साथ ज्वाइंट वेंचर के तहत राजस्थान में एक बड़ा परमाणु ऊर्जा प्रोजेक्ट स्थापित कर रही है। इस प्रोजेक्ट में एनटीपीसी की 49 हिस्सेदारी होगी, जबकि एनपीसीआईएल की 51 हिस्सेदारी रहेगी। इस प्रोजेक्ट का कुल निवेश लगभग 42000 करोड़ रुपए है। इसका नाम माही बांसवाड़ा राजस्थान एटॉमिक पावर प्रोजेक्ट रखा गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में बांसवाड़ा में इस परियोजना की आधारशिला रखी। यह परियोजना अनुषक्ति विद्युत निगम लिमिटेड नाम के संयुक्त उद्यम (जेवी) कंपनी के जरिए स्थापित की जा रही है।

शेयर बाजार साप्ताहिक समीक्षा

# सेंसेक्स की टॉप 10 कंपनियों को जबरदस्त झटका, एम-कैप 2.99 लाख करोड़ रुपए घटा

### टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को सबसे ज्यादा घाटा

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** पिछले हफ्ते शेयर बाजार में भारी गिरावट देखने को मिली और इसकी वजह से देश की टॉप-10 सबसे ज्यादा वैल्यू वाली कंपनियों की मार्केट कैपिटलाइजेशन में करीब 2,99,661.36 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। इसमें सबसे ज्यादा झटका आईटी दिग्गज टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को लगा।

बीएसई सेंसेक्स पिछले हफ्ते 2,199.77 अंकों यानी 2.66 प्रतिशत टूट गया। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि अमेरिका में एच-1बी वीजा फीस बढ़ने से आईटी शेयरों में जबरदस्त बिकवाली हुई। वहीं भारतीय रुपया भी रिकॉर्ड लो पर पहुंच गया। इसके अलावा अमेरिका ने पेटेंटेड और ब्रांडेड दवाओं पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया, जिसने दवा कंपनियों और दूसरे सेक्टर्स पर दबाव बढ़ा दिया।

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की मार्केट वैल्यू 97,597.91 करोड़ रुपए घटकर 10,49,281.56 करोड़ रुपए रह गई। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) की वैल्यू 40,462.09 करोड़ रुपए घटकर 18,64,436.42 करोड़ रुपए पर आ गई। इंफोसिस की वैल्यू भी 38,095.78 करोड़ रुपए कम होकर 6,01,805.25 करोड़ रुपए रह गई।

### बैंकिंग और फाइनेंस शेयरों पर भी असर

एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 33,032.97 करोड़ रुपए घटकर 14,51,783.29 करोड़ रुपए रह गया, जबकि आईसीआईसीआई बैंक की वैल्यू 29,646.78 करोड़ रुपए घटकर 9,72,007.68 करोड़ रुपए हो गई। एसबीआई का मार्केट कैप भी 4,846.07 करोड़ रुपए घटकर 7,91,063.93 करोड़ रुपए पर आ गया।



### अन्य दिग्गज कंपनियां भी कमजोर

भारती एयरटेल की वैल्यू 26,030.11 करोड़ रुपए गिरकर 10,92,922.53 करोड़ रुपए हो गई। लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की वैल्यू 13,693.62 करोड़ रुपए घटकर 5,51,919.30 करोड़ रुपए पर आ गई।

हिंदुस्तान यूनिलीवर की वैल्यू 11,278.04 करोड़ रुपए कम होकर 5,89,947.12 करोड़ रुपए रह गई, जबकि बजाज फाइनेंस का मार्केट कैप 4,977.99 करोड़ रुपए गिरकर 6,12,914.73 करोड़ रुपए हो गया।

### रिलायंस अब भी नंबर-1 कंपनी

गिरावट के बावजूद रिलायंस इंडस्ट्रीज अब भी देश की सबसे ज्यादा वैल्यू वाली कंपनी बनी रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, बजाज फाइनेंस, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का नंबर आता है।

## आरबीआई की ब्याज दर और टैरिफ फैसलों से तय होगा बाजार का रुख

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** इस छुट्टियों वाले सप्ताह में शेयर बाजार की दिशा तय करने में मुख्य भूमिका भारतीय रिजर्व बैंक की ब्याज दर की नीति, टैरिफ से जुड़े फैसले, वैश्विक घटनाक्रम और विदेशी निवेशकों की ट्रेडिंग गतिविधियां निभाएंगी। विशेषज्ञों का कहना है कि घरेलू और वैश्विक आर्थिक डेटा पर भी निवेशकों की निगाहें रहेंगी। इसमें औद्योगिक उत्पादन और एचएसबीसी के मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई के आंकड़े शामिल हैं। शेयर बाजार गुरुवार को दशहरा और महात्मा गांधी जयंती के कारण बंद रहेंगे। अजीत मिश्रा, एसवीपी रिसर्च, रिलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड ने कहा कि यह सप्ताह डेटा से भरा हुआ है, जहां घरेलू और वैश्विक संकेतों से बाजार की रफ्तार तय होगी। घरेलू स्तर पर औद्योगिक उत्पादन और आरबीआई की नीति पर ध्यान रहेगा। सितंबर डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट्स की समाप्ति भी बाजार में उतार-चढ़ाव ला सकती है।

## आरबीआई की अगली मौद्रिक नीति समिति की बैठक एक अक्तूबर को

रेपो रेट में कटौती या स्थिरता पर फैसला संभव

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** रेपो रेट को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की अगली बैठक एक अक्तूबर को होगी। माना जा रहा है कि इस बैठक में रेपो रेट को लेकर बड़ा फैसला लिया जा सकता है। इस बार एसबीआई की एक रिपोर्ट ने 25 बेसिस पॉइंट्स (बीपीएस) की कटौती का सुझाव दिया है, जबकि कुछ विशेषज्ञ मानते हैं कि आरबीआई मौजूदा रेट को बरकरार रख सकता है।

इस साल फरवरी से अगस्त तक आरबीआई ने तीन बार मिलाकर कुल 100 बेसिस पॉइंट की कटौती की है, क्योंकि महंगाई दर कम हो रही है। अगस्त में आरबीआई ने एक बार फिर रेट में कोई बदलाव नहीं किया था और अमेरिकी टैरिफ और वैश्विक तनावों का असर देखने की नीति अपनाई थी। एसबीआई की रिपोर्ट कहती है कि खुदरा महंगाई अगले वित्त वर्ष भी कम रहने की उम्मीद है, इसलिए 25 बीपीएस की कटौती सही कदम होगा। वहीं, बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस का कहना है कि फिलहाल रेट में बदलाव की संभावना कम है और सरकार के निर्यातकों के लिए कोई पैकेज आने पर ही कटौती हो सकती है।




### मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर का बयान

आईसीआरए की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने बताया कि जीएसटी के नए दो-स्तरीय ढांचे से महंगाई कम होगी, लेकिन इसके बावजूद एमपीएस अक्तूबर में स्थिरता बरकरार रखेगा। ष्टह्लद्बह्यद्बद्य के धर्मकीर्ति जोशी का मानना है कि महंगाई कम होने और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की दरों में कटौती के कारण आरबीआई को रेट कम करने की गुंजाइश है।

इसके साथ ही एसबीएम बैंक के मंडर पितले ने कहा कि एमबीसी शायद मौजूदा रेट पर कायम रहेगा और दिसंबर में स्थिति के आधार पर बदलाव कर सकता है। आरबीआई की हालिया रिपोर्ट में भी कहा गया है कि फरवरी से अगस्त के दौरान 100 ड्ढश्चह्य की कटौती का असर बैंकिंग प्रणाली में अच्छी तरह पहुंचा है। कुल मिलाकर, आरबीआई की अगली बैठक में दरों को लेकर सतर्कता और वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों का ध्यान रखा जाएगा।

## ग्लोबल कंसल्टिंग फर्म एक्सेंचर ने 3 महीने में निकाले 11000 से ज्यादा कर्मचारी

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का असर ग्लोबल कंसल्टिंग फर्म एक्सेंचर पर भी दिखने लगा है। कंपनी ने दुनियाभर में 11,000 से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी की है। यह कदम एक ऐसे समय में उठाया गया है, जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को तेजी से अपना रहीं कंपनियां अपने कामकाज के तौर-तरीके को बदल रही हैं और अपना वर्कफोर्स घटा रही हैं।

एक रिपोर्ट में बताया गया कि टेक्नोलॉजी और कंसल्टिंग इंडस्ट्री पर छंटनी का असर बड़े पैमाने पर देखा जा रहा है क्योंकि एआई को तेजी से अपनाने के चलते कंपनियां अपने वर्कफोर्स स्ट्रक्चर और बिजनेस प्रॉयोरिटीज को बदल रही हैं। कंपनी ने बीते तीन महीने में इतने बड़े पैमाने पर इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारियों की छंटनी की है। कंपनी ने यह भी कह दिया है कि अगर वर्कर्स खुद को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के हिसाब से खुद को रीस्किल नहीं कर पाए, तो छंटनी और भी लोगों की हो सकती है।

**टेक्नोलॉजी में बदलाव को अपनाने की जरूरत:** सीईओ जूली स्वीट ने इस पर सफाई देते हुए कहा है कि अपने वर्कर्स को रीस्किल करने के बजाय कंपनी ने कर्मचारियों की छंटनी को अधिक सही समझा। उन्होंने कहा, 'टेक्नोलॉजी में बदलाव का एक समय आता है, जहां आपको ट्रेनिंग देने की जरूरत पड़ती है और नए सिस्टम अपनाने पड़ते हैं।' अगस्त के आखिर में कंपनी में कर्मचारियों की संख्या 7,79,000 थी। जबकि तीन महीने पहले 7,91,000 कर्मचारी थे। कंपनी ने बताया कि पिछली तिमाही में सेवरेंस सहित अन्य चीजों पर 615 मिलियन डॉलर खर्च हुए और मौजूदा तिमाही में 250 मिलियन डॉलर और खर्च होने की उम्मीद जताई जा रही है। दरअसल, गुरुवार को कंपनी ने 865 मिलियन डॉलर का री-स्ट्रक्चरिंग प्रोग्राम डिटेल किया। हालांकि, जहां यह बात सच है कि जहां हजारों की तादात में कर्मचारी नौकरी छोड़ रहे हैं। वहीं, कंपनी वर्कर्स के अपस्किलिंग पर भी जोर दे रही है।

साप्ताहिक समीक्षा

## सोना 3330 महंगा, चांदी में भी तेजी

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** सोने की कीमत में तेजी का दौर जारी है। एक सप्ताह में 24 कैरेट गोल्ड का भाव 3330 रुपए बढ़ा है। राजधानी दिल्ली में कीमत अब 115630 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच चुकी है। 22 कैरेट गोल्ड की बात करें तो एक सप्ताह में यह 3050 रुपए महंगा हुआ है। जयपुर शहर में 24 कैरेट सोने की कीमत 115630 रुपए प्रति 10 ग्राम है। 22 कैरेट का भाव 106000 रुपए प्रति 10 ग्राम है। चांदी के दामों में इस हफ्ते ज्यादा तेजी देखने को मिली। 22 सितंबर को चांदी का भाव 1,32,869 रुपए प्रति किलोग्राम था। इसके बाद लगातार मजबूती दिखाते हुए 25 सितंबर तक यह 1,37,040 रुपए तक पहुंच गया। हफ्ते के आखिरी दिन 26 सितंबर को चांदी और चढ़कर 1,38,100 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। 28 सितंबर को चांदी 149000 रुपए प्रति किलोग्राम पर है। इस तरह हफ्तेभर में चांदी 5,231 रुपए महंगी हो गई।

21 कंपनियों ने 25,000 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश का किया वादा

# भारत को मिलेगा 1 लाख करोड़ से ज्यादा का इंवेस्टमेंट, कंपनियों की लगी लाइन

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 के दूसरे दिन 21 कंपनियों ने समझौते किए। इससे इस कार्यक्रम में निवेश के लिए समझौतों की कुल वैल्यू 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गई है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि इन 21 कंपनियों ने 25,000 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश का वादा किया।

भारत मंडपम में समिट के दूसरे दिन ग्लोबल रेगुलेटर्स, इंडस्ट्री लीडर्स, स्टार्टअप और नीति-निर्माताओं ने भाग लिया। बातचीत में सस्टेनेबिलिटी, टेक्नोलॉजी, निवेश और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी पर ध्यान दिया गया।

**किन विषयों पर हुई चर्चा :** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने कार्यक्रम के पांच स्तंभों पर केंद्रित 13 सत्र आयोजित किए। इसमें पेट फूड, स्पेशिलटी फूड, न्यूट्रस्यूटिकल्स, शराब और प्लांट-बेस्ड फूड जैसे मुख्य विषय शामिल थे।




बयान में कहा गया कि इस दिन उत्तर प्रदेश, गुजरात, पंजाब, झारखंड और बिहार जैसे भागीदार राज्यों के साथ न्यूजीलैंड, वियतनाम, जापान और रूस के प्रतिनिधिमंडलों के सेशन भी हुए। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, आयुष मंत्रालय, कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण और विश्व बैंक ने भी चर्चाएं आयोजित कीं।

### निवेशकों के लिए पसंदीदा स्थान

बयान में कहा गया कि सम्मेलन में कृषि और खाद्य प्रसंस्करण में सहयोग को मजबूत करने के लिए रूस और पुर्तगाल के समकक्षों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें हुईं। इसी समय, भारत समुद्री खाद्य निर्यातक संघ द्वारा आयोजित 24वें इंडिया इंटरनेशनल सीफूड शो में देश की बढ़ती समुद्री खाद्य निर्यात क्षमता और वैश्विक बाजार के संबंध दिखाए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 कार्यक्रम के पहले दिन कहा कि भारत में विविधता, मांग और पैमाने की ट्रिपल ताकत है। पीएम मोदी ने भी जोर देते हुए कहा कि घरेलू मांग में यह ताकत भारत को प्रतिस्पर्धी बढ़त देती है और इसे निवेशकों के लिए पसंदीदा स्थान बनाती है।

### दुनिया का तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज भारत की पहचान दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम के रूप में होती है। इनमें से कई सारे स्टार्टअप्स फूड और एग्रीकल्चर सेक्टर में काम कर रहे हैं। भारत में डाइवर्सिटी, डिमांड और इनोवेशन सभी कुछ मौजूद हैं। इन्वेस्टमेंट का भारत में विस्तार करने का यही समय है।

# गोविंद देवजी मंदिर में भक्ति, शक्ति और मर्यादा का त्रिवेणी संगम

## किष्किंधा कांड की चौपाइयों से सरोबार हुआ मंदिर प्रांगण पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने अर्पित की आहुतियां

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में आश्विन शारदीय नवरात्र की षष्ठी तिथि, रविवार को भक्ति, मर्यादा और शक्ति का अद्भुत त्रिवेणी संगम देखने को मिला। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज के सान्निध्य में आराध्य देव के विशेष दर्शन, मां दुर्गा का हवन और भगवान श्रीराम की आराधना सम्पन्न हुई। मंदिर प्रांगण में चल रहे रामचरितमानस नवाह्न पारायण में किष्किंधा कांड की चौपाइयों का सस्वर पाठ हुआ।

*कपि सेन संग लेउ पथ नाना।*
*राम कृपा बस भये सुजाना॥*
*राम तुम्हारें भिन्न नहिं भाई।*
*मोहि प्रान प्रिय सखा सुनि जाई॥*

इन चौपाइयों के गूंजते स्वर से पूरा प्रांगण भक्तिरस से सरोबार हो उठा।

वहीं शक्ति संवर्धन पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कर शक्ति, ज्ञान और संपन्नता की कामना की। विशेषता यह रही कि यज्ञ संचालन नारी शक्ति ने किया। आचार्य पीठ से गायत्री कचोलिया व गायत्री तोमर ने प्रज्ञा गीत प्रस्तुत किए और यज्ञ का वैज्ञानिक महत्व बताते हुए तीन पारियों में हवन सम्पन्न करवाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर सेवा अधिकारी मानस गोस्वामी ने ठाकुर श्री राधा गोविंद देव जी, वेद माता गायत्री और गुरु सत्ता का पंचतत्व पूजन कर किया। इस अवसर पर गायत्री कचोलिया ने कहा कि नारियों को घर-परिवार के साथ समाज और राष्ट्र निर्माण में भी आगे आना चाहिए तथा बेटियों पर हो रहे अत्याचारों के विरुद्ध प्रत्येक महिला को दुर्गा स्वरूप बनकर डटकर खड़ा होना होगा।

### 56 भोग की सजाई झांकी

उधर, ठिकाना मंदिर गोविंद देवजी के अधीनस्थ कनक घाटी स्थित मनसा माता मंदिर में भी षष्ठी तिथि पर विशेष श्रृंगार और भोग अर्पित किए गए। रविवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु, जिनमें राजस्थान के विभिन्न जिलों से आए भक्तों के साथ विदेशी पर्यटक भी शामिल थे। ठाकुर श्री गोविंद देवजी के दर्शन के लिए पहुंचे। इस अवसर पर ठाकुर जी के समक्ष 56 भोग की झांकी भी सजाई गई। श्रद्धालुओं ने हरी नाम संकीर्तन करते हुए मंदिर परिसर की परिक्रमा की।

## कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी पहुंचे सुमेरपुर, मंत्री कुमावत ने किया स्वागत

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पाली जिले के सुमेरपुर कस्बे के होटल में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के आगमन पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान चौधरी का फूलमालाएं पहनाकर व साफा बांधकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत का भी भव्य अभिनंदन किया। साथ ही कुमावत ने कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के आने पर उन्हें साफा बांधकर व दुप्पटा पहनाकर स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने अपने पाली जिले के प्रवास के दौरान शनिवार देर शाम को सिंदरू में नवयुवक मंडल की ओर से आयोजित गरबा महोत्सव में शिरकत की।

# विधायक गोपाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं संग सुनी पीएम मोदी के 'मन की बात'



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने वार्ड 49 में बूथ 138 पर भाजपा उपाध्यक्ष सुनील कुमावत के निवास पर कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का उत्साह के साथ श्रवण किया।

विधायक गोपाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मन की बात' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश की आत्मा को जोड़ने वाला मंच है। यह हर भारतीय को राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनने की प्रेरणा देता है। इसे समाज के हर कोने तक पहुंचाना हमारा मिशन है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि यह संवाद भारत की संस्कृति, परंपरा और जनभागीदारी को नई दिशा देता है।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष इंदु परमार, पार्षद प्रत्याशी अनिल बागड़ा, पार्षद राजेश कुमावत, पूर्व महापौर निर्मल नाहटा, वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष सिंघी, हिमांशु राय सरिया, सुदेश बागड़ा, प्रथम कुमावत, उपेश शर्मा, आशीष माथुर सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर प्रधानमंत्री के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## एयू जयपुर साइक्लोथॉन साइक्लोथॉन में उमड़े फिटनेस प्रेमी

# 5 किलोमीटर तक लगाई दौड़, स्वच्छता और महिला सुरक्षा का दिया संदेश

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** विश्व हृदय दिवस के अवसर पर रविवार सुबह गुलाबी नगरी फिटनेस और जागरूकता के रंग में रंगी दिखाई दी। एयू जयपुर साइक्लोथॉन के सातवें संस्करण में हजारों फिटनेस प्रेमियों ने भाग लिया।

जयपुर रनर्स क्लब और संस्कृति युवा संस्था की ओर से एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और इटरनल हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में देश भर से आए प्रतिभागियों ने जोश और उमंग के साथ हिस्सा लिया।

प्रतिभागियों ने 100 किमी, 50 किमी, 25 किमी, 10 किमी और 5 किमी की साइकिल राइड के साथ-साथ 5 किमी रन में भी भाग लिया। गांधी सर्किल से सुबह 3:15 बजे से 6:15 बजे तक विभिन्न श्रेणियों के प्रतिभागियों को रवाना किया गया। इस दौरान जयपुर की सड़कों पर स्वास्थ्य, स्वच्छता और महिला सुरक्षा का संदेश दिया गया।

**फिटनेस के साथ सामाजिक संदेश:** संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने कहा कि जयपुर साइक्लोथॉन सिर्फ फिटनेस का आयोजन नहीं है, बल्कि समाज को स्वच्छता, सुरक्षा और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश देने वाला उत्सव है। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के प्रतिनिधि विनय वैश ने बताया कि बैंक हमेशा ऐसे आयोजनों से समाज को बेहतर स्वास्थ्य और फिटनेस की दिशा में प्रेरित करने के लिए तत्पर रहता है।




**स्वस्थ हृदय : समाज की प्राथमिकता : डॉ. संजीव शर्मा**

इटरनल हॉस्पिटल के चेयरमैन के डॉ. संजीव शर्मा ने कहा कि हृदय स्वास्थ्य केवल डॉक्टरों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि पूरे समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने साइक्लोथॉन को सक्रिय जीवनशैली और स्वस्थ हृदय की कुंजी बताया। खेल विभाग सचिव नीरज के पवन ने कहा कि जयपुर अब फिटनेस और खेल की राजधानी बनने की ओर तेजी से अग्रसर है।

### जयपुर साइक्लिंग अवॉर्ड्स-साइकिल चालकों का सम्मान

आयोजन समिति के सुधीर जैन और कमलेश शर्मा ने कहा कि खेल और फिटनेस केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और समुदाय को जोड़ने का माध्यम भी हैं। आयोजन से पूर्व 27 सितम्बर को इटरनल हॉस्पिटल सभागार में जयपुर साइक्लिंग अवॉर्ड्स भी हुए, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले साइकिल चालकों को सम्मानित किया गया।

### सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई

फ्लैग-ऑफ समारोह में आयकर आयुक्त शैलेन्द्र शर्मा, नगर निगम ग्रेटर उप महापौर पुनीत कर्णावट, चेयरमैन, आईएनए सोलर मनीष गुप्ता, कमिश्नर ऑफ इनकम टैक्स प्रिंसिपल पियूष सोनकर, कमिश्नर ऑफ इनकम टैक्स अनिल भारद्वाज, सीनियर वाईस प्रेसिडेंट, एनएवी इंडिया गिरीश अग्रवाल, चेयरमैन, इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी, इटरनल हॉस्पिटल डॉ. संजीव शर्मा और कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर शैलेन्द्र शर्मा ने सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।

## फाल्गुन पारीक का राष्ट्रीय स्तर की फुटबॉल प्रतियोगिता में चयन

### सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा सहित कई ने दी शुभकामनाएं

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** सिविल लाइंस निवासी फाल्गुन पारीक का राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली फुटबॉल प्रतियोगिता में चयन हुआ है। बीकानेर में आयोजित टीम चयन कैम्प में फाल्गुन पारीक का राष्ट्रीय टीम में चयनकर्ताओं ने चयन किया।

फाल्गुन पारीक जयपुर के सैंट जेवियर्स स्कूल में बारहवी कक्षा के छात्र हैं। फाल्गुन पारीक ने बताया कि उन्होंने हाल ही जिला और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया था, जिसमें अपने दमदार प्रदर्शन से दोनों प्रतियोगिताओं में टीम को विजेता बनाने में कामयाब हुए। भाजपा नेता और अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश सचिव आलोक पारीक के पुत्र फाल्गुन पारीक का इस बार 69वीं अंडर 19 राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में चयन हुआ है। इस प्रतियोगिता का आयोजन जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में अक्टूबर में होना है। फाल्गुन पारीक ने प्रतियोगिता के लिए तैयारी शुरू कर दी है। वहीं राष्ट्रीय टीम में चयन होने पर जयपुर के सिविल लाइंस से भाजपा विधायक गोपाल शर्मा व प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व विधायक मोहन लाल गुप्ता, अन्य विधायकगण एवं कई विशिष्टजन ने फाल्गुन पारीक को शुभकामनाएं दी हैं।

# 24 घंटे का राष्ट्रीय स्तर हैकाथॉन 'सोच से कोड तक' का समापन



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** स्वामी केशवानंद इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोथन (एसकेआईटी), जयपुर के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से आयोजित 24 घंटे का राष्ट्रीय स्तर हैकाथॉन 'सोच से कोड तक' का रविवार को समापन हुआ। इस हैकाथॉन में देशभर से 70 से अधिक टीमों और 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिय। 2 लाख रुपए के पुरस्कार पूल के लिए प्रतिस्पर्धा की। निर्णायक मंडल में देश की 10 निजी एवं सरकारी आईटी संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए।

कार्यक्रम का विजेता टीम यज्ञ-युवा रही, जिसमें एसकेआईटी औरजेईसीआरसी के प्रथम वर्ष के छात्र शामिल थे। द्वितीय स्थान पर टीम सिंटैक्स स्क्वाड और तृतीय स्थान पर टीम नोवा नेक्सस शिवपुरी, ग्वालियर रही। पुरस्कारों के साथ-साथ प्रतिभागियों को इंटर्नशिप और प्लेसमेंट अवसर तथा वर्क रेडीनेस असेसमेंट का भी लाभ मिला, जिससे यह हैकाथॉन नवाचार और करियर विकास का महत्वपूर्ण मंच बन गया। इस अवसर पर अकादमिक निदेशक डॉ. एस.एल. सुराना ने छात्रों को निरंतर ऐसे आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। सीएसई विभागाध्यक्ष डॉ. मेहुल महर्षि और आईटी विभागाध्यक्ष डॉ. विपिन जैन ने सभी निर्णायकों और प्रतिभागियों का स्वागत किया।

## वन राज्यमंत्री शर्मा ने की जनसुनवाई

### अधिकारियों को परिवेदनाओं के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

**जयपुर (मसं.)।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने अलवर में अपने निवास 201 रघुमार्ग पर जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर उनके त्वरित निराकरण करे निर्देश दिए। वन राज्यमंत्री शर्मा ने जनसुनवाई में आए पेयजल, विद्युत, सड़क, पुलिस आदि की परिवेदनाएं लेकर आए फरियादियों की परिवेदनाओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि फरियादियों की समस्याओं का निराकरण होने पर उन्हें सूचित कर उनके संतुष्टि स्तर में वृद्धि करें। उन्होंने निर्देश दिये कि आमजन को मूलभूत समस्याओं की प्राथमिकता से सुनवाई करें। इस कार्य में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने फरियादियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा अंतिम पंक्ति तक के पात्र व्यक्ति के कल्याण के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है।

# आमजन की समस्याओं का मौके पर हुआ समाधान, मिली राहत

### ग्रामीण सेवा शिविर में 64 हजार 106 पट्टों का वितरण

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार जनसेवा के मूल मंत्र के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश में 17 सितम्बर से आयोजित ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्या का समाधान मौके पर ही उपलब्ध होने से सुशासन की नई राह खुली है। इन शिविरों में विभिन्न विभागों से जुड़े प्रकरणों का हाथों-हाथ निस्तारण किया जा रहा है। 26 सितम्बर तक प्रदेश की ग्राम पंचायत मुख्यालयों में 4 हजार 121 ग्रामीण सेवा शिविरों का सफल आयोजन किया जा चुका है। इनमें राजस्व विभाग ने आपसी सहमति से भूमि विभाजन के 8 हजार 801 प्रकरण निस्तारित किए हैं। इसी तरह 52 हजार 996 नामांतरण प्रकरणों का निस्तारण कर राजस्व रिकॉर्ड में इंद्राज किया गया, 58 हजार 772 लंबित फार्मर रजिस्ट्री पूरी की गई तथा स्वामित्व योजना के तहत 64 हजार 106 पट्टों का वितरण किया गया। आमजन को 74 हजार 842 मूल निवास प्रमाण पत्र और 91 हजार 469 जाति प्रमाण पत्र भी जारी किए गए। महिलाओं को कैंसर के प्रति जागरूक करते हुए अब तक 1 लाख 53 हजार 715 महिलाओं की ओरल, ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग की गई। 49 हजार 355 बच्चों का टीकाकरण हुआ। 3 लाख 27 हजार 983 व्यक्तियों की टीबी स्क्रीनिंग कराई गई और 7 हजार 483 पोषण किट वितरित की गईं। साथ ही, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत 85 हजार 657 पॉलिसियों का वितरण किया गया और 2 लाख 54 हजार 405 पशुपालकों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

**किसानों को संबल, बिजली की निर्बाध आपूर्ति :** ग्रामीण सेवा शिविरों में बिजली की समस्याओं का भी तुरंत निस्तारण किया जा रहा है। अब तक 20 हजार 536 विद्युत सप्लाई संबंधी समस्याओं का समाधान किया गया। 10 हजार 491 मीटर और 2 हजार 11 ट्रांसफार्मर संबंधी खराबियां ठीक की गईं। 3 हजार 422 नए कनेक्शन जारी किए गए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की 82 हजार 137 पॉलिसियों का वितरण हुआ और 1 लाख 33 हजार 155 किसानों को मिनी किट का लाभ मिला। साथ ही 14 हजार 141 किसानों की ई-केवाईसी पूरी की गई। शिविरों के माध्यम से एनएफएसए पोर्टल पर 78 हजार 514 लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया गया तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में 4 लाख 30 हजार 813 नए परिवारों/सदस्यों की आधार सीडिंग की गई। इसी तरह मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 186 प्रकरणों का निस्तारण हुआ। ज़रूरतमंदों को 2 हजार 404 कृत्रिम अंग एवं उपकरण वितरित किए गए।

## 'रंगरात्रि 9.0' बना संस्कृति, भक्ति और आनंद का उत्सव



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** रंगरात्रि 9.0 का आयोजन बहुत ही उत्साह और भक्ति के साथ किया गया। जिसमें समुदाय एक साथ मिलकर परंपरा, संगीत और नृत्य का प्रदर्शन किया। इस आयोजन में भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया। शाम को विशेष महाआरती में 200 महिलाओं ने त्रिशूल, झंडे, दीये, स्वस्तिक और रंगीन सजावट के साथ प्रदर्शन किया। प्रो डांस स्टूडियो की मनमोहक नृत्य निर्देशन और लकी डांस अकादमी का रोमांचक फ्री-डांस प्रदर्शन दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन में सर्वश्रेष्ठ जोड़ी मुकेश और भाग्य गुरनानी, सर्वश्रेष्ठ महिला वेशभूषा प्रीत सिंह भाटी, सर्वश्रेष्ठ पुरुष वेशभूषा हरविंदर सिंह, सर्वश्रेष्ठ बाल वेशभूषा हिमांश और वेरोनिका को सम्मानित किया गया। आयोजन को रामा कुर्तीज एंड रिसॉर्ट, सतनाम कलेक्शन, क्रेजी कॉर्नर, अनीशा क्रिएशन, इनसाइट ट्यूटोरियल जैसे प्रायोजकों ने समर्थन दिया, जिन्होंने पुरस्कार वितरण को एक भव्य आयोजन बनाया। मेहमानों ने श्री कृष्णा कैटरर्स और जयपुर बेकर्स द्वारा परोसे गए स्वादिष्ट भोजन और सुंदर तरीके से सजाए गए कैंडल स्टॉल का आनंद लिया। इस पूरे आयोजन को मीडिया पार्टनर महानगर टाइम्स ने कवर किया। रंगरात्रि 9.0 न केवल एक आयोजन था, बल्कि संस्कृति, भक्ति और आनंद का एक जीवंत उत्सव रहा।

# नवरात्र में मातृशक्ति ने राजस्थान विधानसभा संग्रहालय का किया दौरा



विधायक गोपाल शर्मा ने लोकतंत्र के शक्ति स्तंभ से कराया मातृशक्ति का परिचय

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** नवरात्र के अवसर पर सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र की माताओं, बहनों और छात्राओं ने राजस्थान विधानसभा के संग्रहालय का अवलोकन किया।

इस विशेष आयोजन में विधायक गोपाल शर्मा ने मातृशक्ति को लोकतंत्र के शक्ति स्तंभ से परिचित कराते हुए राजस्थान के समृद्ध लोकतांत्रिक इतिहास, विधानसभा की कार्यप्रणाली और संवैधानिक मूल्यों को रोचक व सरल अंदाज में समझाया।

उन्होंने कहा कि नवरात्र के दौरान मातृशक्ति का यह भ्रमण नारी शक्ति और लोकतंत्र के संगम का प्रतीक है, जो जागरूकता और गर्व की भावना को और प्रबल करता है। दौरे के दौरान मातृशक्ति ने संग्रहालय की जीवंत गैलरियों में राजस्थान की राजनीतिक यात्रा, ऐतिहासिक दस्तावेजों और पूर्व मुख्यमंत्रियों व विधानसभा अध्यक्षों के प्रभावशाली प्रदर्शन का अवलोकन किया। इस अनुभव ने नवरात्र की शक्ति पूजा के साथ-साथ नए भारत की लोकतांत्रिक शक्ति का गहरा अहसास कराया है।

कार्यक्रम में क्षेत्र की समाजसेविका अनुपमा मोदी ने बताया कि मातृशक्ति का यह दौरा न केवल एक शैक्षिक यात्रा था, बल्कि नवरात्र के पावन पर्व पर मातृशक्ति को लोकतंत्र के प्रति उत्साह और जिम्मेदारी की भावना से जोड़ने वाला एक प्रेरणादायी अवसर साबित हुआ। उन्होंने इस अनूठी पहल के लिए विधायक शर्मा का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

**जयपुर विकास प्राधिकरण**
क्रमांकः जविप्रा/जोन-6/2025/डी-1759 दिनांकः 24.9.25
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री भवानी शंकर सामोता पुत्र श्री हीरा सिंह सामोता द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र, रजि.हकत्याग पत्र एवं अन्य दस्तावेज के आधार पर मोती भवन गृ.नि.स.स. की योजना 4 ए (शिव नगर) के भूखण्ड संख्या पुराना ए-2/नया-3 क्षेत्रफल 492.56 व.ग. का नाम हस्तान्तरण पत्र जारी करने हेतु आवेदन किया है। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा उक्त भूखण्ड का पट्टा श्री हीरा सिंह सामोता पुत्र श्री नाथु सिंह के पक्ष में जारी किया गया है। अतः इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति / संस्था / कम्पनी/सह खातेदार व अन्य किसी को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा योजना 4 ए (शिव नगर) के भूखण्ड संख्या पुराना ए-2/नया-3 का नाम हस्तान्तरण श्री भवानी शंकर सामोता पुत्र श्री हीरा सिंह सामोता के पक्ष में जारी करने की नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। मयाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नही होगी।
**उपायुक्त, जोन-6, जविप्रा, जयपुर**

**जयपुर विकास प्राधिकरण**
क्रमांकः जविप्रा/जोन-6/2025/डी-1758 दिनांकः 24.9.25
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री भवानी शंकर सामोता पुत्र श्री हीरा सिंह सामोता मृत्यु प्रमाण पत्र, राजिहत्याग पत्र एवं अन्य दस्तावेज के आधार पर मोती भवन जी.एन.आई.एस.एस. की योजना 4 ए (शिव नगर) के भूखण्ड संख्या पुराना ए-3/नया-4 क्षेत्रफल 417.77 व.ग. का नाम हस्तान्तरण पत्र जारी करने हेतु आवेदन किया है। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा उक्त भूखण्ड का पट्टा श्री हीरा सिंह सामोता पुत्र श्री नाथु सिंह के पक्ष में जारी किया गया है। अतः इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति /संस्था/कम्पनी/सह खातेदार व अन्य किसी को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा योजना 4 ए (शिव नगर) के भूखण्ड संख्या पुराना ए-3/नया-4 का नाम हस्तान्तरण श्री भवानी शंकर सामोता पुत्र श्री हीरा सिंह सामोता के पक्ष में जारी करने की नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। मयाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नही होगी।
**उपायुक्त, जोन-6, जविप्रा, जयपुर**

**जयपुर विकास प्राधिकरण**
क्रमांकः जविप्रा/जोन-6/2025/डी-1771 दिनांकः 25.9.25
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री भवानी शंकर सामोता पुत्र श्री हीरा सिंह सामोता द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र, रजि. हकत्याग पत्र एवं अन्य दस्तावेज के आधार पर मोती भवन गृ.नि.स.स. की योजना 4 ए (शिव नगर) के भूखण्ड संख्या पुराना ए-5/नया-5 क्षेत्रफल 400.00 व.ग. का नाम हस्तान्तरण पत्र जारी करने हेतु आवेदन किया है। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा उक्त भूखण्ड का पट्टा श्री हीरा सिंह सामोता पुत्र श्री नाथु सिंह के पक्ष में जारी किया गया है।अतः इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति /संस्था/कम्पनी/सह खातेदार व अन्य किसी को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा योजना 4 ए (शिव नगर) के भूखण्ड संख्या पुराना ए-5/नया-5 का नाम हस्तान्तरण श्री भवानी शंकर सामोता पुत्र श्री हीरा सिंह सामोता के पक्ष में जारी करने की नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। मयाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नही होगी।
**उपायुक्त, जोन-6, जविप्रा, जयपुर**

**नाम परिवर्तन**
मेरे पासपोर्ट M 6318459 में भूलवश मेरा नाम PARSADI LAL BAIRWA निवासी 41, GANGAVISHAN KI DHNI KIRADAI दर्ज हो गया है, जो गलत है, मेरा शुद्ध नाम PRASADI LAL BAIRWA पता: S/O KALYAN MAL BAIRWA, BAIRWA KI DHANI, KIRARI, PO: MIRJAPURA, DIST: DAUSA, RAJASTHAN, 303503 है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगरपालिका मण्डल, खेजरोली-जयपुर**
क्रमांक : न.पा.खे.ज./2025-26/610 दिनांक : 25.09.25
**लोक सूचना**
श्री श्याम लाल यादव पुत्र श्री अर्जुन लाल यादव निवासी ढाणी मिटला, बिलान्दरपुर, जयपुर, राजस्थान एव श्री श्रवण कुमार जांगिड पुत्र श्री ओकार मल जांगिड निवासी वार्ड न. 20 खेजरोली ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थातः-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र (व.मी.) |
|---|---|---|---|
| जयपुर चौमूं | खेजरोली-A | 2318 | 2659 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज को जारी की गयी।
**प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी) नगरपालिका खेजरोली**

**आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य SMFG India Home Finance Company Limited जयपुर में श्रीमती मंजू कंवर पत्नी श्री विक्रम सिंह ने एक सम्पति प्लाट नम्बर 95 का उत्तरी हिस्सा, योजना-श्री ओम वाटिका-5, कालवाड़ रोड़, हाथोज, जयपुर, राज0 मे स्थित है जिसका क्षेत्रफल 86.11 वर्गगज है, पर खरीद हेतु ऋण के लिये आवेदन किया हैं। यह हैं कि सर्वप्रथम श्री गोविन्द राम कुमावत ने उक्त वर्णित प्लाट नम्बर 95, योजना-श्री ओम वाटिका-5. कालवाड़ रोड़, हाथोज, जयपुर, राज. मे स्थित है जिसका क्षेत्रफल 118.00 वर्गगज है. का आवंटन पत्र सिरोही गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर से दिनांक 28.07.1996 को प्राप्त किया था। तत्पश्चात् श्री गोविन्द राम कुमावत ने उक्त वर्णित प्लाट नम्बर 95 जरिये रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र दिनांक 16. 05.2025 को श्री लाला राम जाट को विक्रय कर दिया। उक्त वर्णित दस्तावेजो में से श्री गोविन्द राम कुमावत को आंवटित मूल आवटंन पत्र दिनांकित 28.07.1996, रसीद व साईट प्लान कही गुम हो गये है। सिरोही गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर ने डुप्लीकेट आवटंन पत्र, रसीद व साईट प्लान श्री गोविन्द राम कुमावत को आंवटित किया है। अब श्रीमती मंजू कंवर पत्नी श्री विक्रम सिंह प्लाट नम्बर 95 का उत्तरी हिस्सा श्री लाला राम जाट से खरीद कर रही है। उक्त ऋण / खरीद के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/किसी सरकारी व गैर सरकारी संस्था/किसी सरकारी व गैर सरकारी वित्तिय संस्था या किसी बैंक को किसी प्रकार कि कोई आपत्ति हो तो वह 07 (सात) दिवस के भीतर निम्नलिखित पते पर लिखित में अपनी आपत्ति दर्ज करवायें अन्यथा उक्त मियाद के गुजर जाने पर कोई भी आपत्ति और किसी भी प्रकार का उज एतराज या दखल मान्य नही होगा।
Mr. Dhirendra Singh Mertia, Advocate For MERTIYA ASSOCIATES
7-8, Kalyan Colony, Khatipura, Jaipur.
Mob No.-09928012167 and 09530028523.
Enroll No. 2172/04

**आम सूचना**
यह कि एक व्यवसायिक दुकान जो कि वार्ड नम्बर 7. शनि मंदिर के पास, ग्राम बासडी कोटपुतली जयपुर में स्थित मकान के भुतल में निर्मित है क्षे. 19.59 वर्ग मीटर, सर्व प्रथम रामेश्वरदयाल व मदनलाल ने अपने स्वामित्व के मकान (भुखण्ड) का जरिये बटवारानाम दि. 16.07.1980. द्वारा आपसी बटवारा कर लिया। ततपश्चात उक्त सम्पूर्ण सम्पत्ति में से अविभाजित 1/2 भाग, क्षे 24.21 वर्ग मीटर को स्व. रामेश्वर दयाल के पुत्र श्री कैलाश चन्द ने जरिये उपहार पत्र दि. 04.06.2020 को उपहार स्वरुप श्रीमती पुष्पलता शर्मा पत्नी स्व. मुकेश कुमार को दे दिया। ततपश्चात् श्री कुलदीप कसाना पुत्र श्री प्रभुदयाल गुर्जर ने उक्त में भुतल पर निर्मित दुकान क्षे. 19.59 वर्ग मीटर को जरिये विक्रय पत्र 25.08.2023 द्वारा कय कर लिया। उपरोक्त सम्पूर्ण सम्पत्ति का मूल बटवारानाम दि. 16.07.1980 तथा अन्य कोई दस्तावेज नही होने के कारण गुमशुदगी थाना साईबर काईम जयपुर में दि. 28. 09.2025 को दर्ज करवाई गई। अब श्री कुलदीप कसाना तथा उनकी संस्थान M/s K.D GARMENTS द्वारा उक्त दुकान को बंधक रख कर CHOLAMANDALAM INVESTMENT AND FINANCE COMPANY LIMITED (CIFCL) से ऋण लिया जा रहा है। यदि उक्त भाग के स्वामित्व अथवा गुम हुए मूल दस्तावेज तथा किये गये विक्रय के सम्बंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज सात दिन में पेश करें। बाद मियाद CIFCL द्वारा उक्त को बंधक कर लिया जावेगा तथा आपत्ति अमान्य होगी।
वास्ते. आर.एम.वी. लॉ एसोसिएट्स मनोज कुमार शर्मा, एडवोकेट
9660333985,9079815511

**आम-सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि अचल सम्पत्ति भूखण्ड संख्या 4/1/II, सेक्टर-4, योजना विद्याधर नगर जयपुर, राज,कुल क्षेत्रफल 681.68 वर्गमीटर है। जो कि सर्वप्रथम उक्त भूखण्ड श्री ग्रुप हाउसिंग सोसायटी को जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर से आवंटन पत्र क्रमांक-336, दिनांक 15.02.1990 द्वारा आवंटित हुआ। तत्पश्चात श्री ग्रुप हाउसिंग सोसायटी द्वारा कब्जा पत्र क्रमांक 419, दिनांक 29.05.1991 प्राप्त कर लिया। उक्त सोसायटी के सदस्यों ने उक्त सम्पत्ति पर 8 फ्लेट्स का निर्माण करवा लिया, सोसायटी के सदस्यों ने फ्लेट्स / यूनिट्स के स्वामित्व एवं मुश्तर्का अधिकारी के बाबत एक इकरारनामा निष्पादित किया, (जिस संबंध में एक लिस्ट ऑफ हाउस नम्बर एवं एप्लीकेन्ट्स, जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जारी की गई) जिसके अनुसार यूनिट / फ्लेट नम्बर-4/1/II/10, ग्राउण्ड फ्लोर, श्रीअपार्टमेंट, सुपर बिल्टअप एरिया 1500 वर्गफीट, मय मुश्तर्का अधिकारों सहित, राजेन्द्र कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद अग्रवाल के हिस्से में आया। तत्पश्चात राजेन्द्र कुमार ने उक्त यूनिट / फ्लेट नम्बर-4/1/II/10, सम्पूर्ण को जरिये नोटरी तस्दीक इकरारनामा दिनांक 19.09.1995 द्वारा पदम कुमार रायजादा को वि य कर दिया। इस प्रकार पदम कुमार रायजादा उक्त फ्लेट नम्बर - 4/1/II/ 10, सम्पूर्ण के एकमात्र मालिक, स्वामी, काबिज अधिकारी हुये। अब विजय कुमार पेडीवाल पुत्र स्व. श्री चुन्नी लाल जी पेडीवाल उक्त सम्पत्ति फ्लेट नम्बर-4 / 1 /II/10, ग्राउण्ड फ्लोर, सुपर बिल्टअप एरिया 1500 वर्गफीट, मय मुश्तर्का अधिकारों सहित, सम्पूर्ण को पदम कुमार रायजादा पुत्र स्व. श्री संचीय लाल जी रायजादा से य कर रहे है, जिस बाबत मेरी अभिभाष्य वित्तीय संस्था PNB Housing Finance Ltd. से ऋण ले रहे है, सर्वसाधारण को उक्त सम्पत्ति के विधिक वारिसान, मालिकाना हक, स्वामित्व, कब्जे, अधिकार पर कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में लिखित में मय दस्तावेज सूचित करे अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी ।
**ऋषिकेश महर्षि, एडवोकेट**
**(एस. आर. एम. पार्टनर)**
**पता:- 82, एवरेस्ट विहार, किंग्स रोड, निर्माण नगर, जयपुर, राज.**

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड संख्या 33, योजना स्वरूप विहार विस्तार,जगतपुरा,जयपुर जिसका कुल क्षेत्रफल 308.05 वर्गगज है। यह है कि उक्त वर्णित प्लॉट शिव शंकर गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना स्वरूप विहार जिसका जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर द्वारा श्रीमती गुल कन्दी देवी पत्नी श्री अमर सिंह जाति मीणा निवासी 33 ए, सेक्टर 1, मालवीय नगर, जयपुर को जरिए पट्टा विलेख दिनांक 30.03.2011 के द्वारा आवंटित किया गया था तत्पश्चात श्रीमती गुल कन्दी देवी (वसीयतकर्ता) ने अपने दो पौत्र भरत मीणा पुत्र श्री विजेन्द्र सिंह मीणा उम्र लगभग 24 वर्ष जाति मीणा निवासी ताता कुआं, टोडाभीम, जिला करौली, राजस्थान व हेमन्त मीणा पुत्र श्री विजेन्द्र सिंह मीणा उम्र लगभग 23 वर्ष जाति मीणा निवासी ताता कुआं, टोडाभीम, जिला करौली, राजस्थान जिनसे मैं अत्यधिक प्रेम व स्नेह करती हूं। उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति की वसीयत अपने दोनों पौत्रों के हक में करती हूं। दोनों का उक्त सम्पत्ति पर बराबर हिस्सा रहेगा तब दोनों 1/2-1/2 हिस्से के हिस्सेदार होंगे। मैं वसीयतकर्ता यह वसीयत लिखकर प्रतिज्ञा करती हूं कि मेरी मृत्यु के बाद उपरोक्त वसीयत में वर्णित सम्पत्ति के मालिक मेरे दोनों पौत्र भरत मीणा पुत्र श्री विजेन्द्र सिंह मीणा उम्र लगभग 24 वर्ष जाति मीणा निवासी ताता कुआं, टोडाभीम, जिला करौली, राजस्थान व हेमन्त मीणा पुत्र श्री विजेन्द्र सिंह मीणा उम्र लगभग 23 वर्ष जाति मीणा निवासी ताता कुआं, टोडाभीम, जिला करौली, राजस्थान होंगे।यह वसीयतनामा आज दिनांक 13.08.2012 उप पंजीयन दौसा राजस्थान में किया गया जिसका रसीद नं 2012001987 व दिनांक 13.08.2012 है। वारिसान बाबत किसी भी व्यक्ति वारिसान संस्था बैंक या अन्य किसी को भी किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 07 दिवस मय साक्ष्य संपर्क करे अन्यथा वाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की आपत्ति विधिनुसार शुन्य होगी।
**एडवोकेट विक्रम सिंह कनवालिया**
**एमबीके 2099 जगतपुरा, जयपुर**
**मों. 7014198862, 7790889925**

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि अचल सम्पत्ति प्लाट नम्बर-38, जयपुर नगर चौकड़ी हवाली शहर, इमलीवाला फाटक, जनकपुरी - द्वितीय, कुल क्षेत्रफल 200 वर्गगज है। उक्त प्लाट मोहनराम जाखड़ को जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर द्वारा पट्टा विलेख संख्या 1010, दिनांक 26.06.2001 द्वारा प्राप्त हुई । मोहनराम जाखड़ का दिनांक 09. 02.2004 को स्वर्गवास हो गया। इनके विधिक उत्तराधिकारियों में इनकी पत्नी श्रीमती कमला जाखड उर्फ कमला देवी जाखड व तीन पुत्र सुनील जाखड, महेश जाखड व कपिल जाखड उक्त सम्पत्ति के संयुक्त रूप से मालिक, स्वामी, काबिज अधिकारी हुये। सुनील जाखड, महेश जाखड व कपिल जाखड जरिये संरक्षिका माता श्रीमती कमला देवी जाखड ने उक्त सम्पत्ति में अपने-अपने अविभाजित हिस्से, सम्पूर्ण को रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र दिनांक 22.04.2008 द्वारा अपनी माताजी श्रीमती कमला देवी जाखड के हित में त्याग कर दिया। श्रीमती कमला जाखड उर्फ श्रीमती कमला देवी जाखड़ ने उक्त सम्पत्ति, सम्पूर्ण को जयपुर विकास प्राधिकरण के पत्र क्रमांक डी-35, दिनांक 15.05.2008 द्वारा स्वयं के नाम हस्तान्तरित करवा लिया। श्रीमती कमला देवी जाखड ने उक्त सम्पत्ति प्लाट नम्बर-38 में से फर्स्ट फ्लोर के मकानात व उसके आगे की खुली छत क्षेत्रफल 130.81 वर्गमीटर, कवर्ड एरिया 888.18 वर्गफीट, बेसमेन्ट फ्लोर पर बना एक हॉल, क्षेत्रफल 18.74 वर्गमीटर, कवर्ड एरिया 201.79 वर्गफीट, बिना छत एवं ग्राउण्ड फ्लोर के दक्षिणी-पूर्वी कोने का जीना जो फर्स्ट फ्लोर पर जा रहा है, मय मुश्तर्का अधिकारों सहित सम्पूर्ण को रजिस्टर्ड उपहार पत्र दिनांक 28.10.2021 द्वारा अपने पुत्र कपिल जाखड़ को उपहार कर दिया। श्रीमती कमला देवी जाखड ने उक्त प्लाट नम्बर-38 में से ग्राउण्ड फ्लोर के मकानात, बिना छत, कुल क्षेत्रफल 129.74 वर्गमीटर, कवर्ड एरिया 1396.62 वर्गफीट मय मुश्तर्का अधिकारों सहित, सम्पूर्ण को रजिस्टर्ड उपहार पत्र दिनांक 28.10.2021 द्वारा अपने पुत्र सुनील जाखड़ को उपहार कर दिया। इस प्रकार कपिल जाखड व सुनील जाखड़ उक्त प्लाट नम्बर-38 में दो अलग-अलग रजिस्टर्ड उपहार पत्रों के माध्यम से प्राप्त अपने-अपने हिस्से के मालिक, स्वामी, काबिज हुये। उक्त सम्पत्ति के मूल दस्तावेजों में से असल पट्टा विलेख, दिनांक 26.06.2001, लींगल हॉयर सर्टीफिकेट, दिनांक 09.03.2004, नाम हस्तान्तरण पत्र, दिनांक 15.05.2008 व हक त्याग पत्र दिनांक 22.04.2008, कही गुम हो गये हैं। जिसके बाबत एक गुमशुदगी रिपोर्ट साईबर क्राइम पुलिस स्टेशन जयपुर में क्रमांक LR No. 2911275 / 2025, दिनांक 27.09.2025 दर्ज करवा रखी है। अब कपिल जाखड व सुनील जाखड़ अपने-अपने हिस्से में आई उक्त सम्पत्ति पर मेरी अभिभाष्य वित्तीय संस्था Aditya Birla Capital Ltd. से ऋण ले रहे है, सर्वसाधारण को उक्त सम्पत्ति के विधिक वारिसान, मालिकाना हक, स्वामित्व, कब्जे, अधिकार पर कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में लिखित में मय दस्तावेज सूचित करे अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी ।
**ऋषिकेश महर्षि, एडवोकेट (एस. आर. एम. पार्टनर )**
**पता:- 82, एवरेस्ट विहार, किंग्स रोड, निर्माण नगर, जयपुर, राज.**

# 'थामा' में हॉरर-कॉमेडी के साथ रोमांस का तड़का, 'बेताल' नवाज से भिड़ेंगे 'वैम्पायर' आयुष्मान





मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की नई फिल्म 'थामा' का मच अवेटेड ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर लॉन्च के मौके पर यूनिवर्स की 'स्त्री' यानी खुद श्रद्धा कपूर मौजूद रहीं। इसके अलावा फिल्म 'थामा' के प्रोड्यूसर्स-डायरेक्टर और खुद आयुष्मान खुराना ने भी इवेंट की रौनक बढ़ाई।

**फिल्म के ट्रेलर में क्या दिखा:** 2 मिनट 54 सेकंड के इस ट्रेलर में सबसे पहले रश्मिका मंदाना की आवाज सुनाई देती है, जो कहती हैं कि तुम बेताल हो, तुम्हें पृथ्वी और इंसानों की रक्षा के लिए बनाया गया है। इसके बाद एंट्री होती है नवाजुद्दीन सिद्दिकी की, जो कहते हैं, 'आज से हम इंसानों का खून पिएंगे, नए-नए बेताल पैदा करेंगे और बन जाएंगे थामा।' फिर आयुष्मान खुराना अपनी कॉमिक टाइमिंग के साथ स्क्रीन पर सामने आते हैं। उनके और रश्मिका के बीच प्रेम कहानी दिखाई गई है, लेकिन इसी के बाद उन्हें पता चलता है कि उनके शरीर में कुछ बदलाव हो रहे हैं। उनके दांत लंबे-लंबे और नुकीले हो जाते हैं। इसी के बाद फिल्म का मेन प्लॉट शुरू होता है।

**ट्रेलर में दिखी इंटेंस लवस्टोरी :** ट्रेलर लॉन्च के मौके पर दिनेश विजन की ओर से बताया गया कि यह फिल्म इन यूनिवर्स की पहली लवस्टोरी फिल्म है। इसमें एक प्रेमकहानी दिखाई गई है, जो बाकी की फिल्मों में नहीं दिखी। फिल्म के ट्रेलर में आयुष्मान और रश्मिका के बीच की कहानी को थामा बनने से जोड़कर दिखाया गया है।

**स्त्री-मुंज्या के बाद आई 'थामा' :** 'थामा' मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की पांचवी फिल्म है। इससे पहले इस यूनिवर्स की 'स्त्री', 'भेड़िया', 'मुंज्या' और 'स्त्री 2' आ चुकी हैं। इन सभी फिल्मों को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब 'थामा' इस यूनिवर्स की पहली प्रेम कहानी है, जो खूनी प्रेम कहानी है। इसमें वैम्पायर्स की लव स्टोरी देखने को मिलेगी।

**आदित्य सरपोतदार ने किया है निर्देशन:** आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित 'थामा' इस साल दीवाली पर 21 अक्टूबर को रिलीज होनी है। फिल्म में आयुष्मान और रश्मिका के अलावा नवाजुद्दीन सिद्दीकी, परेश रावल और फैसल मलिक भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

# बालों में गजरा और माथे पर बिंदी लगा विद्या बालन लगी सुंदर नारी




नवरात्र के पहले दिन से ही बॉलीवुड एक्ट्रेस विद्या बालन सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। विद्या नवरात्र के हर दिन के हिसाब से अपना नया लुक शेयर करती हैं। विद्या बालन ने अपना सोशल मीडिया अपडेट किया है, जिसमें वो ग्रीन और रेड कलर के कॉम्बिनेशन की साड़ी में दिख रही हैं। एक्ट्रेस ने बालों का स्लीक बन बना रखा है और कानों में पीकॉक पैटर्न के ईयररिंग पहन रखे हैं।

एक्ट्रेस ने गले में कुछ नहीं पहना है, लेकिन सिंपल बिंदी लगाकर अपने लुक को सिंपल और एलीगेंट बना दिया है। एक्ट्रेस का ओवरऑल लुक बेहद क्लासी है। एक्ट्रेस ने फ्लोर पर बैठकर पोज दिए हैं और ज्यादातर साइड पोज हैं। एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, 'नवरात्र का पांचवा लुक'। फैंस भी एक्ट्रेस के लुक की खुलकर तारीफ कर रहे हैं।

एक यूजर ने लिखा, 'विद्या मैम, हरे रंग का ये शेड आप पर जादू की तरह लग रहा है, एलिगेंस, टाइमलेस और ग्रेसफुल।' इससे पहले एक्ट्रेस ने पीले रंग की साड़ी में फोटोज शेयर की थी, जिसमें पिंक कलर के बड़े फ्लावर बने थे। एक्ट्रेस ने रेड बैकग्राउंड के साथ क्लासी पोज दिए थे। एक्ट्रेस का हर लुक फैंस को पसंद आ रहा है।

वर्कफ्रंट की बात करें, तो एक्ट्रेस को आखिरी बार फिल्म 'दो और दो प्यार' में देखा गया था।

इसी साल एक्ट्रेस की सुपरहिट फिल्म 'परिणीति' को सिनेमाघरों में री-रिलीज भी किया गया। इसके अलावा एक्ट्रेस ओटीटी पर भी डेब्यू कर चुकी हैं, जिसमें 'नियत', 'जलसा', 'हम पांच' और 'नटखट' जैसे शो शामिल हैं। फिलहाल एक्ट्रेस फिल्मों से दूर सोशल मीडिया पर लगातार अपडेट्स देती हैं। इसके साथ ही एक्ट्रेस को पॉडकास्ट शो करते भी देखा गया है।

# ग्लोबल स्टार नोरा फतेही ने यो यो हनी सिंह के साथ पंजाबी में 'आई एम सो रिच' गाना गाकर दिल जीत लिया



ग्लोबल स्टार नोरा फतेही ने अपने कलात्मक सफर में एक नया मुकाम हासिल किया है, पहली बार उन्होंने पंजाबी में गाना गाया है। 'आई एम सो रिच' नाम का यह गाना यो यो हनी सिंह के एल्बम '51 ग्लोरियस डेज' का हिस्सा है और अब यह गाना दुनियाभर में स्ट्रीमिंग पर उपलब्ध है। अपनी दमदार स्क्रीन प्रेजेंस और धमाकेदार डांस परफॉर्मेंस के लिए जानी जाने वाली नोरा ने खुद को एक परफॉर्मर से कहीं आगे बढ़कर अपनी जगह बनाई है।

नोरा की ग्लोबल पहचान पहले से ही हिंदी, अरबी और अंग्रेजी के प्रभावों को समेटे हुए है। अब पंजाबी संगीत, जो दुनिया के सबसे लोकप्रिय जेनरों में से एक है, में कदम रखकर उन्होंने अपनी पहुंच और गहराई को और बढ़ा दिया है। यो यो हनी सिंह जैसे भारतीय पॉप और रैप के अग्रदूत के साथ यह कोलैबोरेशन इस प्रोजेक्ट को और भी खास बना देता है। 'आई एम सो रिच' के साथ, नोरा फतेही ने यह साबित कर दिया है कि वह एक निर्भीक और क्रिएटिव आर्टिस्ट हैं, जो नई भाषाओं और नई आवाजों को अपनाने से हिचकिचाती नहीं हैं। यह गाना न केवल उनके कलात्मक दायरे को विस्तृत करता है, बल्कि उनके इरादे को भी साफ करता है, सिनेमा, म्यूजिक और फैशन की सीमाओं को तोड़ने का। यह गाना नोरा के कॅरियर के एक रोमांचक मोड़ पर आया है। वह जल्द ही 'कांछना 4' में लीड रोल में दिखाई देंगी, ग्लोबल फैशन शोज में लगातार छाई हुई हैं, और हाल ही में जमैका-अमेरिकी स्टार शेंसीया के साथ अपने पॉप सिंगल 'जस्ट अ गर्ल' की घोषणा की है। चाहे पर्दे पर हो या संगीत में, नोरा फतेही आज की पीढ़ी की सबसे दमदार ग्लोबल परफॉर्मर्स में से एक हैं।

# व्हाइट ड्रेस में जान्हवी कपूर का ग्लैमरस अवतार, दिल जीत लेंगी फोटोज



बॉलीवुड दीवा जाह्नवी कपूर की फिल्म 'होमबाउंड' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फोटोज में एक्ट्रेस व्हाइट फिश कट, स्किन टाइट ड्रेस में दिख रही हैं, जिस पर व्हाइट फ्लॉवर की एब्रायडरी भी है। एक्ट्रेस ने हाथ में व्हाइट लीली फ्लावर भी ले रखे हैं। एक्ट्रेस के क्लासी पोज उनके लुक को और गार्जियस बना रहे हैं। फैंस एक्ट्रेस के लुक पर रेड हार्ट पोस्ट कर प्यार लुटा रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'बिल्कुल रॉयल प्रिंसेस लग रही हो, जो रोज आकर इंस्टाग्राम पर छा जाती है।' एक दूसरे यूजर ने लिखा, 'जितनी तारीफ की जाए कम है' श्रीदेवी को आप पर नाज होगा।' इससे पहले एक्ट्रेस ने अपना डांडिया लुक फैंस के साथ शेयर किया है। एक्ट्रेस ने गहरे लाल रंग का लहंगा पहना था और वरुण धवन के साथ कोजी पोज दिए थे।

वर्कफ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस की फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' 2 अक्टूबर को दशहरा के मौके पर रिलीज की जाएगी। फिल्म में एक्ट्रेस और वरुण धवन का रोमांस दिखाया गया है। फिल्म में आपको लव ट्रायंगल भी देखने को मिलेगा, क्योंकि फिल्म में अकेले जान्हवी और वरुण ही नहीं, बल्कि रोहित सराफ और सान्या मल्होत्रा भी हैं। फिल्म का ट्रेलर काफी प्रॉमिसिंग है। फिल्म के गाने रिलीज के साथ भी पसंद आ रहे हैं। 'पनवाड़ी' सॉन्ग पर 22 मिलियन व्यूज आ चुके हैं। इसके अलावा, रोमांटिक सॉन्ग 'बिजूरिया' 'और तू है मेरी' रिलीज कर दिए गए हैं।

# 'अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना ही असली शक्ति'

## स्वरा भास्कर ने सुनाई अपने साहस की दास्तां



'नवरात्र का छठा दिन हमें याद दिलाता है कि असली शक्ति वही है, जो डर के सामने खड़े होने और अपने विश्वास पर टिके रहने की ताकत देती है। साथ ही यह हमें सिखाता है कि अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना भी असली शक्ति है। हाल ही में फिलिस्तीन में जो नरसंहार हो रहा है, उसके खिलाफ मैंने आवाज उठाई। इस भयानक अन्याय के सामने हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम चुप न रहें और अपनी आवाज उठाएं। मुझे यह पता था कि इस पर अपनी राय रखूंगी, तो मुझे ट्रोलिंग और विरोध का सामना करना पड़ेगा, लेकिन मेरे लिए यह सही निर्णय था। ऐसे समय में खड़े होना जरूरी था। मैं अपने कर्तव्य के हिसाब से बोलना चाहती थी। यही वह पल था, जब मुझे सच में महसूस हुआ कि साहस और न्याय के लिए खड़े होना ही असली शक्ति है।'

**छोटी-छोटी कोशिशों में ताकत होती है:** 'मैंने महसूस किया कि असली हिम्मत तो इन रोजमर्रा की छोटी-छोटी कोशिशों में होती है। ये महिलाएं अपने परिवार का पालन-पोषण करती हैं। अपने बच्चों का भविष्य बेहतर बनाने की कोशिश करती हैं और इसके बावजूद अक्सर अनदेखी रहती हैं। यह देखकर मुझे समझ आया कि साहस सिर्फ बड़े पल में नहीं होता। हर दिन की मेहनत और संघर्ष में भी साहस छिपा होता है।'

**माता-पिता का समर्थन ही सब कुछ है :** 'मेरे माता-पिता ने मुझे न केवल अच्छी परवरिश और शिक्षा दी, बल्कि उन्होंने मुझे यह भरोसा भी दिया कि चाहे कुछ भी हो, वह हमेशा मेरा साथ रहेंगे। मां-बाप का प्यार ही दुनिया की सबसे बड़ी ताकत होता है। यही भरोसा और समर्थन मुझे हर चुनौती का सामना करने की ताकत देता है। मेरी परवरिश ने मुझे अपनी बुद्धि का सहारा लेना सिखाया। समाज के दबावों से निपटना भी मैंने वहीं सीखा। सबसे बड़ा बेबाकी और आत्मविश्वास का कारण यह है कि मुझे पता है, कुछ भी हो, मेरे माता-पिता हैं और वे मुझे संभाल लेंगे।'

**बस यह महसूस करें कि आप अकेले नहीं हैं**

'लड़कियों और महिलाओं के लिए मेरा संदेश एकदम सशक्त है। आप यह मानकर चलिए कि आप अकेली नहीं हैं। आपका जो अनुभव है, वह करोड़ों लड़कियों का अनुभव है। जब आप अपनी आवाज उठाएंगी और अपना सच बोलेंगी, तो आपको एक पूरा नया संसार मिलेगा। यह महसूस करना कि आप अकेली नहीं हैं, अपने आप ही साहस को जन्म देता है।'

### कारागार विभाग में जेलर पद की डीपीसी सम्पन्न
### विभाग को मिले 23 जेलर

# पहली बार 7 महिला अधिकारी एक साथ बनीं जेलर



**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** कारागार विभाग में वर्ष 2023-24 की डिप्टी जेलर से जेलर पद की पदोन्नति के लिए विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) ने शुक्रवार और शनिवार को संवीक्षा परीक्षा आयोजित कर 21 जेलर को पदोन्नत करने की सिफारिश की है। इसी वर्ष गत माह दो जेलर को गैलेंट्री प्रमोशन दिया गया था। इस प्रकार 23 डिप्टी जेलर को जेलर पद पर पदोन्नति किया गया है। जेलर के पद जिला एवं केंद्रीय कारागार पर होते हैं।

विभागीय पदोन्नति समिति में महानिदेशक पुलिस कारागार गोविंद गुप्ता (अध्यक्ष), जेल अधीक्षक मुख्यालय जयपुर प्रमोद सिंह (सदस्य) तथा अधीक्षक स्पेशल सेंट्रल जेल श्यालावास दौसा पारस जांगिड़ (सदस्य सचिव) रहे। समिति ने राजस्थान पुलिस एकेडमी में लिखित परीक्षा, आउटडोर परीक्षा तथा साक्षात्कार आयोजित कर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया। सदस्य सचिव पारस जांगिड़ के अनुसार अशोक पारीक, सुषमा सेन, दिव्या चौधरी, सतेंद्र, प्रियंका चौधरी, हिना, सुमन कुमारी, कविता बिश्नोई, रणवीर सिंह, हेमंत भारद्वाज, धर्मवीर (लिफाफा बंद), हेमराज वैष्णव, पवन डउकिया, ताराचंद शर्मा, महेश शर्मा, तरसेम सिंह, मोहम्मद आरिफ खान, ओमप्रकाश शर्मा, बीना मीणा, कालूराम मीणा तथा भगवानसहाय मीणा को पदोन्नत किया गया है। लोकोज्ज्वल सिंह तथा सुगर सिंह को गत माह गैलेंट्री पदोन्नति दी गई थी। पहली बार एक साथ 7 महिला अधिकारी जेलर पद के लिए पदोन्नत हुई हैं।

# कुपवाड़ा में सेना ने ढेर किए दो आतंकी

**महानगर संवाददाता**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में सेना ने दो आतंकियों को ढेर कर दिया। ये आतंकी एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, शव एलओसी के बहुत करीब पड़े हैं। सीमा पार से गोलीबारी के खतरे को देखते हुए कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें निकालने का अभियान जारी है। मारे गए आतंकियों की पहचान और उनके संगठन की जानकारी अभी सामने नहीं आई है। पिछले 8 दिनों में सेना और आतंकियों के बीच यह दूसरा एनकाउंटर है। इससे पहले 20 सितंबर को जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया था। वहीं एसपीओ समेत दो पुलिसकर्मी घायल हुए थे। मुठभेड़ दूदू-बसंतगढ़ और डोडा के भद्रवाह में सोजधार के जंगलों में हुई थी।

# मुख्यमंत्री शर्मा ने पूर्व मंत्री नन्दलाल मीणा को अर्पित किए श्रद्धासुमन

### राजस्व मंत्री हेमंत मीणा एवं परिजनों को बंधाया ढांढस

**महानगर संवाददाता**

**प्रतापगढ़/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को प्रतापगढ़ के अंबा माता का खेड़ा में पूर्व मंत्री नन्दलाल मीणा की पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने नंदलाल मीणा के पुत्र एवं राज्य सरकार में राजस्व मंत्री हेमंत मीणा व परिजनों को ढांढस बंधाया।



मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश के आदिवासी अंचल के सर्वांगीण विकास में पूर्व मंत्री नंदलाल मीणा का योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा और उनके आदर्श सदैव प्रेरणा देते रहेंगे। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम दक, सांसद सी.पी. जोशी, चुन्नीलाल गरासिया, विधायक श्रीचंद कृपलानी, चंद्रभान सिंह आक्या, सुरेश धाकड़ सहित जनप्रतिनिधि, परिजन एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### विधानसभा अध्यक्ष ने पूर्व मंत्री नंदलाल मीणा को दी पुष्पांजलि



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी रविवार को पूर्व मंत्री नंदलाल मीणा के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए ग्राम अम्बा माता का खेड़ा स्थित उनके निवास स्थान पहुंचे। देवनानी ने नंदलाल मीणा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर मंत्री के पुत्र एवं राज्य सरकार के राजस्व मंत्री हेमंत मीणा और परिवारजनों को सांत्वना दी।

# 'प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता'

### राज्य सरकार की प्रतिबद्धता से सांगानेर के विकास कार्यों को धरातल पर मिल रहा मूर्तरूपः शर्मा



**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान से ही देश-प्रदेश का विकास होगा। हमारी प्राथमिकता है कि कोई भी पात्र व्यक्ति केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहे।

शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर से सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी आस-पास के लोगों को चिन्हित करते हुए उन्हें योजनाओं से जोड़ें तथा सेवा पखवाड़ा में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात सुनी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सबका साथ-सबका विकास की भावना के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्रतिबद्धता से सांगानेर के विकास कार्यों को धरातल पर मूर्तरूप मिल रहा है। इसी क्रम में नवरात्र के अवसर पर 29 सितंबर को सांगानेर क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास किया जाएगा। साथ ही, सांगानेर के क्षेत्रवासियों के साथ भविष्य के विकास कार्यों की योजना पर चर्चा भी की जाएगी। इससे पहले मुख्यमंत्री निवास पर सांगानेर क्षेत्र के लोगों ने मन की बात कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को सुना। इस अवसर पर नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, उप महापौर पुनीत कर्णावट सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं आमजन उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय अमृता हाट को मिल रहा आमजन का समर्थन

### 175 स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं तथा उद्यमी महिलाएं ले रहीं भाग

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** राज्य स्तरीय अमृता हाट का आयोजन 21 से 30 सितम्बर तक जवाहर कला केंद्र, दक्षिण परिसर, जयपुर में किया जा रहा है। महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) और उद्यमी महिलाओं द्वारा निर्मित हस्तकला और मूल्य संवर्धित उत्पादों की प्रदर्शनी व बिक्री के इस आयोजन में हस्तकला प्रेमियों का हुजूम उमड़ रहा है।




महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश डोगीवाल ने बताया कि इस वर्ष अमृता हाट में 175 स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं और उद्यमी महिलाओं के साथ-साथ रूडा, उद्योग, ट्राइबल जैसे विभागों की महिलाओं ने भी स्टॉल लगाए हैं। उन्होंने बताया कि हाट को अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है। विगत एक सप्ताह में हजारों विजिटर्स ने हाट का अवलोकन किया और 70 लाख रुपए से अधिक की बिक्री दर्ज की गई, जिससे विक्रेताओं में उत्साह की लहर है।

डॉ. डोगीवाल ने बताया कि अमृता हाट में प्रतिदिन सायंकाल सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है, जो आगंतुकों को राजस्थान की समृद्ध कला और संस्कृति की झलक प्रदान कर रहे हैं। यह आयोजन न केवल महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि हस्तकला और स्थानीय उत्पादों को भी प्रोत्साहन दे रहा है।

MARUTI SUZUKI ARENA

त्योहारों की ख़ुशी
अब हुई और बड़ी

GST लाभ और सीमित अवधि फैस्टिव ऑफ़र्स के साथ
30 सितंबर, 2025 तक मान्य

| MODEL | S-PRESSO | ALTO K10 | CELERIO | WAGONR | SWIFT | DZIRE | BREZZA | ERTIGA | EECO |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| REDUCTION IN PRICE^ (₹) UP TO | 129 600 | 107 600 | 94 100 | 79 600 | 84 600 | 87 700 | 112 700 | 46 400 | 68 000 |
| NOW STARTING AT^ (₹) | 349 900 | 369 900 | 469 900 | 498 900 | 578 900 | 625 600 | 825 900 | 880 000 | 518 100 |
| ADDITIONAL FESTIVE OFFERS* (₹) UP TO | 60 000 | 70 000 | 65 000 | 75 000 | 70 000 | 5 000 | 56 000 | 7 500 | 45 000 |

BOOK NOW
UP TO 100% PROCESSING FEE WAIVER ON CAR FINANCE#




ARENA SAFETY SHIELD
SCAN TO CONNECT TO SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM
Contact us at 1800-102-1800

T&C available at dealership. Features/accessories vary by variant. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. *Offers / Prices differ by variant/model/location/city and may change or end without notice. Includes consumer, exchange, and institutional/rural offers (where applicable) on select models. Offer values shown are maximums. Prices subject to GST rates as notified by the Government. ^Reductions and starting prices vary by variant. #Valid with select financiers, for personal-use vehicles only.

स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25